CMYK

सूर्योदय : 6:35
सूर्यास्त : 6:03
अधिकतम तापमान : 28.0
न्यूनतम : 14.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-275 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शुक्रवार, 15 मार्च 2024
04 रमजान, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com






04 रमजान, 15.03.2024

सुन्नी हज़रात

| सेहरी | इफ्तार |
|---|---|
| 04:52 | 06:16 |

शिया हज़रात

| सेहरी | इफ्तार |
|---|---|
| 04:46 | 06:27 |

**उमरा, ज़ियारत**
उमरा और ईरान-ईराक़, शाम की जियारत के लिये संपर्क करें
**अलजवाद टूर्स एण्ड ट्रेवेल्स**
लखनऊ
**मौलाना सलीम अब्बास ज़ैदी**
मो. 9897328277
7905439594

## युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं: मुख्यमंत्री योगी

**उत्साह**

- **सीएम योगी ने वितरित किए नियुक्ति पत्र**
- **सरकार ईमानदारी से काम करती है तो परसेप्शन बदलता है**



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पेपर लीक मामले पर कहा कि जिन लोगों ने भी परीक्षा की शुचिता में सेंध लगाई है उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। उनके खिलाफ कार्रवाई हो रही है। वो कहीं भी हों हम उन्हें ढूंढ निकालेंगे। उन्होंने कहा कि युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों का भविष्य बर्बाद कर देंगे। ऐसे लोगों पर छापे मारे जा रहे हैं। प्रॉपर्टी सील हो रही है। मुख्यमंत्री योगी बृहस्पतिवार को लोक सेवा आयोग के अंतर्गत चयनित 39 एसडीएम, 41 पुलिस अधीक्षकों और 16 कोषाधिकारियों व लेखाधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित करने के बाद संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार ईमानदारी से काम करती है तो परसेप्शन बदलता है। पहले भी लोग वही थे लेकिन मशीनरी को संदेह के दायरे में रखा गया था। आज मशीनरी वही है, लोग वही हैं, बस काम का तरीका बदला है। उन्होंने युवा अफसरों से कहा कि आपके पास जनता की दुआ लेने और बद्दुआ लेने का मौका होता है। ये आपको तय करना है की 35 साल क्या लेना है। बद्दुआ लेने वालों की बड़ी दुर्गति होती है। उन्हें कोई पूछता नहीं है। सचिवालय में भटकते मिलते हैं। जो बोया है वही काटा जाता है। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि उत्तर प्रदेश बदल रहा है। यह प्रदेश की नई तस्वीर है।

**पीएम मोदी ने दो नए मेट्रो कॉरिडोर्स का किया शिलान्यास**

## मोदी की गारंटी पर बैंकों से मिलेगा सस्ता लोन: मोदी

**तोहफा**

- **रेहड़ी-पटरी वालों की सुध नहीं लेती थी पिछली सरकारें: पीएम**
- **मैं खुद गरीबी से निकलकर आया हूं**




**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में कार्यक्रम के दौरान दिल्ली मेट्रो के चरण 4 के दो अतिरिक्त कॉरिडोर की आधारशिला रखी। इसके साथ ही एक लाख स्ट्रीट वेंडर्स को पीएम स्वनिधि योजना के तहत ऋण वितरित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह पीएम स्वनिधि महोत्सव उन लोगों को समर्पित है जिनके बिना हम अपने दैनिक जीवन की कल्पना नहीं कर सकते। कोरोना के समय में हर किसी को एहसास हुआ कि रेहड़ी-पटरी वालों की ताकत क्या होती है। रेहड़ी-पटरी वाले साथियों के ठेले, दुकान भले छोटे हों, लेकिन इनके सपने बड़े होते हैं। पहले की सरकारों ने इन साथियों की सुध तक नहीं ली, इनको अपमान सहना पड़ता था, ठोकरें खाने के लिए मजबूर होना पड़ता था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा- पीएम स्वनिधि योजना मोदी की ऐसी ही गारंटी है जो आज रेहड़ी-पटरी, ठेले और ऐसे छोटे-छोटे काम करने वाले लाखों परिवारों का संबल बनी है। मोदी ने तय किया कि इनको बैंकों से सस्ता ऋण मिले और मोदी की गारंटी पर लोन मिले। ताकि उन्हें अपना रोजगार बढ़ाने और परिवार चलाने में किसी प्रकार की दिक्कत का सामना नहीं करना पड़े। फुटपाथ पर सामान बेचते हुए पैसों की जरूरत पड़ जाती थी, तो मजबूरी में महंगे ब्याज पर पैसा लेना पड़ता था। बैंक से इनको लोन ही नहीं मिलता था। प्रधानमंत्री ने कहा कि अभी तक देश के 62 लाख लाभार्थियों को लगभग 11 हजार करोड़ रुपए मिल चुके हैं और अब तक का मेरा अनुभव है कि समय पर वो पैसे भी लौटाते हैं।

## सस्ता हुआ पेट्रोल-डीजल

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव से पहले केंद्र की भाजपा सरकार ने एक और बड़ा फैसला किया है। सरकार ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में दो रुपये प्रति लीटर की कमी करने का फैसला किया है। नई दरें कल सुबह यानी 15 मार्च सुबह छह बजे से लागू होंगी। राष्ट्रीय राजधानी में पेट्रोल की कीमत अब 94.72 रुपये प्रति लीटर होगी, जो फिलहाल 96.72 रुपये प्रति लीटर है। ऐसे ही डीजल 87.62 रुपये में मिलेगा, जो अभी 89.62 रुपये प्रति लीटर है। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने ट्वीट किया कि पेट्रोल और डीजल के दाम 2 रुपये कम करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर साबित कर दिया कि करोड़ों भारतीयों के अपने परिवार का हित और सुविधा सदैव उनका लक्ष्य है। केंद्रीय मंत्री ने महाकवि रामधारी सिंह दिनकर की कविता के जरिए पीएम मोदी की सराहना की।

## वन नेशन-वन इलेक्शन पर कोविंद कमेटी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंपी रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** एक देश एक चुनाव को लेकर पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के नेतृत्व में बनाए गए उच्च स्तरीय पैनल ने अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंप दी है। इस बीच, पूरे देश में एक साथ लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनाव कराने को लेकर सिफारिशी रिपोर्ट तैयार करने से जुड़ी एक बड़ी और महत्वपूर्ण जानकारी सामने आई है। पैनल ने बताया है कि इन सिफारिशों से पहले उन्होंने सात देशों की चुनाव प्रक्रिया का अध्ययन किया था। इन देशों में दक्षिण अफ्रीका, स्वीडन, बेल्जियम, जर्मनी, जापान, इंडोनेशिया और फिलीपींस शामिल हैं। पूर्व राष्ट्रपति कोविंद की अध्यक्षता वाले पैनल ने बताया कि इसका उद्देश्य चुनावों में निष्पक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सर्वोत्तम अंतर्राष्ट्रीय विधियों और प्रथाओं का अध्ययन करना और उन्हें अपनाना था। पैनल ने बताया कि दक्षिण अफ्रीका में नेशनल असेंबली और प्रांतीय विधानमंडल दोनों के लिए एक साथ मतदान होता है। हालांकि, नगरपालिका चुनाव पांच साल के चक्र में प्रांतीय चुनाव से अलग होते हैं। इस साल 29 मई को दक्षिण अफ्रीका में आम चुनाव होंगे। इस दौरान मतदाता नई राष्ट्रीय असेंबली और प्रांतीय विधानमंडल के लिए मतदान करेंगे।

## चुनाव आयोग को मिले दो नए आयुक्त



**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग में दो चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति हो गई है। इसके लिए गुरुवार को प्रधानमंत्री के आधिकारिक निवास पर एक बैठक हुई। बैठक में प्रधानमंत्री के अलावा केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी भी शामिल हुए।

पूर्व चुनाव आयुक्त अनूप चंद्र पांडेय के सेवानिवृत्त होने और अरुण गोयल के बीते दिनों इस्तीफे की वजह से चुनाव आयोग में दो चुनाव आयुक्तों के पद खाली थे। ज्ञानेश कुमार 1988 बैच के केरल-कैडर के आईएएस अधिकारी रहे हैं। उनका जन्म 1964 में उत्तर प्रदेश में हुआ था। मई 2016 में ज्ञानेश को गृह मंत्रालय में संयुक्त सचिव बनाया गया था। वहीं मई 2022 में ज्ञानेश कुमार को सहकारिता मंत्रालय का नया सचिव नियुक्त किया था। उस वक्त ज्ञानेश संसदीय कार्य मंत्रालय के सचिव का प्रभार संभाल रहे थे। उन्होंने सहकारिता मंत्रालय सचिव के साथ-साथ संसदीय कार्य मंत्रालय के सचिव पद का अतिरिक्त प्रभार भी संभाला था। ज्ञानेश कुमार के गृह मंत्रालय में नियुक्ति के दौरान ही अनुच्छेद-370 हटा था। उत्तराखंड के मुख्य सचिव रहे सुखबीर सिंह संधू भी नए चुनाव आयुक्त बनाए गए हैं। डॉ. सुखबीर सिंह संधू 1988 बैच उत्तराखंड काडर के आईएएस अधिकारी हैं। संधू मूल रूप से उत्तराखंड कैडर के अफसर हैं।



# स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के अन्तर्गत विद्यार्थियों को निःशुल्क स्मार्टफोन किये गये वितरित



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** युवराज दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के अन्तर्गत विद्यार्थियों को निःशुल्क स्मार्टफोन वितरित किये गये। कार्यकम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी जी के द्वारा दीप प्रज्ज्वलन तथा माँ सरस्वती, स्वामी विवेकानन्द व महाविद्यालय संस्थापक राजा युवराज दत्त सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। बी.एड. विभाग की साक्षी अवस्थी, सौम्या वर्मा, मधु प्रजापति तथा आदर्श गोस्वामी ने सरस्वती वंदना व महाविद्यालय कुलगीत की सुमधुर प्रस्तुति दी मुख्य अतिथि ने कहा कि विकसित भारत में युवाओं की बड़ी भूमिका है। अतः युवाओं की तकनीकी रूप से सक्षम एवं सशक्त होना आवश्यक है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए सरकार ने युवा सशक्तिकरण योजना का सूत्रपात किया है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रदान की प्राचार्य ने समस्त अतिथियों का महाविद्यालय में स्वागत करने के उपरान्त बताया कि विकसित भारत की संकल्पना के लिए युवाओं का तकनीकी रूप से सशक्त होना आवश्यक है। इस कार्यक्रम में सहयोग कर रहे समस्त शिक्षकों एवं कर्मचारियों के प्रयास की सराहना भी की प्रो. नीलम त्रिवेदी ने मंच संचालन की भूमिका निभायी। स्मार्टफोन का वितरण नोडल अधिकारी डॉ. इष्ट विभु व प्राचार्य प्रो. हेमन्त पाल के कुशल निर्देशन में हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## रक्तदान शिविर का किया आयोजन

**मोहम्मदी-खीरी।** क्षेत्र के एक पैलेस में सरदार रेशम सिंह पब्लिक वेलफेयर सोसाइटी रेहरिया एवं लाइंस क्लब गोला ने सरदार जी पैलेस पिपरिया धनी में रक्तदान शिविर का किया आयोजन रक्तदान शिविर का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक दर्जा प्राप्त मंत्री लोकेंद्र प्रताप सिंह ने किया। शिविर में कल 55 रजिस्ट्रेशन हुए जिसमें 42 यूनिट ब्लड क्षेत्र के समाजसेवियों ने रक्तदान किया। सरदार रेशम सिंह पब्लिक वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष पलविंदर सिंह ने बताया पूर्व में भी सरदार जी पैलेस में कई कार्यक्रमों का आयोजन हो चुका है।लगातार सामाजिक कार्यों में हमारी सोसाइटी कार्य कर रही है आगे भी रक्तदान सहित कई शिविर लगाए जाने का की तैयारी हम सब की चल रही है।इस मौके पर चौकी इंचार्ज सुरेश चंद्र,शाखा प्रबंधक शिवदयाल सिंह,केसरी एवं नरेंद्र सिंह,राजेश यादव, जगदीश सिंह,साहब सिंह,गुरपाल सिंह सहित लाइंस क्लब गोला की टीम मौजूद रही।

# रूद्रपुर में छप्पर में आग लगने से हुआ दर्दनाक हादसा, दो बच्चे की मौत

## प्रभावित परिवारों से मिले डीएम-एसपी, बाटा दुख दर्द

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** सदर तहसील के ग्राम रूद्रपुर में बुधवार रात्रि अग्निकांड की दुखद घटना हो गई। गुरुवार सुबह अग्निकांड से प्रभावित परिवारों से डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी गणेश प्रसाद साहा मिलने पहुंचे, जहां उन्होंने पीड़ितों से बातचीत की और सांत्वना दी। साथ ही जल्द उन्हें सहायता राशि दिलवाने का आश्वासन किया। इस दौरान एसडीएम श्रद्धा सिंह मौजूद रही।डीएम-एसपी ने पीड़ित परिवारों से भेंट कर इस घटना में दो बच्चों की मौत पर दुख जताते हुए उनके परिजनों का ढाढस बनाया। डीएम ने पीड़ित परिवारों को आश्वस्त किया कि उन्हें जिला प्रशासन की ओर से हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। इस दौरान डीएम ने उन्हें राशन सामग्री सहित त्रिपाल, कंबल प्रदान किए।एसडीएम सदर श्रद्धा सिंह ने बताया कि ग्राम रूद्रपुर में रामपाल के घर जो छप्पर का बना था में आग लगने से छह घर /छप्पर जल गए, जिसमें अंकित पुत्र रामपाल की मृत्यु मौके पर हो गई अंजली पुत्री रामपाल की मृत्यु इलाज के दौरान हुई है। रामपाल पुत्र चंद्रिका का इलाज लखनऊ में चल रहा है। वही यशोमती पत्नी रामपाल व अमित पुत्र रामपाल प्राथमिक उपचार कराकर घर आ गये है। बताते चलें कि प्रभावित परिवारों को नियमानुसार सहायता प्रदान की जा रही है। साथ ही साथ अग्नि पीड़ितों को निरन्तर भोजन एवं रोजमर्रा की वस्तुओं की आपूर्ति हेतु सहयोग तहसील प्रशासन की ओर से किया जा रहा है। प्रभावित परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने के लिए कार्यवाही शुरू कर दी गई है।



**लखीमपुर खीरी।** बुधवार रात सोते समय अचानक झोपड़ी में आग लगने से पिता और दो बच्चे गंभीर रूप से जल गए। इनमें दोनों बच्चो की मौत हो गई। जबकि लखनऊ मे भर्ती पिता की हालत बेहद नाजुक बनी हुई है। अग्निकांड में आसपास के पांच अन्य झोपड़ियां भी जल गईं। इसमें कपड़े, बर्तन, नकदी आदि ग्रहस्थी का सामान जल गया डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी गणेश साहा, एसडीएम सदर श्रद्धा सिंह, तहसीलदार सुशील प्रताप ने मौके पर पहुंच कर हादसे के बारे में जानकारी की। पीड़ित परिवारों के लिए भोजन आदि का प्रबंध कराने के निर्देश दिए। आग लगने का कारण पता नहीं चल पाया है खीरी थाना क्षेत्र के गांव रूद्रपुर खुर्द निवासी रामपाल छप्पर झोपड़ी में रहते हैं। बुधवार की रात वह अपने परिवार के साथ घर में सो रहा थे। देर रात करीब डेढ़ बजे उनके घर में अचानक आग लग गई। परिजन कुछ समझ पाते उससे पहले आग ने विकराल रूप ले लिया। जलता छप्पर रामपाल के नौ वर्षीय पुत्र अंकित पर गिर गया। इससे उसकी मौके पर जलकर मौत हो गई बेटी अंजली ( 15 ) ने जिला अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया जबकि रामपाल ( 45 ) गंभीर रूप से झुलस गए। उन्हें इलाज के लिए लखनऊ भेजा गया। जहां हालत नाजुक बनी हुई है। हादसे में रामपाल की पत्नी भी झुलस गई। उनका इलाज किया गया है।

# स्पोर्ट स्टेडियम में सिंथेटिक ट्रेक में दरार पड़ने पर खिलाड़ियों में रोष पनपा

## मण्डलायुक्त को ज्ञापन सौंपकर निर्माण कार्य की जांच कराने की मांग की

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर स्पोर्ट स्टेडियम में



नवनिर्मित सिंथेटिक ट्रेक में दरार पड़ने से आक्रोशित खिलाड़ियों ने मण्डलायुक्त को ज्ञापन सौंपकर सिंथेटिक ट्रेक के निर्माण में बरती गयी धांधली की जांच कराकर दोषियों के खिलाफकार्रवाई किए जाने की मांग की।

डॉ.बीआर अम्बेडकर स्पोर्टस स्टेडियम में प्रेक्टिस करने वाले खिलाड़ी एकत्र होकर दिल्ली रोड स्थित मण्डलायुक्त कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने मण्डलायुक्त को सौंपे ज्ञापन में बताया कि स्पोर्टस स्टेडियम में खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन के लिए ट्रेक का निर्माण कराया गया है, जिसमें खिलाड़ियों को प्रेक्टिस के लिए बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उनका कहना था कि ट्रेक बीच-बीच में उखड़ गया है और दरारे पड़ी हुयी है। जिससे खिलाड़ी बार-बार चोटिल हो रहे है। उन्होंने सिथेंटिक ट्रेक के निर्माण मे घोटाले का आरोप लगाते हुए कहा कि इस ट्रेक के निर्माण की उच्च स्तरीय जांच कराने के साथ ही पुनः सिंथेटिक ट्रेक का निर्माण कराया जाना चाहिए। उनका कहना था कि एथलेटिक एशियन गेम में दो मैडल लाने के बावजूद सहारनपुर के स्टेडियम के सिथेंटिक ट्रेक के मामले में खिलाड़ियों के बार-बार अवगत कराने के बावजूद भी कोई ध्यान नही दिया जा रहा है। ज्ञापन सौंपने वालो में अक्षय, हिमानी, नंदिनी, कनक, दीपक, सुमित सिंह, विवेक कुमार, आयुष, अतुल कुमार, अजय, दिव्या, हिमांशु, साजिद, आदित्य राठी, गौरव, आर्यन, रवि, कृष्णा, अभिषेक, श्रवण समेत भारी संख्या में प्रेक्टिस करने वाले खिलाड़ी शामिल रहे।

## आउट सोर्सिंग सफाई कर्मचारियों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश सफाई कर्मचारी संघ के बैनर तले आउट सोर्सिंग कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों के संबंध में जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर उनका समाधान कराये जाने की मांग की।

उत्तर प्रदेश सफाई कर्मचारी संघ के बैनर तले मेडिकल कॉलेज में आउटसोर्सिंग पर कार्यरत सफाई कर्मचारी एकत्र होकर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने जिलाधिकारी को सौंपे ज्ञापन में बताया कि सहारनपुर के मौलाना महमूदुलहसन मेडिकल कॉलेज में पिछले 10 सालों से सफाई कर्मचारी के पद पर कार्यरत है। कोरोना काल में उन्होंने अपनी जान पर खेल कर लोगों की सेवा की है। इसके बावजूद भी सरकार ने उनके बारे में कुछ नहीं सोचा है। वह पिछले लंबे समय से समान कार्य समाज वेतन की मांग करते आ रहे है। उन्होंने बताया की उन्हें सिर्फ 333 रूपये प्रतिदिन मिलते है।

# सशक्तिकरण विचार गोष्ठी में विभिन्न क्षेत्रो की महिलाओं का सम्मान

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** ज्ञानदीप समाज कल्याण युवा संस्था द्वारा महिला सशक्तिकरण पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं को शक्तिशाली व्यक्तित्व विकास, स्वाबलम्बी बनने को प्रेरित किया गया। इस अवसर पर संस्थां संस्थापक महासचिव वेदप्रकाश पोपली के जन्मदिन पर सभी ने बधाई देते हुए उनके दीर्घायु होने की कामना की। न्यू आवास विकास कालोनी स्थित श्रीहरि मंदिर परिसर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विशम्बर नाथ बजाज व श्रीमती प्रवीन मोंगा, संस्था संरक्षक भारत भूषण, कार्यकारी अध्यक्ष अशोक पोसवाल, चेरमैन दलजीत सिंह कोचर, मंदिर समिति सचिव हरीश चावला एवं प्रधानाचार्या संजय गुप्ता ने सयुक्त रूप से कहा कि राष्ट्र समाज व परिवार के सशक्त निर्माण में राष्ट्रहित व समाजहित सेवा कर अपना पूर्ण योगदान प्रदान करें, जिससे की सशक्त राष्ट्र निर्माण की परिकल्पना का पूरा किया जा सकें।

इस अवसर पर संस्था सचिव गुलजारी लाल कथूरिया, समाज सेवी रश्मि, सचिव सुरेश निझावन, सचिव श्रीमती राजेश शर्मा, निर्देशक भूपेन्द मोगा, संजय रोहिला, श्रीमती अमरजीत कौर, शशी चावला आदि प्रमुख ने भी महिला सशक्तिकरण के विषय में अपने विचार रखें। कर्यक्रम में सेवा भारती की संयोजिका देवीनन्दा, डा.स्मनजीत कौर, श्रीमती मीरा गर्ग, श्रीमती मिनाक्षी जैन, एड. दीप्ती जौहरी, रंगकर्मी विवेक शर्मा को समाज कल्याण रत्न से सम्मानित किया गया। इस दौरान डा.अमरजीत पोपली ने कहा कि हमारी प्रचीन संस्कृती में महिलाओ को उच्च स्थान देकर सम्मान दिया गया है। अध्यक्षता संस्था अध्यक्ष अधिवक्ता अल्पना तलावार एवं श्रीमती राजेश शर्मा व वेदप्रकाश पोपली ने संयुक्त रूप से संचालन किया।

## आज आएंगी कमिश्नर, करेंगी जनता दर्शन 11 से 01 बजे के बीच कलेक्ट्रेट में होगी जनसुनवाई, मौजूद रहेंगे जनपदीय अफसर

**लखीमपुर खीरी।** 14 जनपद में आम जनमानस की मूलभूत सुविधाओं से जुड़े मामलों का गुणवत्तापूर्वक प्रभावशाली ढंग से निराकरण, अनुश्रवण एवं समन्वय के लिए आयुक्त, लखनऊ मंडल डॉ रोशन जैकब 15 मार्च को प्रातः 11 बजे से लेकर अपरान्ह 01 बजे के मध्य कलेक्ट्रेट सभागार में जनता दर्शन कर जनता की समस्याओं को सुनेगी। आयुक्त के जनता दर्शन में आमजन की दैनिक जीवन से जुड़ी विभिन्न समस्याएं यथा बिजली, पानी, सड़क, प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री आवास, जल निकासी, दैवी आपदा, वरासत, सार्वजनिक भूमि पर अनधिकृत कब्जा, भूमि विवाद, विभिन्न प्रकार की पेंशन, सार्वजनिक वितरण प्रणाली से मिलने वाले राशन आदि के मामलो की सुनवाई की जाएगी। इस दिवस का आयोजन प्रभावी ढंग से एवं उच्च कोटि की संवेदनशीलता के साथ आम जनमानस की मूलभूत समस्याओं के सफल समाधान के दृष्टिगत किया जाएगा। इस आयोजन में जिलाधिकारी, जनपद के सभी संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ स्वंय मौजूद रहेंगे।

## चकबंदी ऑफिस समय से ना खुलने से लोगों में रोष

**महराजगंज, रायबरेली।** किसानों और अधिवक्ताओ की मांग पर जिलाधिकारी ने चकबंदी अधिकारियों को महराजगंज तहसील में कार्यालय के लिए भवन उपलब्ध करा कर कार्यालय खोलने का आदेश तो दे दिया किंतु चकबंदी अधिकारियों के मनमाने रवैया के चलते कार्यालय में 11:00 बजे के बाद भी ताला लटकता रहता है। जहां एक ओर प्रदेश सरकार फरियादियों की समस्याओं के निस्तारण के लिए जनता दर्शन तहसील दिवस थाना और ब्लाक दिवस जैसे कार्यक्रम निर्धारित कर उनकी समस्यायों के तुरत निस्तारण की व्यवस्था किए है तो वही महराजगंज तहसील के चकबंदी अधिकारियो की नजर इस तरह के आदेश कोई माने नही रखते। ये पूरी तरह से सरकार को बदनाम करने में कोई कसर नही छोड़ रहे है। बीते कई सालो से चकबंदी कार्यालय हरचंदपुर में चल रहा था ।जिससे किसानों व अधिवक्ताओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था।वही किसानों व अधिवक्ताओं की मांग पर जिलाधिकारी के आदेश के बाद महराजगंज तहसील परिसर में चकबंदी कार्यालय खोला गया है। फिर भी चकबंदी अधिकारियों का रवैया आज भी वैसा ही है। तहसील परिसर में बना चकबंदी कार्यालय यदा कदा ही खुलता है। जिससे फरियादी परेशान हो रहे हैं।वही उपजिलाधिकारी राजित राम गुप्ता ने बताया कि जांच कराकर कार्यवाही की जायेगी।

## सपा विधायक राहुल लोधी ने पीड़ित परिवार की आर्थिक मदद



**खीरो(रायबरेली)।** 10 मार्च को थाना क्षेत्र के नुनैरा गांव निवासी कृपा शंकर उम्र 38 पुत्र गंगाराम गोसाईगंज लखनऊ स्थित ईंट भट्ठे में संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या क र ली। मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने रविवार को पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया। गम में डूबे परिवारीजनों ने जिसके बाद परिजनों ने 11 मार्च को कृपाशंकर का अंतिम संस्कार कर दिया। 12 मार्च तीन दिनों से भूखे परेशान परिवार को शाम चार बजे हरचंदपुर के लोकप्रिय विधायक राहुल लोधी ने दुखी परिवार के दुख मे शामिल होकर ढांढस बधाया । साथ ही विधायक ने अर्थिक मदत करते हुये कैंसर पीड़ित कृपा शंकर की पत्नी का मुख्यमंत्री राहत कोष से उपचार हेतु सहायता दिलाने का आश्वासन दिया विधायक ने बच्चों कों दुलारते हुये कहा कि मै विधायक रहूँ या ना रहू इन बच्चों की पढ़ाई लिखाई में भी कोई रुकाऊट नही आने पायेगीद्ध विधायक की इस सहानुभूति के लिये उपस्थित ग्रामीणों ने उनकी सरहना की और कहा कि हम लोग भाग्यशाली हैं कि ऐसा विधायक हमें मिला जो हमेशा हमारे सुख-दुख में साथ खड़ा रहे।

## सीएम योगी का विपक्षियों पर प्रहार, बोले- आपके वोट को आपके खिलाफ प्रयोग करते थे

# विकास के लिए मुझसे झगड़ते हैं गोंडा के जनप्रतिनिधिः सीएम

*अवधनामा संवाददाता*



**गोण्डा।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आपके एक वोट ने देश की तकदीर को बदल दिया। पहले आप जिन लोगों को वोट देते थे, उन्हें राम के नाम से भय होता था। राम का नाम लेने में संकोच होता था। आपका पर्व-त्योहार आता था तो वे कर्फ्यू लगा देते थे। अराजकता फैलाते थे, आस्था पर प्रहार करते थे। आपके वोट को आपके खिलाफ प्रयोग करते थे। सुरक्षा व नौजवानों के रोजगार में सेंध लगाते थे। किसानों की खुशहाली को रौंदते थे और व्यापारियों के यहां डकैती डलवाते थे पर आज बेटी और व्यापारी सुरक्षित है। डबल इंजन की सरकार है तो आस्था का सम्मान है। आज सुबह ही लखनऊ में 100 नौजवानों को नियुक्ति पत्र दिया है। यूपी के नौजवान नियुक्ति पत्र प्राप्त कर अग्रणी सेवा में जा रहे हैं, क्योंकि सरकार संवेदनशील तरीके से उनके विकास के लिए कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री ने गोंडा के शहीद-ए-आजम सरदार भगत सिंह थॉमसन इंटर कॉलेज ग्राउंड में 1689.46 करोड़ की 422 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास किया। साथ ही स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय का उद्घाटन किया और देवी बख्श सिंह के नाम पर मेडिकल कॉलेज का नाम करने की घोषणा की। सीएम ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को चाबी, चेक, प्रमाण पत्र आदि वितरित किया।

**आज सबके मुंह से जयश्रीराम निकलता है**

सीएम ने कहा कि पूरा गोंडा अयोध्या दर्शन करने चला गया है। पैदल भी चुपचाप चले गए होंगे, आपको कौन रोकने वाला है। बीच में सरयू मैया हैं। इस पार से उस पार चले गए तो कोई पूछेगा भी नहीं। अयोध्या में रामलला के विराजमान होने का सर्वाधिक लाभ गोंडा को मिल रहा है, सारा विकास इधर आ रहा है। अच्छी सरकारें आती हैं तो गरीबों का कल्याण होता है। विकास और आस्था को ऐसे ही सम्मान होता था। राम मंदिर लोगों के लिए सपना था। कभी राम के नाम पर डंडे बरसते थे और गोलियां चलती थीं पर आज सबके मुंह से जयश्रीराम की बोली निकलती है। आज रामभक्तों पर गोली नहीं, पुष्पवर्षा हो रही है। 22 जनवरी को श्रीरामलला विराजमान कार्यक्रम को पीएम बढ़ाकर पांच सदी का इंतजार समाप्त कर रहे थे तब हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा हो रही थी।

**देश बदल चुका है, हम नए भारत में रह रहे हैं**

सीएम ने कहा कि हमारा देश बदल चुका है। हम नए भारत में रह रहे हैं, जिसने दुनिया में 140 करोड़ भारतवासियों का गौरव बढ़ाया है। आतंकवाद, नक्सलवाद समाप्त हो गया। देश सुरक्षा व समृद्धि के नित नए प्रतिमान को गढ़ता हुआ आगे बढ़ रहा है। मोदी जी को तीसरा कार्यकाल दीजिए, भारत उनके नेतृत्व में तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। प्रधानमंत्री जी भी कहते हैं कि हमारा संकल्प विकसित भारत होना चाहिए। विकसित भारत के लिए विकसित उप्र और विकसित उप्र के लिए विकसित गोंडा भी आवश्यक है।

# अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़, हिस्ट्रीशीटर समेत चार बदमाश दबोचे

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** थाना नकुड़ पुलिस ने एक हिस्ट्रीशीटर समेत चार शातिर बदमाशों को अवैध शस्त्रों के साथ गिरफ्तार कर किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे व निशानदेही पर भट्टे में संचालित अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुए भारी मात्रा में अवैध शस्त्र व शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद किये है। पुलिस लाईन के सभागार में पत्रकारो के समक्ष घटना का खुलासा करते हुए पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सागर जैन ने बताया कि नकुड़ कोतवाली पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक अमरपाल शर्मा व उपनिरीक्षक नरेन्द्र भडाना के नेतृत्व में चैकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर गंगोह तिराहे से तीन बदमाशों मुकुल पुत्र कंवरपाल निवासी आसराखेड़ी थाना नकुड़, कृष्ण पाल पुत्र पुष्पेन्द्र उत्तम, उत्तम पुत्र सुधीर निवासीगण चन्द्रपाल खेड़ी थाना नकुड़ को दबोचकर उनके कब्जे से एक तमंचा 315 बोर, एक जिंदा व 30 खोखे कारतूस बरामद कर लिये। दबोचे गये बदमाशो से पूछताछ के बाद पुलिस ने आज आसाखेड़ी के जंगल में भोपाल के बंद पड़े भट्टे से मुर्तजा पुत्र शफीक उर्फभूरा निवासी रसूलपुर थाना नकुड़ को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मौके से तीन देशी बंदूक 12 बोर, दो देशी बंदूक 315 बोर, पांच तमंचे 12 बोर, 6 तमंचे अर्द्धनिर्मित तथा भारी मात्रा में कारतूस अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद कर लिये। एसपी देहात श्री जैन ने बताया कि दबोचे गये बदमाश शातिर किस्म के अपराधी है, जो पूर्व में भी जेल जा चुके है। उन्होंने बताया कि दबोचा गया मुर्तजा थाना नकुड़ का प्रचलित हिस्ट्रीशीटर अपराधी है। पूछताछ के दौरान दबोचे गये आरोपियों मुकुल, कृष्ण पाल व उत्तम ने बताया कि उनके कब्जे से बरामद तमंचा उन्हें आयुष, आशीष व सेठी ने बेचने के लिए दिया था।

# समिति अध्यक्ष अर्चित अग्रवाल ने रक्तदान कर बचायी मासूम बालिका की जिंदगी



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** नवप्रयास जागृति उत्थान सेवा समिति के संस्थापक अध्यक्ष अर्चित अग्रवाल ने रक्तदान करके एक मासूम लड़की की जिंदगी बचाने का काम किया। अर्चित अग्रवाल के इस कार्य की सर्वत्र सराहना की जा रही है।

गौरतलब है कि सेठ बलदेव दास बाजोरिया जिला चिकित्सालय में फेजिया नाम की एक लडकी को उपचार के लिए भर्ती कराया गया था, जिसे रक्त की आवश्यकता थी, जब यह जानकारी नवप्रयास जागृति उत्थान सेवा समिति के संस्थापक अध्यक्ष अर्चित अग्रवाल को मिली, तो वह स्वयं जिला चिकित्सालय पहुंचे और परिजनों से मुलाकात कर हर संभव मदद का आश्वासन देते हुए रक्तदान किया। अर्चित अग्रवाल ने बताया कि आज उन्होंने दूसरी बार रक्तदान किया है। रक्तदान करने से बीमारियों से बचाव होता है, वहीं दूसरी ओर अनेक जिंदगी बचायी जा सकती है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि हमें समय-समय पर रक्तदान करते रहना चाहिए। उन्होंने बताया कि हमारे द्वारा रक्तदान करके अभी तक अनेक लोगों की जिंदगी बचायी जा चुकी है। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही रक्तदान शिविर भी लगने जा रहा है। अर्चित अग्रवाल के इस कदम से अन्य संस्था के लोगों ने भी उनको साधुवाद दिया है।

## सड़क दुर्घटना में दो की मौत एक घायल

**नवाबगंज (गोंडा)।** क्षेत्र के दो अलग अलग दुर्घटनाओ में दो मोटर साईकिल सवारो की मौत हो गयी। जबकि एक साईकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया।

बुधवार की रात करीब सवा आठ बजे ग्राम नकाहरा मजरा पूरे बरई निवासी श्रवण ( 36 ) नवाबगंज से अपने घर जा रहा था। ढेमवा मार्ग पर चौखड़िया के पास साईकिल सवार बुजुर्ग किशोरी को टक्कर मार दिया। तथा सड़क पर बाइक सहित गिर गया। हेलमेट न होने के कारण सर में आयी चोट से मौके पर मौत हो गयी। वहीं साईकिल सवार घायल बुजुर्ग का इलाज अयोध्या मेडिकल कालेज में चल रहा है। मृतक श्रवण चार भाइयों में सबसे बड़ा था। घर में पत्नी व दो बेटियां हैं। दूसरी घटना दुल्लापर रेलवे क्रासिंग के पास की है। ब्रह्मचारी पुरवा वजीरगंज निवासी किशन दूबे देर रात घर आ रहा था कि अंधा मोड़ होने के नाते सड़क किनारे लगे पोल से टकरा गया। हेलमेट टूटने से सर में चोट आयी। सीएचसी नवाबगंज लाने पर चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।

# अयोध्या सडक मार्ग पर आवागमन को लेकर स्थानीय चौपहीया वाहनो के मालिकों को सुविधा पर चर्चा की गई

*अवधनामा संवाददाता*

**नवाबगंज गोंडा।** सरयूघाट चौकी पर स्थानीय प्रधान और जनप्रतिनिधियों साथ एक बैठक गुरुवार को हुआ इस बैठक मे कटरा तिराहे से अयोध्या सडक मार्ग पर आवागमन को लेकर स्थानीय चौपहीया वाहनो के मालिकों को सुविधा पर चर्चा की गई इस बैठक मे युवा प्रधान प्रतिनिधि कटराभोगचंद सुभाष यादव के प्रस्ताव पर सभी ने एक सुर से सहभति जताई सरयूघाट चौकी इंचार्ज संजीव सिंह ने हर संभव मदद का भरोसा दिलाया है। जैसा कि मालूम है कि कटरा शिव दयालगंज तिराहे से अयोध्या के पुराने पुल की तरफ आने जाने वाले लोगों को आये दिन अयोध्या मे लगने वालेभीड के चलते स्थानीय लोगों को समस्याओं का सामना करना पड रहा है इन समस्याओं केबाबत कटराभोगचंद गांव प्रधान प्रतिनिधि सुभाष यादव कीपहल पर सरयूघाट चौकी पर गुरुवार को एक बैठक का आयोजन चौकी इंचार्ज संजीव सिंह व स्थानीय समाजसेवियों और जनप्रतिनिधियों की किया गया इस बैठक दौरान कटराभोगचंद प्रधान प्रतिनिधि सुभाष यादव ने कहा कि स्थानीय लोगों को अयोध्या पुराने पुल की तरफ जाने वाले गांव और स्थानो पर अपने चौपहीया वाहनो के आवागमन मे काफी समस्या होती है इसके लिए स्थानीय समाधान को लेकर गांव के लोग जनप्रतिनिधियों तक से सिफारिश करते है शादी विवाह सहित अन्य मांगलिक कार्यक्रम में गाड़ियों का आने जाने मे समस्या ना हो इसके लिए स्थाई समाधान बने इस बात पर स्थानीय फत्तेपुर गांव के प्रधान प्रतिनिधि महादेव सागर दुर्गा गंज प्रधान राधेश्याम उर्फ रग्घू यादव आदि ने भी अपने विचार रखे अंत मे सुभाष यादव द्वारा स्थानीय गाडियों के आवागमन की आवागमन के लिए लिस्ट बनाकर चौकी पर दिया जाए और उन गाड़ियों के हर समय आवागमन मे कोई रुकावट ना आये सभी ने इस बात का समर्थन किया तो चौकी इंचार्ज सरयूघाट ने हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस बैठक बाबत सरयूघाट चौकी इंचार्ज संजीव सिंह ने कहा कि स्थानीय वाहन जो अयोध्या पुराने पुल के तरफ आवागमन हो उनकी लिस्ट आप सब दे उसका थानाध्यक्ष के माध्यम से बात कर स्थानीय लोगों के आवागमन की व्यवस्था कराया जाएगा सभी जनप्रतिनिधियों ने भी सहमति जताई है। बैठक मे प्रधान प्रतिनिधि फत्तेपुर महादेव सागर प्रधान दुर्गागंज राधेश्याम उर्फ रग्घू यादव महेशपुर प्रधान प्रतिनिधि विष्णु कुमार यदुनंदन यादव रामकरन यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# भारती जनता पार्टी युवा मोर्चा सतांव का ब्लॉक अध्यक्ष शिवम मिश्रा को बनाया गया

*अवधनामा संवाददाता*



**सतांव, रायबरेली।** बीती बुधवार को भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा का ब्लॉक अध्यक्ष शिवम मिश्रा को बनाया गया,जिसमें नियुक्ति के बाद सतांव ब्लॉक क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं में खुशी देखने को मिल रही है।युवा मोर्चा सतांव ब्लॉक अध्यक्ष शिवम मिश्रा ने कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए प्रदेश संगठन एवं जिला नेतृत्व भारतीय जनता युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष निखिल पाण्डेय का विशेष तौर पर आभार प्रकट करते हुए कहा कि प्रदेश संगठन एवं जिलाध्यक्ष ने हम पर भरोसा दिखाया है उसी का नतीजा है कि आज हमें युवा मोर्चा सतांव का ब्लॉक अध्यक्ष के रूप में पार्टी ने मनोनीत किया है,हम प्रदेश संगठन एवं जिलाध्यक्ष निखिल पाण्डेय युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष के भरोसे पर खरा उतरूंगा और आने वाले दिनों में लोगों के कल्याण के लिए युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष के कदम से कदम मिलाते हुए आगे बढ़ेंगे सतांव ब्लॉक युवा मोर्चा के ब्लॉक अध्यक्ष शिवम मिश्रा ने सभी ब्लॉक के लोगों को आभार व्यक्त करते हुए कहा हम सभी लोग पूरी ईमानदारी एवं निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए भारतीय जनता पार्टी के विचारों को आगे बढ़ाते हुए माननीय नरेंद्र मोदी जी और माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के हाथों को मजबूत करेंगे।सतांव ब्लॉक अध्यक्ष युवा मोर्चा शिवम मिश्रा ने कहा आने वाले 2024 लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाकर युवाओं के समृद्ध भविष्य वाला उत्तर प्रदेश बनाने हेतु संकल्पित भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा द्वारा पूरे उत्तर प्रदेश में वोट फॉर नरेंद्र मोदी, न्यू उत्तर प्रदेश अभियान चलाया जायेगा जिसमें प्रत्येक यूनिवर्सिटी, कॉलेज, छात्रावासों, प्रतियोगी छात्रों के बीच आयेंगे नरेंद्र मोदी खुशहाल उत्तर प्रदेश संवाद चलाया जायेगा।

अवधनामा



# साइट बाल का पुरानी ईट से करा दिया निर्माण, ग्रामीणों ने मीडिया को दी जानकारी

अवधनामा संवाददाता



**अमृतपुर फर्रुखाबाद।** ग्राम प्रधान व सचिव पक्के काम में पुरानी ईट का कर रहे प्रयोग जिम्मेदार अधिकारी मौन। विकास खंड राजेपुर की ग्राम पंचायत हमीरपुर सोमवंशी में श्री कृष्ण के घर से गयादीन के घर तक इंटरलॉकिंग व साइट बाउंड्री का कार्य कराया जा रहा है। ग्राम प्रधान व सचिव की मिली भगत से साइट वॉल मे पुरानी ईट का प्रयोग कराया जा रहा है। ग्रामीणों ने इस बात की जानकारी मीडिया कर्मियों को दी गई। तो मीडिया कर्मियों की टीम ने गांव में जाकर देखा तो पुरानी ईट से कार्य कराया जा रहा था। जिसका वीडीओ सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जब ईसकी जानकारी ग्राम प्रधान से ली तो उन्होंने बताया कि ईट लगी हुई थी। बढ़ का सैलाब आने से पुरानी दिखने लगी है उसे साइट वाल में लगवा दिया है। सीडीओ से कई बार संपर्क किया लेकिन बात नहीं हो सकी है। बीडीओ अतुल राठौर के पास फोन किया तो उन्होंने भी फोन रिसीव नहीं किया। अब देखना है कि पुरानी ईट का प्रयोग करने वाले प्रधानों पर किस प्रकार की कार्रवाई की जाएगी। या इसी प्रकार पुरानी ईट का प्रयोग होता रहेगा।

# मानसिक रोगियों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने की है जरूरत : डॉक्टर एके अग्रवाल



**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** मानसिक रोगियों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने की जरूरत है। उनके पुनर्वास के लिए दी रिचमंड फैलोशिप समिति लखनऊ शाखा विगत 19 वर्षों से कार्य कर रही है। समिति उत्तर प्रदेश में मानसिक रोगियों के पुनर्वास की चुनौतियों पर चर्चा के लिए कार्यशाला का आयोजन आगामी 16 मार्च को आईएमए हॉल रिवर बैंक कॉलोनी में करने जा रही है जिसमें वरिष्ठ मानसिक रोग विशेषज्ञ उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी समिति के अध्यक्ष डॉक्टर एके अग्रवाल ने आज यहां पत्रकारों को दी। डॉक्टर अग्रवाल ने बताया कि अटल बिहारी वाजपई मेडिकल यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रोफेसर संजीव मिश्रा इस करशाला में विशिष्ट अतिथि होंगे। सेक्रेटरी डॉक्टर शशि राय ने कहा कि मानसिक रोग से पीड़ित लोगों के पुनर्वासन में सरकारी मदद की भी जरूरत है। डॉक्टर प्रभात ने बताया कि बड़ों की तरह बच्चों में भी मानसिक बीमारी बढ़ रही है। कार्यशाला में इस ज्वलंत विषय पर भी चर्चा होगी। इस अवसर पर कार्यकारिणी सदस्य रमेश अग्रवाल तथा एलए माहेश्वरी भी उपस्थित रहे।

# 10 हजार रुपये रिश्वत लेते सिपाही गिरफ्तार

**गाजीपुर अवधनामा संवाददाता।** एंटी करप्शन वाराणसी की टीम ने सैदपुर



कोतवाली की भीतरी पुलिस चौकी पर तैनात कांस्टेबल विवेक यादव को 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार पुलिसकर्मी को नंदगंज थाने पर ले जाकर टीम ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। एंटी करप्शन टीम से सैदपुर के रसूलपुर गांव निवासी ओमप्रकाश राजभर ने शिकायत की थी कि पुलिसकर्मी विवेक यादव उनके निर्माणाधीन मकान का बारजा निकालने के लिए पैसे मांग रहा है। पड़ोसी की शिकायत पर सिपाही विवेक कुमार ने निर्माण रोक रखा था। पीड़ित ने बताया कि सिपाही उनसे 15 हजार की मांग कर रहा था। एंटी करप्शन के दारोगा राकेश बहादुर सिंह ने बताया कि ओमप्रकाश की शिकायत पर सिपाही विवेक यादव को 10 हजार घूस लेते धुवार्जुन यूनियन बैंक के पास से रंगेहाथ पकड़ा गया है।


# श्री रुद्र महायज्ञ के लिए निकली भव्य कलश यात्रा



**बोदरवार, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** विकासखंड कप्तानगंज के भलुही गांव के काली मंदिर परिसर से गाजे - बाजे पर थिरकते हुए श्रद्धालुओं द्वारा हाथी घोड़े के साथ विशाल कलश यात्रा निकाली जिसमें शामिल 501 कन्याओं ने यज्ञाचार्यों के मंत्रोचार के बीच साखोपार बड़ी नहर से कलश में जल भरा। गुरुवार को भलुही गांव स्थित काली मंदिर परिसर में परम्परागत श्री श्री 1008 श्री रुद्र महायज्ञ का आयोजन किया गया है । हजारों श्रद्धालुओं के साथ निकली कलश यात्रा भलुही गांव के काली मंदिर परिसर से बोदरवार, बड़हरा होते साखोपार नहर के पुल पर पहुंचा। जहां वैदिक मंत्रोंचार के बीच कन्याओं ने कलश में जल भरा। इस दौरान भक्तों के गगनभेदी जयघोष से पूरा परिक्षेत्र गूंजने लगा। जल भरने के बाद कलश यात्रा पुनःभलुही गांव में आयोजित यज्ञ स्थल पर पहुंची। यज्ञाचार्यों ने विधिविधान से कलश स्थापना के बाद यज्ञ प्रारम्भ कराया। आयोजक विनय कुमार गौतम ने बताया दिन में कथावाचकों द्वारा रामकथा का रसपान तथा रात में अयोध्या से पधारे लीला मण्डली के कलाकारों द्वारा रामलीला का मंचन किया जायेगा। यज्ञ के मुख्य यजमान विद्या पटेल, ग्राम प्रधान कमलावती देवी, प्रधान प्रतिनिधि कन्हैया, कलेश्वर प्रजापति, जितेन्द्र यादव, दिनेश, मुन्ना पटेल, सुरेन्द्र, राज किशोर, प्रमोद निषाद, हरिकेश तिवारी सहित तमाम श्रद्धालु तथा ग्रामीण कलश यात्रा में शामिल रहे।

# गेंहू की खड़ी फसल बर्बाद

**मथौली बाजार, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** मोतीचक विकास खण्ड अन्तर्गत



ग्राम रोहुआ मछरगावां में जल जीवन मिशन का पाइप लापरवाही से गिराने के कारण खेतों में गेहूँ की खड़ी फसल भारी मात्रा में दब गई है जिससे किसानों की कड़ी मेहनत और धन की बर्बादी हो रही है। उल्लेखनीय है कि ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर पेयजल आपूर्ति के लिए जल जीवन मिशन के अंतर्गत पाइप बिछाया जा रहा है। जिसमें कार्यरत कर्मचारियों व मजदूरों द्वारा लापरवाही पूर्वक ट्राला से नीचे पाइप गिराया जा रहा है जिससे दबकर खेतों में खड़ी गेहूँ की फसल बर्बाद हो रही है। इस उपेक्षापूर्ण कृत्य से पीड़ित किसान शैलेन्द्र पाण्डेय ने कहा है कि इस समय गेहूँ की फसल में बालियाँ फूट कर पकने के लिए तैयार हैं। ऐसी स्थिति में फसल का बर्बाद होना किसानों के लिए असहनीय पीड़ा का कारण बन रहा है। इस ओर सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों का ध्यान जाना और प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा दिया जाना न्यायहित में आवश्यक है।

# घुंघरू टूट गए-एक शाम पंकज उधास के नाम



**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान, उत्तर प्रदेश एवं अवधी विकास संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में एक शाम पंकज उधास के नाम - कि घुंघरू टूट गए का आयोजन स्व. पंकज उधास को विनम्र श्रद्धांजलि स्वरूप कार्यक्रम का अयोजन सीएमएस सभागार, गोमती नगर में किया गया। कार्यक्रम में डॉ हरिओम, आई.ए.एस. प्रमुख सचिव, समाज कल्याण विभाग, मिथिलेश लखनवी एवं कमाल खान द्वारा मनमोहक ग़ज़ल प्रस्तुत की गई। राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान उत्तर प्रदेश की महामंत्री डॉ सीमा गुप्ता ने बताया यह संस्थान का बहु प्रतीक्षित कार्यक्रम था, जिसे आमजन ने बहुत ही सराहा। कार्यक्रम का संचालन कर रहे राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष डॉ अखिलेश कुमार मिश्रा आई.ए.एस. के अदभुत कार्यक्रम संयोजन की भूरी भूरी प्रशंसा की गई ।इस अवसर पर संस्थान के उमेश चन्द्र, डॉ इंद्रासन सिंह इन्दु, सुधा, सुरेंद्र, डॉ रामराज भारती सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्यगण मौजूद रहे।

# आने वाले वर्षों में लखनऊ टेक्सटाइल हब बनने जा रहा है : राकेश सचान

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने ऑफिस ऑफ डेवलपमेंट कमिश्नर (माइक्रो, स्माल, एंड मीडियम एंटरप्राइजेज) एमएसएमई मंत्रालय (भारत सरकार) के सहयोग से 14 और 15 मार्च को लखनऊ के फेयरफील्ड बाय मैरिएट में राष्ट्रीय स्तर के बौद्धिक संपदा (आईपी) अधिकार कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है।

राष्ट्रीय आईपी यात्रा कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों, एमएसएमई मंत्रालय, पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के वरिष्ठ अधिकारियों और युनाइटेड ऐंड युनाइटेड के आईपीएआर विशेषज्ञ की भागीदारी कर रहे हैं। कार्यक्रम में एमएसएमई, स्टार्ट-अप क्षेत्र से और विधि और तकनीकी विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों सहित 150 से अधिक लोगों की भागीदारी रही। साथ ही पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने यूपी चैप्टर की महिला उप-समिति- वीमेन इन बिजनेस अलायंस के लॉन्च की घोषणा की। इस पहल का उद्देश्य राज्य में महिला उद्यमियों को नेटवर्किंग, मेंटरशिप और संसाधनों तक पहुंच के लिए एक मंच देकर सशक्त बनाना और उनका समर्थन करना है। उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री- एमएसएमई, खादी और ग्रामोद्योग, रेशम उत्पादन, हथकरघा, श्री राकेश सचान ने सत्र का उद्घाटन किया। उन्होंने जोर देकर इस बात का जिक्र किया कि आज प्रधानमंत्री और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के गतिशील नेतृत्व में उत्तर प्रदेश तेजी से विकास कर रहा है।

उन्होंने युवाओं को उद्यमिता की ओर प्रोत्साहित किया ताकि वे नौकरी मांगने वाले नहीं बल्कि नौकरी देने वाले बन सकें। उन्होंने राज्य की उद्यमिता, एमएसएमई और स्टार्टअप को बढ़ावा देने पर केंद्रित यूपी सरकार की विभिन्न

**यूपी तेजी से कर रहा है विकास : सचान**

योजनाओं की भी जानकारी दी। उन्होंने सूक्ष्म उद्यमी दुर्घटना बीमा योजना के हालिया लॉन्च की भी जानकारी दी जिसके माध्यम से सूक्ष्म उद्यमियों को 5 लाख तक की वित्तीय सहायता दी जा रही है।

उत्तर प्रदेश सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम एवं निर्यात प्रोत्साहन विभाग के सचिव श्री प्रांजल यादव ने अपने संबोधन में कहा कि भारत औद्योगीकरण के मामले में वैश्विक बाजार बन गया है और निवेश के अवसरों और व्यापारिक सहयोग के लिए पूरी दुनिया की नजर भारत पर है। उन्होंने ओडीओपी, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम जैसी विभिन्न योजनाओं पर जानकारी दी। इनके जरिए छोटे उद्यमों को उनकी क्षमता निर्माण और विकास के लिए सहयोग दिया जा रहा है।

# मुस्लिम मजलिस ने की लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की घोषणा

## पार्टी का लखनऊ समेत पांच सीटों पर चुनाव लड़ने का फैसला



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** ऑल इण्डिया मुस्लिम मजलिस संसदीय बोर्ड की बैठक मुस्लिम मजलिस तकिया पीर जलील कैसर बाग लखनऊ के कार्यालय में बोर्ड अध्यक्ष सैयद तौफीक जाफरी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

मजलिस आमिला ने पांच सीटों पर पार्टी के उम्मीदवार उतारने का फैसला लिया था, जिसका समर्थन करते हुए उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की गई है। पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष वसी अहमद एडवोकेट बरेली जिले की आंवला सीट से, रईस अहमद एडवोकेट लखनऊ से, पार्टी संसदीय बोर्ड के सदस्य वरिष्ठ नेता ग्यास अहमद शेरवानी फतेहपुर सदर से, मंडल अध्यक्ष कमाल अख्तर एडवोकेट गोण्डा सदर से और मेराज अहमद अंसारी जिला अंबेडकर नगर सीट से पार्टी के उम्मीदवार होंगे। बैठक में मुस्लिम मजलिस यू0पी0 के अध्यक्ष मोहम्मद नदीम सिद्दीकी एडवोकेट, ग्यास अहमद शेरवानी, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष, वसी अहमद एडवोकेट, प्रदेश महासचिव मोहम्मद इरफान कादरी, राष्ट्रीय सचिव डॉ. अफसर मंसूरी, एवं बोर्ड के अन्य सदस्य जमीरुद्दीन, आरिफ निहाल, सैयद महमूद आकिफ एडवोकेट, शमीक एडवोकेट, रईस अहमद खान आदि शामिल रहे।

# लोगों की सुविधा की सवारी बने ई रिक्शा व थ्री व्हीलर टेंपो बन रहे है परेशानी का सबब

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** लोगों की सुविधा की सवारी बने ई



रिक्शा व थ्री व्हीलर टेंपो अब लोगों की परेशानी का सबब भी बनते जा रहे हैं। अप्रशिक्षित ड्राइवर व कम उम्र के नाबालिगों द्वारा चलाए जा रहे यह वाहन खुलेआम दुर्घटनाओं को निमंत्रण दे रहे हैं। कम दूरी की सेवाओं व लोकल में आने-जाने के लिए ई रिक्शा सबसे सुविधाजनक वाहन माना जाता है। जालौन नगर में 200 से अधिक ई रिक्शा व थ्री व्हीलर टेंपो सड़कों पर दौड़ रहे हैं। इन ई रिक्शा के आने से हाथ से चलने वाले रिक्शा पूरी तरीके से प्रचलन में बंद हो गये हैं। क्योंकि इन ई-रिक्शा में पेट्रोल डीजल डलवाने का झंझट नहीं रहता है। यह ई-रिक्शा बैटरी द्वारा चालित होते हैं।अतः यह कहीं भी आने-जाने के लिए एक सस्ती व सुगम सवारी के तौर पर उपलब्ध हैं। इन ई रिक्शा से आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में जहां बस जाने की सुविधा नहीं है ,आने-जाने में बहुत सहूलियत होती है। ऐसे बहुत से यात्री हैं जिन्हें निकटवर्ती 10 -12 किलोमीटर दूरी के गांव में जाना होता है। जालौन से उरगांव, सिहारी , पहाड़पुरा एवं जालौन से बाबई चुर्खी कुसमरा सूरजपुरा हरदोई राजा, जालौन से लौटना, छानी,कैथ, गिधौसा सहित लगभग पचास गांवों को जाने वाले यात्रियों को इन थ्री व्हीलर ऑटो रिक्शा से जाने आने में सहूलियत रहती है। एक प्रकार से छोटी दूरी के लिए यह रिक्शा व थ्री व्हीलर राहत की सवारी है ।लेकिन एक तथ्य जो दुर्घटनाओं का सबक बन रहा है वह यह है कि ज्यादातर चालक अप्रशिक्षित हैं। कई ई रिक्शा तो नाबालिग चलाते दिखाई दे जाते हैं। इस कारण और प्रशिक्षण के अभाव में दुर्घटनाओं की संभावनाएं बढ़ती जा रही हैं ।इधर कई थ्री व्हीलर चालक अपनी हठधर्मिता व दादागिरी के कारण मनमाने तरीके से मनचाही जगह पर थ्री व्हीलर खड़े कर देते हैं।

# इण्डिया गठबंधन के प्रत्याशी आरके चौधरी की जनसंवाद रैली में जनसैलाब उमड़ने से सपाई गदगद

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** मोहनलालगंज लोकसभा क्षेत्र की मलिहाबाद विधानसभा में गुरुवार को इंडिया गठबंधन के सपा प्रत्याशी आरके चौधरी द्वारा सैकड़ों वाहनों के काफिले के साथ पीडीए जनसंवाद यात्रा निकाली गई। काकोरी में मायापुरी कालोनी चौधरीखेड़ा में प्रधान संघ अध्यक्ष आनन्द यादव के यहाँ से शुरु होकर कस्बा काकोरी, बहरु, तिलसुआ, मलिहाबाद, रहीमाबाद, गहदों, माल, सैदापुर, नवीपनाह, कसमण्डी होते हुए यह जनसंवाद यात्रा काकोरी के जेहटा में प्रधान राहुल सिंह यादव की मार्केट पर संपन्न हुई।

इस जनसंवाद यात्रा के दौरान मोहनलालगंज लोकसभा से इंडिया गठबंधन के सपा प्रत्याशी आरके चौधरी ने कहा कि 2024 लोकसभा चुनाव जहां देश की लोकतांत्रिक व संवैधानिक व्यवस्था को मजबूत करने का चुनाव है। वहीं पीडीए के हक और अधिकार को भी बचाने का चुनाव है। यात्रा में आरके चौधरी ने नारा देते हुए कहा कि जो पीडीए की बात करेगा वही देश में राज करेगा। इस दौरान यात्रा में शामिल हजारों समर्थकों ने जगह-जगह पर अखिलेश यादव और राहुल गांधी जिंदाबाद के नारे लगाए। साथ ही सामाजिक न्याय जिंदाबाद के अलावा बिजली, पानी, सड़क अधूरी आरके चौधरी करेंगे पूरी, जैसे नारों से पूरा रास्ता गूंजता रहा। जनसंवाद यात्रा में सपा जिलाध्यक्ष जय सिंह जयंत, प्रदेश उपाध्यक्ष सीएल वर्मा,निवर्तमान विधानसभा प्रत्याशी सोनू कनौजिया, पूर्व विधायक प्रत्याशी राजबाला रावत,पूर्व जिलाध्यक्ष एवं लोकसभा प्रभारी अशोक यादव,बाबू नागेन्द्र सिंह यादव,पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर, प्रदेश सचिव राशिद अली,रूप नारायण यादव,वीर बहादुर सिंह, रामगोपाल यादव,जिला निर्वाचन प्रभारी प्रशासन टीबी सिंह, जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान, विधानसभा अध्यक्ष चंद्रशेखर यादव, विजय श्री,मेहनाज खान,चन्द्रभूषण यादव मुन्ना,भरत यादव,सपा लोहिया वाहिनी जिलाध्यक्ष शशिलेंद्र यादव, बाबा साहब वाहिनी के जिलाध्यक्ष राज किशोर रावत,पप्पू यादव,सरनाम सिंह, हरिशंकर यादव,डॉ संतोष यादव एडवोकेट, पद्माकर सिंह,संदीप सिंह, जिला पंचायत सदस्य पन्नालाल रावत, जीत बहादुर रावत, महिला सभा जिलाध्यक्ष प्रेमलता यादव, जीशान वली खाँ, नजर मुस्तफा, बृजमोहन यादव, ओम लोधी, राकेश शर्मा, चौधरी मुलतान सिंह,मनोज रावत सहित हजारों की संख्या में समर्थक शामिल रहे। काकोरी प्रधान संघ अध्यक्ष आनन्द यादव ने यात्रा का भव्य स्वागत किया।

**लोकतांत्रिक व संवैधानिक व्यवस्था को बचाने का चुनाव**

# चार पहिया वाहन ने मैजिक में मारी टक्कर

**गाजीपुर।** सैदपुर कोतवाली क्षेत्र के नसीरपुर गांव में देर शाम तेज रफ्तार अनियंत्रित चार पहिया वाहन ने मैजिक में टक्कर मार दिया। हादसे में चालक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों के रोने-बिलखने से गांव में चीख-पुकार मच गई। जौनपुर थाना क्षेत्र के केराकत कोतवाली क्षेत्र के बम्बावन गांव निवासी संदीप पाल (32) मैजिक चलाकर जीविकोपार्जन करते थे। देर शाम मैजिक पर सामान लेकर वह सैदपुर जा रहे थे। जैसे ही नसीरपुर बाईपास के पास मैजिक पहुंचा तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक फरार हो गया। इधर घटना के बाद आसपास के गांव के लोगों एवं राहगीरों की भीड़ लग गई। लोग घायल मैजिक चालक को उपचार के लिए अस्पताल लेकर गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी होते ही परिवार के लोग भी अस्पताल पहुंच गए और शव देख दहाड़ मारकर रोने लगे।

# नगर पालिका में 44 करोड़ का बजट पास

अवधनामा संवाददाता



**उरई (जालौन)।** नगर पालिका परिषद का वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 44 करोड़ 39 लाख रुपये का बजट पास हुआ। नगर के लिए कई नई विकास योजनाओं की सौगात भी मिली। वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए नगर पालिका सभागार में बोर्ड मीटिंग का आयोजन किया गया। बोर्ड मीटिंग में एमएलसी प्रतिनिधि रमा निरंजन सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा मौजूद रहे। पालिकाध्यक्ष नेहा पुनीत मित्तल व ईओ सीमा तोमर की उपस्थिति में कई प्रस्ताव पटल पर पेश किए गए। सभी प्रस्तावों को सर्वसम्मति से पास किया गया। बोर्ड की मीटिंग में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 44 करोड 39 लाख रुपये का बजट पेश किया गया। जिसमें नगर पालिका कर्मचारियों की तनख्वाह, नगर पालिका के अन्य व्यय और आय का अनुमानित बजट पेश किया गया। जिसे बोर्ड सदस्यों ने अपनी सहमति जताकर पास कराया। इस दौरान नगर की विकास योजनाओं पर भी चर्चा की गई। जिसमें नगर में खराब शौचालयों की मरम्मत कराया जाना, 10 नए मोबाइल शौचालय और जोशियाना मोहल्ले में स्थित तालाब पर एलईडी लाइटों को लगवाया जाना प्रस्तावित है। कूड़े को इकट्ठा करने के लिए आपे वाहन जाता है। कुछ गलियों में यह वाहन नहीं जा पाते हैं तो वहां कूड़ा एकत्रित नहीं हो पाता है। ऐसे स्थान पर नगर पालिका द्वारा ई रिक्शा भेजकर कूड़ा एकत्रित किया जाएगा। हर्षित नमन श्रीवास्तव ने औरैया मार्ग छत्रसाल मोड पर होने वाली दुर्घटनाओं को देखते हुए वहां गोलबंर बनवाए जाने का प्रस्ताव दिया। जिससे स्वीकार किया गया। इसके अलावा जल निकासी के लिए जहां नालों का कार्य शेष है उसे पूरा कराया जा रहा है। इस मौके पर सभासद मनुराज तिवारी, शीला देवी, निधि यादव, रवि कुशवाहा, मीनू सोनी, ईलू मेंबर, बबली कंचन, अन्नू शर्मा, नरसिंह यादव, विनीता दीक्षित, रूखसाना, सरला देवी, ललित शुक्ला, नीरजचंद्रा, कफील कुरैशी, विक्की श्रीवास्तव, हर्षित राय श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# श्रीमद्भागवत कथा की गाजेबाजे के साथ निकली कलश यात्रा

**गोरखपुर।** पिपरौली क्षेत्र की सुख, शांति और समृद्धि की कामना को लेकर ग्राम पंचायत बड़गहन में श्रीमद्भागवत कथा की शुरुआत कलशयात्रा से की गई। यह कलशयात्रा काली माता के स्थान से शुरू होकर कालेसर बगहा बाबा मंदिर के पास पहुंचा और वहां कलश में जल भरा गया तथा कथा स्थल पर समाप्त हो गई। इस दौरान गांव की सैकड़ों महिलाएं, पुरुष और बच्चे मौजूद रहे। श्रीमद्भागवत कथा के शुभारंभ के बाद मुख्य कथा वाचक श्री शुभम शास्त्री जी महाराज ने कार्यक्रम से संबंधित जानकारी देते हुए बताया की श्रीमद् भागवत कथा आज से 22 मार्च तक प्रतिदिन शाम 4 बजे से कथा स्थाल पर श्रद्धालुओं के लिए कथा होगी। वहीं कार्यक्रम आयोजक अंकुर पाण्डेय एवं डॉ शिवशंकर पाण्डेय ने कहा कि यह आयोजन गांव की सुख, शांति और समृद्धि की कामना के लिए आयोजित की जा रही है। इस दौरान शोभा यात्रा में शामिल पुरुष, महिलाएं और बच्चे धार्मिक गीतों की धुनों पर जमकर थिरकते नजर आए।


**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता**

**विद्युत जानपद पारेषण मण्डल भवन, यूपीएसएलडीसी परिसर, विभूति खण्ड, गोमतीनगर**

**अति-अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या 71/ECTC/2023-24**

अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु पृथक निविदा दो भागों (पार्ट-I टेक्निकल बिड एवम् पार्ट-II फाइनेंशियल) में आमंत्रित की जाती है।

**कार्य का नाम :** 132/33 के0वी0 उपकेन्द्र मोहनलाल गंज लखनऊ पर 33 के0वी0 पी0जी0वाई0टी0एल0 फीडर ''बे'' के निर्माण हेतु जानपदीय कार्य।

**कार्य की अनुमानित लागत :** रु. 7.80 लाख

**कार्यावधि :** 1 माह 15 दिन

उक्त निविदा की Technical Bid एवम् अन्य शर्तें तथा मात्रा बीजक इत्यादि का विस्तृत विवरण www.upptcl.org पर देखा जा सकता है एवम् http://etender.up.nic.in साइट पर देखा एवम् प्राप्त किया जा सकता है।

निविदा दिनांक 22.04.2024 को दोपहर 14:00 बजे तक साइट पर डाला/अपलोड किया जा सकता है तथा दिनांक 23.04.2024 को 15:00 बजे सार्वजनिक रूप से निविदायें खोली जायेगी।

संख्या : 966-वि.जा.पा.मं.(ल.)/

निविदा दिनांक : 13.03.2024

**अधीक्षण अभियन्ता**

**विद्युत जानपद पारेषण मण्डल, उ.प्र. एस.एल.डी.सी. परिसर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ**

**"राष्ट्र हित में बिजली बचाए"**


# भाजपा सरकार की जनकल्याण नीतियों से प्रदेश की सभी लोकसभा सीटों पर जीत होगी: डॉ अम्मार रिज़वी

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** आल इंडिया मायनारिटीज़ फ़ोरम फ़ार डेमोक्रेसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश की राजनीति में दशको से सक्रिय भूमिका निभा रहे वरिष्ठतम नेता डॉ अम्मार रिज़वी ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के अपने संसदीय क्षेत्र लखनऊ के हालिया दौरे पर भेंट की। भेंट में सर्वप्रथम राजनाथ सिंह को लखनऊ से पुनः प्रत्याशी घोषित होने पर उनको शुभकामनायें एवं पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को धन्यवाद दिया।

**राजनाथ सिंह को लखनऊ की जनता प्रचंड जीत से पुनः संसद भेजेगी**

डॉ रिज़वी ने राजनाथ सिंह को आश्वस्त किया कि आल इंडिया मायनारिटीज़ फोरम लखनऊ एवं उत्तर प्रदेश (अवध क्षेत्र) में अल्पसंख्यक समुदाय को भा0ज0पा0 की केन्द्र में श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व एवं राज्य सरकार की श्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार की जनकल्याण की नीतियों व अल्पसंख्यक समुदाय के युवाओ को स्वावलंबी बनाने की योजनाओ के बारे में अवध क्षेत्र में जागरुकता अभियान चलाकर लोगो को भाजपा से जोडने के लिए कार्य कर रही है। डॉ रिज़वी ने राजनाथ सिंह को रक्षा मंत्री के रूप मे सराहनीय कार्य एवं भारत को रक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने के लिए जो प्रयास किये हैं उसके लिए बधाई दी और साथ ही साथ रक्षा मंत्री के संसदीय क्षेत्र लखनऊ को प्रदेश की राजधानी होने के कारण अल्पसंख्यक समुदाय विशेषकर मुस्लिम ज़ायरीनो के लिए जो बड़ी संख्या में लखनऊ से इराक़ और सऊदी अरब के लिए पवित्र स्थलों के दर्शनार्थ जाते हैं उनकी सुविधा हेतु पुनः लखनऊ-नजफ़ हवाई सेवा आरंभ करने के लिए निवेदन किया और लखनऊ से मदीना सीधी हवाई सेवा शुरु करने का मायनारिटिज़ फ़ोरम मांग को दोहराया।


**हिण्डालको इण्डस्ट्रीज लिमिटेड**

**पो.- रेणुकूट, जिला-सोनभद्र (उ.प्र.) पिन-231217**

एच.आर./2024/आईएनटी/एल/2300 दिनांकः 14.03.2024

**नोटिस**

श्री प्रमोद कुमार यादव, कोड नं0-030157, विभाग- रोलिंगमिल, क्वार्टर नं.-M221, पो.-रेणुकूट-231217, जिला-सोनभद्र

श्री प्रमोद कुमार यादव, पुत्र श्री मिठाई लाल यादव, ग्राम-बच्छिनी चाँदपुर, पो.-सिकरौर-276201, जिला-आजमगढ़ (उ.प्र.)

आपको पंजीकृत पावती डाक के माध्यम से प्रेषित आरोप पत्र सहनिलम्बन पत्र संख्या-एच. आर./2024/आईएनटी/एल/1667 दिनांक-17.01.2024 में आपके विरूद्ध आरोप है कि माह मार्च 2023 से अगस्त 2023 के मध्य संस्थान में पाटरूम टेनी की नियुक्ति हेतु आपने धोखाधड़ी करते हुए अभ्यर्थियों को नियुक्ति का झूठा आश्वासन देकर नौकरी दिलाने के नाम पर उनसे रिश्वत की अनुचित माँग करते हुए कम्पनी की छवि धूमिल करने का कुत्सित प्रयास किया।

आपका उपरोक्त कृत्य कम्पनी के प्रमाणित स्थायी आदेशों की धारा 21 (क) (छ) एवं (ज) के अन्तर्गत दुराचरण है।

उक्त आरोप पत्र प्रेषित करने एवं पुनः पत्र संख्या-एच0आर0डी0/2024/एल/2244, दिनांक-06.02.2024 के पश्चात भी आपने अभी तक अपना लिखित स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं किया है।

अतः आपको एक अ ंतिम अवसर प्रदान करते हुए निर्देश दिया जाता है कि आप दिनांक-18.03.2024 तक अपना संतोषजनक लिखित स्पष्टीकरण अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें अन्यथा प्रकरण में अग्रिम आवश्यक कार्यवाही प्रारम्भ की जाएगी।

**कृते मेसर्स हिण्डालको इण्डस्ट्रीज लिमिटेड**

**(कारखाना प्रबन्धक)**



**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरा नाम उपाध्याय दयानाथ नरनारायन उम्र करीब 33 साल पुत्र नरनारायन, निवासी ग्राम- बेलौहा, पोस्ट- खखरा, थाना- मोहाना, जनपद- सिद्धार्थनगर, उप्र का निवासी हूँ। मैं पूर्व मे उपाध्याय दयानाथ के नाम से जाना जाता था। अब मेरा नाम उपाध्याय दयानाथ से उपाध्याय दयानाथ नरनारायन (Upadhyay Dayanath Narnarayan ) हो गया है। मेरे सभी डॉक्युमेंट मे उपाध्याय दयानाथ नारनारायन नाम अर्जित हो गया है। मुझे अब इसी नाम से पहचाना वो बुलाया जायेगा।

**उपाध्याय दयानाथ नरनारायन**
**(Upadhyay Dayanath Narnarayan )**
**ग्राम- बेलौहा, पोस्ट- खखरा, थाना- मोहाना, जनपद- सिद्धार्थनगर, उप्र**

## ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यशाला

**बाराबंकी।** मिशन निपुण अभियान के अन्तर्गत गुरुवार को विकास खण्ड हरख के सभागार में एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ सदस्य विधान परिषद अंगद कुमार सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत एवं जिला उपाध्यक्ष प्रमोद तिवारी ने दीप प्रज्वलित करके किया। वक्ताओं ने कहा कि हम सभी मिलकर एक टीम के रूप में कार्य करें सरकार के द्वारा चलाई जा रही कायाकल्प, विद्यालय विकास में अपनी भूमिका बनाते हुए निरंतर विद्यालय के संपर्क में रहें। इसी क्रम में ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण के मुख्य उद्देश्य पर प्रकाश डाला गया। नारी सशक्तिकरण एवं बालिका शिक्षा उन्नयन पर विचार व्यक्त करते हुए डायट प्रवक्ता ने विद्यालय विकास योजना के विकास पर बल दिया।

## सड़क पर पड़ी मिली वृद्धा ने अस्पताल में तोड़ा दम

**बाराबंकी।** थाना सफदरगंज चौराहे पर एक वृद्ध औरत गम्भीर रूप से अस्वस्थ व चोटहिल दशा में मिली। इलाज के लिए जिला अस्पताल लाये जाने पर उसने दम तोड़ दिया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार एक अस्वस्थ अज्ञात महिला उम्र करीब 60 वर्ष को सफदरगंज चौराहे पर पड़ा देखा गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला को जिला अस्पताल इलाज हेतु भेजा। महिला रात भर भर्ती रही पर गुरुवार की सुबह को चिकित्सक द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। वृद्ध महिला की अब तक पहचान नहीं की जा सकी है। थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा शव की शिनाख्त के प्रयास किये जा रहे है। शहर कोतवाल ने अपील की है कि उक्त शव के सम्बन्ध में किसी को जानकारी हो तो पुलिस से सम्पर्क किया जा सकता है।

## बाबू केडी सिंह की हवेली को स्मारक बनाने का रास्ता हुआ साफ

**बाराबंकी।** सिविल लाइन स्थित केडी सिंह बाबू हवेली प्रशासन के हवाले हो गई। इस तरह अब इस इमारत को स्मारक बनाने के रास्ता भी साफ हो गया है। अदालत के आदेश के बाद जिलाधिकारी ने एक दिन पहले ही निर्देश जारी कर दिए थे। एसडीएम सदर को कोठी का रिसीवर बनाया गया है। हवेली को स्मारक बनाने के लिए इसका प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजने की तैयारी शुरु हो गई है। बताते चलें कि शहर स्थित केडी सिंह बाबू हवेली को नीलाम किए जाने की प्रक्रिया को अदालत ने रोक दिया था। स्थानीय लोगों की मांग और परिवार के 18 सदस्यों की सहमति के बाद स्मारक बनाए जाने की प्रक्रिया तेज हो गई है। परिवार के एक सदस्य की सहमति पर बातचीत चल रही है।वहीं अदालत ने हवेली को कब्जे में लेने और रिसीवर नियुक्त करने का आदेश डीएम को दिया था। इसके बाद जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने अदालती आदेश का अनुपालन कराए जाने के निर्देश एसडीएम सदर को दिए। एसडीएम सदर ने बताया कि जिलाधिकारी के आदेश के बाद आज शाम से केडी सिंह बाबू की हवेली प्रशासन के कब्जे में आ गई है। इसके लिए जो कागजी प्रक्रिया है वह पूरी की जा रही है।

## जहरीला पदार्थ खाने से युवक की मौत, पत्नी से था विवाद

**बाराबंकी।** सुबेहा थाना क्षेत्र के किस्तीनगर मजरे सिधियांवा गांव में जहरीला पदार्थ खाने से एक युवक की मौत हो गई। घटना की वजह दम्पत्ति में चल रहा विवाद बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार किस्तीनगर गांव निवासी शैलेन्द्र सिंह के पुत्र राहुल सिंह का अपनी पत्नी से काफी दिनों से विवाद चल रहा था। जिसके कारण उसकी पत्नी कई वर्षों से अपने मायके में रह रही थी। दम्पति में इतना ज्यादा संबंध खराब रहे कि वह विवाद अदालत में पहुंच गया था। बीते दिनों अदालत से राहुल सिंह को नोटिस मिली। नोटिस आने के बाद से वह परेशान रहने लगा और एकांत में गुमसुम बैठा रहता था। बुधवार देर रात उसने कोई जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजन उसे तुरंत पड़ोस स्थित सीएचसी बाजार शुक्ल ले गए। हालत नाजुक देख डाक्टरों ने इलाज करने से इंकार कर दिया। जिसके बाद परिजनों ने बीएचएल स्थित एक निजी अस्पताल उसे लेकर गए। जहां अगला लेख डाक्टरों ने राहुल सिंह को मृत घोषित कर दिया। परिजन शव लेकर गांव वापस लौट आए। सुबेहा पुलिस को सूचना देकर पोस्टमार्टम कराने का आग्रह किया। जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

## मां बेटी की जमकर पिटाई, रिपोर्ट

**जैदपुर बाराबंकी।** जैदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम परसोला मजरे अहमदपुर निवासी संतोष कुमार शुक्ला ने तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। उन्होंने बताया कि घर के सामने लगी इंटरलॉकिंग को गांव के ही एक परिवार के लोग उखाड़ने लगे। जब इसका मेरी पत्नी ने विरोध किया तो विपक्षी नाराज हो गए। उन लोगों द्वारा मेरी पत्नी व बेटी की जमकर पिटाई की और जान से मारने की धमकी दी। तहरीर मिलने पर पुलिस ने दो महिला सहित चार लोगों के विरुद्ध मारपीट व अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।

## ऑल इंडिया इन्टर यूनिवर्सिटी किक बॉक्सिंग पुरुष प्रतियोगिता में अवध विवि ने जीता स्वर्ण एवं दो कांस्य पदक

**अयोध्या।** विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ में आयोजित ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी किक बॉक्सिंग पुरुष प्रतियोगिता में अवध विश्वविद्यालय के पुरुष बॉक्सरों ने शानदार प्रदर्शन की बदौलत एक स्वर्ण और दो कांस्य पदक प्राप्त किए। किक बॉक्सिंग की तातामी किक लाइट इवेंट के 84 किलोग्राम भार वर्ग में अखिल कुमार ने विश्वविद्यालय के लिए स्वर्ण पदक हासिल किया। वहीं दूसरी ओर रिंग स्पोर्ट्स फुल कॉन्टेक्ट इवेंट के 57 किलोग्राम भार वर्ग में राजकुमार राणा एवं अभिषेक वर्मा ने रिंग स्पोर्ट्स लो कॉन्टेक्ट इवेंट के 51 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक प्राप्त किए। खिलाड़ियों की उपलब्धि पर कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल ने हर्ष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता में महिला खिलाड़ियों के साथ पुरुष खिलाड़ियों ने भी अपने वर्चस्व को कायम रखा। यह विश्वविद्यालय के लिए खुशी का पल है। इन खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर विश्वविद्यालय को गौरान्वित किया है, इन्हें सम्मानित किया जायेगा। इस प्रतियोगिता के टीम कोच डॉ. अनुराग पाण्डेय रहे। खिलाड़ियों की सफलता पर विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद के उपाध्यक्ष प्रो. हिमांशु सिंह, क्रीड़ा सचिव प्रो. आशीष प्रताप सिंह, वित्त अधिकारी पूर्णेंदु शुक्ल, कुलसचिव डॉ. अंजनी कुमार मिश्र, कुलानुशासक प्रो. एस.एस. मिश्रा, परीक्षा नियंत्रक उमानाथ, प्रो.नीलम पाठक, साकेत महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अभय कुमार सिंह, प्रो. जसवंत सिंह, विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रो. शैलेंद्र वर्मा, उपाध्यक्ष डॉ. संग्राम सिंह, महामंत्री डॉ. राना रोहित सिंह, प्रो. अमूल्य कुमार सिंह, डॉ. विनय सिंह, डॉ. मनीष सिंह, डॉ. प्रवीन सिंह, डॉ. सन्तोष गौड़, डॉ.सीमा पाण्डेय, डॉ.नागेंद्र सिंह, डॉ. पूनम जोशी, डॉ. अनिल मिश्रा, डॉ. कपिल राणा, डॉ. त्रिलोकी यादव, डॉ अर्जुन सिंह सहित सभी खेल प्रेमियों ने बधाई दी।

# सीएम ने की देश व प्रदेश वासियों के कल्याण की कामना



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को एक दिवसीय दौरे पर अयोध्या पहुंचे। साकेत महाविद्यालय हेलीपैड से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सीधे? हनुमानगढ़ी पहुंचे। वहां पहुंचकर हनुमानजी की आरती उतारी और दर्शन पूजन किया। उसके बाद श्रीराम लला के दर्शन-पूजन कर देश और प्रदेशवासियों के कल्याण व सुख-समृद्धि की कामना की। हनुमानगढ़ी के दर्शन के उपरांत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हनुमानगढ़ी के गद्दीनशीन का हाल हाल-चाल जाना। इससे पहले 22 जनवरी को प्राण-प्रतिष्ठा, 23 जनवरी को व्यवस्थाओं का जायजा लेने व 11 फरवरी को कैबिनेट संग दर्शन-पूजन के बाद 14 मार्च को विकास परियोजनाओं की सौगात देने सीएम योगी अयोध्या पहुंचे। बता दें कि मुख्यमंत्री जी का मार्च माह का पहला दौरा है। हनुमानगढ़ी में दर्शन-पूजन के उपरांत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामलला के दर्शन-पूजन किए। वहीं मंदिर परिसर में अधिकारियों से व्यवस्था की जानकारी ली। सीएम योगी ने रामलला के मंदिर में साष्टांग दंडवत होकर प्रभु श्रीराम से प्रदेशवासियों के सुख और समृद्धि की कामना की।

# रामनवमी पर 24 घंटे हों श्रीरामलला के दर्शन-पूजनः मुख्यमंत्री

## सीएम योगी ने रामनवमी की तैयारियों को लेकर अयोध्या में अधिकारियों संग की बैठक

*अवधनामा संवाददाता*
*जयप्रकाश गुप्ता*

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को रामनवमी और नवरात्रि की तैयारियों की समीक्षा की। अयोध्या में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर सीएम योगी ने नवरात्रि में अष्टमी, नवमी और दशमी को श्रीरामलला मंदिर में 24 घंटे दर्शन-पूजन की व्यवस्था करने के निर्देश दिये। उन्होंने इसके लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के सदस्यों से समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि इस अवधि में मंदिर के कपाट केवल विशेष पूजन अर्चन के दौरान ही बंद किये जाएं। मुख्यमंत्री ने रामनवमी के अवसर पर नगर में साफ सफाई, लोगों के पेयजल की व्यवस्था तथा गर्मी को देखते हुये श्रद्धालुओं के लिए परिवहन निगम एवं नगर विकास विभाग से समन्वय कर इलेक्ट्रिक बसों की व्यवस्था करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि ऐसी व्यवस्था किया जाय कि श्रद्धालुओं को ढाई किमी से ज्यादा चलने की आवश्यकता न हों तथा तुलसी उद्यान आदि स्थानों पर उनके जूते चप्पल



रखने की भी व्यवस्था हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि रामनवमी त्यौहार के समय चुनाव कार्य भी शुरू हो गया होगा, इसलिए इस अवसर पर मुख्य क्षेत्रों जैसे रामलला मंदिर, हनुमानगढ़ी आदि स्थानों पर स्थायी रूप से पुलिस कार्मिकों एवं अन्य सेवा के लोगों को ड्यूटी लगायी जाए और उन्हें इलेक्शन ड्यूटी से मुक्त रखा जाए। रामनवमी कार्यक्रम की तैयारी को लेकर जिलाधिकारी नितीश कुमार द्वारा सीएम के समक्ष प्रस्तुतिकरण किया गया। इसमें लोक निर्माण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम, विद्युत, सूचना, संस्कृति, सामान्य प्रशासन एवं मेला प्रशासन के प्रमुख कार्यों से मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि विगत वर्ष की अपेक्षा और इस साल बेहतर व्यवस्था की गयी है। पुलिस प्रशासन की ओर से पार्किंग एवं ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरन नैय्यर ने सीएम योगी को अवगत कराया।

मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने कहा कि रामलला विराजमान मंदिर के शुरू होने के बाद भीड़ लगातार बढ़ रही है। सभी की सुविधाओं को ध्यान में रखकर नगर निगम, विकास प्राधिकरण, स्वास्थ्य विभाग को बेहतर ढंग से कार्य करने के लिए निर्देशित किया गया है। पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार ने पुलिस व्यवस्था के सम्बंध में बताया कि आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त पुलिस बल की व्यवस्था की जायेगी। मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं के प्रति पुलिस के व्यवहार को अच्छा रखने के निर्देश दिये गये।बैठक में अपर पुलिस महानिदेशक जोन अमरेन्द्र सिंह सेंगर के अलावा सांसद लल्लू सिंह, मेयर महंत गिरीशपति त्रिपाठी, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, विधायक वेदप्रकाश गुप्ता, रामचन्दर यादव, डॉ अमित सिंह चौहान, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव सहित अन्य पार्टी के पदाधिकारी के अलावा सम्बंधित विभागों के अधिकारी, अभियन्ता, मुख्य विकास अधिकारी ऋषिराज, अपर जिलाधिकारी नगर/मेलाधिकारी सलिल कुमार पटेल, अपर पुलिस अधीक्षक मधुबन कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अतुल सोनकर, मुख्य चिकित्साधिकारी, उपनिदेशक सूचना, उपनिदेशक पर्यटन, विद्युत सहित अन्य विभागों के अभियन्ता आरटीओ ऋतु सिंह आदि की मौजूदगी रही।

# तेरी चौखट पर चलकर चारों धाम आए हैं राम आए हैं के गीत के साथ गुँजायमान हुई राम नगरी

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** तुलसी उद्यान मंच पर चल रहे हैं संस्कृति मंत्रालय भारत , सरकार संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश के सांस्कृतिक कार्यक्रम श्रृंखला के अंतर्गत आज बुधवार को सातवें दिन के अंतर्गत सायंकाल दो बजे शुरुआत हुई। पहली प्रस्तुति फतेहपुर के आल्हा गायक रामप्रताप पाल अजगवा नदी बेतवा संग्राम लखन विजय की प्रस्तुति बहुत ही शानदार रही द्य दूसरी प्रस्तुति प्रयागराज के कृष्ण कुमार सत्यार्थ की लोक गायन राम भजन समेत बधाई गीत, जन्म , सोहर आदि की प्रस्तुति दी गयी द्य इसके पश्चात रंगारंग प्रस्तुति हरियाणा के श्री कामिल एवं दल द्वारा होली फाग होली के दूसरे दिन मनाया जाता है द्य जिस प्रकार मथुरा में लठमार होली होती है उसी प्रकार यहां पर कपड़े का एक लंबी रस्सी जिसे कोडा बोलते हैं उसे बनाकर महिलाएं फाग खेलती है यह नृत्य महिला,पुरुष दोनों खेलते हैं। उनके हाथ में डंडे होते हैं वह खुद को बचाने के लिए डंडे से खुद को अलग करती है बावन गज का लहंगा मोरला तागडी गलसरी मुख्य परिधान है द्य इसके पश्चात उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र प्रयागराज द्वारा आयी नई दिल्ली की



अरुणिमा की नृत्य नाटिका प्ले रामायण के विभिन्न प्रसंग पर आधारित विभिन्न भाव को प्रस्तुति के माध्यम से दर्शायी। अगली प्रस्तुति पटना के विवेक शंकर की लोक गायन जुग जुग जिया चारों भैया राम जी की बधाई को गाकर दर्शकों को मंत्र मुक्त कर दिया। इसके पश्चात वाराणसी के सुजीत सरोज तिवारी की लोक गायन राम धुन हे राम हे राम तू ही माता तू ही पिता है÷, तेरी चौखट पर चलकर चारों धाम आए हैं राम आए हैं÷, दुनिया चलेला ना श्री राम बिना, राम जी चले न हनुमान के बिना द्य लगोगे श्री राम के बिना, छाप तिलक सब छीनी रे मोसे नैना मिलाइके, राम की मूरत भक्तों से बात करती है इसके बाद शिव भजन बगड़ बम बम लहरी की जोरदार प्रस्तुति दी दर्शन सुनकर झूम उठे और खड़े होकर दोनों हाथ से तालियां बजाया । इसके पश्चात दिल्ली की नलनी निगम की लोक गायन ÷श्री राम स्तुति श्री रामचंद्र कृपालु भजमन हरण भवभय दारुणम÷,÷जरा आके अयोध्या जी देखो होराम सरयु नहाते मिलेंगे, राम नाम अति मीठा है कोई गाकर देख ले, तेरी मंद मंद मुस्कनिया पे बलिहार राघव जी की प्रस्तुति भक्ति रस से ओतप्रोत रही। इसके पश्चात महाराष्ट्र से आए शिवम मंगदम एवं दल द्वारा तलवारबाज़ी तलवार पाजी की कला जिसमें एक साथ तलवार से कई नींबू काटना नारियल फोड़ना और तलवारबाजी की कला की बारी की को दिखाएं। अगली प्रस्तुति हिमाचल प्रदेश कांगड़ा से आयी शिवानी नेगी की झंमकड़ा पहाड़ी नृत्य हिमाचल प्रदेश का कांगड़ा जनपद अपनी लोक संस्कृति के लिए विख्यात है विशेष रूप से यहां के लोक नृत्य अत्यंत प्रसिद्ध हैं,जो प्रकृति और परिवेश के अतिरिक्त प्रेम पर आधारित हैं। इन गीतों का स्वर माधुर्य, लय व ताल मंद गति से द्रुत की ओर बढ़ते हुए मन को खूब आनंदित व उत्साहित करता है और थिरकने को मजबूर कर देता है।

# सरयू नदी में सिफरी द्वारा एक लाख मछली छोड़ा गया

**अयोध्या।** नदियों में विलुप्त हो रहे महत्वपूर्ण मत्स्य प्रजातियों के संरक्षण एवम् संवर्धन के लिए भाश्कृश्अनुश्पश- केन्द्रीय अन्तर्स्थलीय मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान सिफरी, प्रयागराज ने आज दिनांक 13 मार्च 2024 को, गुप्तारघाट, अयोध्या के पावन सरयू नदी में एक लाख मछलियों के बीज को छोड़ा । राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एनएमसीजी) के अन्तर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में भारतीय प्रमुख कार्प-कतला, रोहू, मृगल को रैंचिंग कार्यक्रम के तहत छोड़ा गया। संस्थान के केन्द्राध्यक्ष डा0 डी एन झा ने सभी का स्वागत किया और आज के कार्यक्रम के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी द्य डॉ बी के दास, निदेशक, सिफरी द्वारा उपस्थित लोगों को नमामि गंगे परियोजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी जिसके अन्तर्गत गंगा नदी और इसकी सहायक नदियों में कम हो रहे महत्वपूर्ण मत्स्य प्रजातियों के बीज का रैंचिंग होना रखा है साथ ही लोगो को नदियों के जैव विविधता और स्वच्छता के बारे में जागरूक करना है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लल्लू सिंह, सांसद अयोध्या ने अपने सम्बोधन में सरयू नदी के महत्व को बताया । उन्होने इसे स्वच्छ रखने एवम जैव विविधता को बचाने के लिए उपस्थित लोगों से आह्वान किया । समारोह को सम्बोधित करते हुए नदी में मछली और रैंचिंग के महत्व को भी बताया। इस अवसर पर स्नान करने आये स्नानार्थियों और मछुआरों ने भी सभा में अपनी बातों को रखा और सभी ने सरयू नदी के प्रति जागरूक होने के साथ ही इसे स्वच्छ रखने का संकल्प व्यक्त किया। कार्यक्रम में मत्स्य विभाग अधिकारी के साथ-साथ आस-पास गाँव के मत्स्य पालक, मत्स्य व्यवसायी तथा सरयू तट पर रहने वाले स्थानीय लागों ने भाग लिया। कार्यक्रम के अन्त में संस्थान के वैज्ञानिक डा. वेंकटेश ठाकुर ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि समाज के भगीदारी से हम उद्देश्यों को पाने में सफलता प्राप्त करेंगे।

# दिल्ली के एस आई मनोज तोमर के पक्ष में उतरी हिंदू महासभा

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** दिल्ली के इंद्रलोक क्षेत्र में अलगाववादी तत्वों द्वारा सड़क पर बैठकर असंवैधानिक व वैधानिक रूप से नमाज पढ़ने एवं तत्पश्चात सब इंस्पेक्टर मनोज तोमर को निलंबित किए जाने की घटना पर हिंदू महासभा ने आक्रोश प्रकट करते हुए तत्काल प्रभाव से मनोज तोमर के निलंबन को रद्द करने एवं सड़क पर नमाज पढ़ने वाले, एवं न्यायालय में मनोज तोमर के ऊपर जानलेवा हमला करने वाले अलगाववादी तत्वों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई की मांग की है हिंदू महासभा के प्रवक्ता एवं सदस्य राष्ट्रीय कार्यकारिणी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल दिल्ली के राज्यपाल एवं दिल्ली पुलिस कमिश्नर को पत्र एवं ईमेल के माध्यम से यह मांग करते हुए कहा गया है कि विभिन्न मीडिया स्रोतों के माध्यम से यह जानकारी प्राप्त हुई कि दिल्ली क्षेत्र के इंद्रलोक क्षेत्र की पुलिस चौकी में कार्यरत एस आई मनोज तोमर द्वारा विगत दिनों मस्जिद के बाहर नमाज पढ़ रहे लोगों को लात मारी गई, श्रीमान जी सर्वप्रथम तो यह कि हिंदू महासभा मनोज तोमर के द्वारा किए गए कार्य का पूर्ण रूप से समर्थन करते हुए आपसे यह मांग करती है कि महाशिवरात्रि के दिन ही मुसलमान द्वारा जानबूझकर सड़क पर नमाज क्यों पढ़ी गई?, वीडियो से यह स्पष्ट दिखलाई पड़ता है कि पुलिस द्वारा पहले समझा बूझकर हटने को कहा गया था किंतु कोई भी मुस्लिम हटाने को तैयार नहीं था तब पुलिस द्वारा शक्ति बरती गई तो भला इसमें गलत क्या है मुसलमान द्वारा घटना पूर्व नियोजित थी, और जानबूझकर बवाल करने की नीयत से ही यह सारा ड्रामा रचा गया ,क्योंकि वह चाहते थे कि गलती पुलिस वालों की दिखलाई पड़े और उसके बाद स्पष्ट रूप से उन्होंने पुलिस वालों पर न सिर्फ हमले किए बल्कि उनको काटने तक की बात की गई?

## स्काउट गाइड पांच दिवसीय शिविर का समापन

**अयोध्या।** पाँच दिवसीय राज्य स्तरीय तृतीय सोपान निरीक्षण शिविर का आयोजन पूर्व माध्यमिक विद्यालय पूरा प्रथम , अयोध्या में किया गया। मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी राजेश सिंह ने कहा कि स्काउट गाइड कर्तव्य निस्ट ईमानदार व देश प्रेमी होता है मुख्य अतिथि समापन अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्काउट गाइड के प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक संतोष सिंह के द्वारा किया गया। स्काउट गाइड प्रशिक्षण में पूर्व माध्यमिक विद्यालय पूरा प्रथम, पूर्व माध्यमिक विद्यालय पूरा द्वितीय, कंपोजिट विद्यालय दर्शन नगर द्वितीय, पूर्व माध्यमिक विद्यालय सरेठी, पूर्व माध्यमिक विद्यालय रसूलाबाद और पूर्व माध्यमिक विद्यालय भदौली से कुल मिलाकर 48 गाइड व 20 स्काउट ने प्रतिभाग किया।

# बस चालकों की मनमानी के चलते रोडवेज तथा आसपास लगा जाम, जिम्मेदार नहीं ले रहे सुध

*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूं।** शहर के रोडवेज बस स्टैंड पर बस चालक पूरी तरह से बेलगाम हो चुके हैं। रोडवेज बस स्टैंड के आसपास बसों को आड़े तिरछे तरीके खड़ा करना इनकी प्रवृत्ति में शामिल हो चुका है,इसकी वजह साफ है की इन चालकों से कोई भी जिम्मेदार कुछ कहने सुनने को तैयार नहीं है,जिस कारण यह मनमाने तरीके से यहां पर बसों को खड़ा कर देते हैं जिससे हर समय जाम के हालात बने रहते हैं।

बात केवल सरकारी बसों की ही नहीं है बल्कि प्राइवेट बस चालक भी रोडवेज के पास सड़क पर अपनी बसों को आड़ा-तिरछा रूप में खड़ा कर सवारियां भरने से बाज नहीं आते जिससे यहां काफी काफी देर तक जाम लगा रहता है। बृहस्पतिवार को एक प्राइवेट बस चालक ने रोडवेज के निकट अपनी बस को तिरछा कर खड़ा कर रखा था जिस कारण इसके पीछे रोडवेज



बसों से काफी लंबा जाम लग गया।यह जाम रोडवेज से लेकर जिला चिकित्सालय और लावेला चौक तक जाने वाली दोनों सड़कों पर काफी देर तक लग रहा। जाम लगा होने के कारण राहगीरों, मुसाफिरों, तथा अस्पताल से निकलने वाले मरीजों आदि को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। जाम लगने के बावजूद रोडवेज पुलिस चौकी पर तैनात पुलिसकर्मी एवं ट्रैफिक पुलिस यहां से नदारद दिखाई दी,काफी देर जाम लगा रहने के बाद एक ट्रैफिक पुलिस का सिपाही आकर जाम को खुलवाने का प्रयास करता रहा।

# लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटे अधिकारी और जनप्रतिनिधि

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** आगामी लोकसभा निर्वाचन को सकुशल शुचितापूर्ण ढंग ओके मशीनों का अवलोकन किया गया। इस दौरान स्ट्रांग रूम खोलने से लेकर पुनः सील करने तक की पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी करवाई गई।



से संपादित कराये जाने हेतु एफएलसी ओके मशीनों का त्रैमासिक निरीक्षण जिलाधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ निरीक्षण किया।

ईवीएम मशीनों के स्ट्रांग रूम को आज विभिन्न राष्ट्रीय व मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोला गया। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा एफएलसी सभी प्रतिनिधियों ने निरीक्षण के उपरांत संतोष व्यक्त किया।

इस दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा स्वयं उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने मशीनो के सुरक्षित परिवहन और उनके रखरखाव को भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार सुनिश्चित करने हेतु ईवीएम प्रभारी एक्सईएन जल निगम को जरूरी निर्देश दिया। कहा कि ईवीएम मशीनों के संदर्भ में राजनीतिक दलों के साथ संवाद बनाए रखें। उन्होंने राजनीतिक दलों से भी सहयोग का अनुरोध किया। ईवीएम प्रभारी और एक्सईएन जल निगम आतिफ हुसैन ने बताया कि चुनाव के लिए उपयोग हेतु आरक्षित एफएलसी ओके मशीन के तहत 3118 बीयू, सीयू 2502 और वीवीपैट मशीनों की संख्या 2716 है। जबकि ट्रेनिंग और जनजागरूकता हेतु क्रमशः 209 बीयू, सीयू और विविपैट आरक्षित रखे गए हैं। राजनीतिक दलों को ईवीएम मशीनों का पूर्ण विवरण उपलब्ध कराया गया है।

निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी डॉ पंकज कुमार वर्मा, एक्सईएन जल निगम आसिफ हुसैन, सहायक निर्वाचन अधिकारी विजय प्रकाश, भाजपा, सपा, कांग्रेस व बसपा के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# मलवरी स्कूल के 4 छात्रों का हुआ आल इंडिया सैनिक स्कूल में चयन


*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज (सिसवा बाजार)।** आल इंडिया स्तर पर भारत के 31 सैनिक स्कूल में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा के परिणाम में सिसवा स्थित मलवरी स्कूल के विद्यार्थियों ने अपना परचम लहराया है। कक्षा 9 में दाखिले के लिए 3 छात्र व कक्षा 6 में दाखिले के लिए 1 छात्र का चयन हुआ है। कुल 6 छात्रों ने परीक्षा दी थी जिसमे 4 का चयन हो गया है, भारत की विश्वसनीय परीक्षा एजेंसी नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित आल इंडिया सैनिक स्कूल इंट्रेंस एगजाम 2024 में सम्पूर्ण भारत के लगभग 4 लाख छात्र छात्राओं ने भाग लिया था, जिसमे मलवरी स्कूल सिसवा के 6 विद्यार्थि परीक्षा में बैठे थे, 14 मार्च को जारी परीक्षा के परिणाम में 6 में से 4 विद्यार्थियों का चयन हो गया है जो कि अपने आप मे एक किर्तिमान हैं, कक्षा 9 में दाखिले के लिए क्रमशः अरुण जायसवाल पुत्र अजय जायसवाल, आदित्य मद्धेशिया पुत्र सुनील मद्धेशिया, आस्था जायसवाल पुत्री जितेंद्र जायसवाल उपरोक्त सभी विद्यार्थी के अभिवावक व्यवसायी है व सिसवा नगर के निवासी हैं, वहीं अफराज़ सिद्दीकी पुत्र अख्तर अली पेशे से अध्यापक हैं व सिसवा निवासी हैं, ऐसे परिणाम से अभिवावकों में व अध्यापकों में खुशी की लहर है, विद्यालय की प्रवन्धक शुभ्रा सिंह जायसवाल ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए, विद्यालय में सैनिक स्कूल व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने वाले अध्यापिकाओं व अध्यापकों की टीम को इतने अच्छे परिणाम के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि विद्यालय परिवार सदैव बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए तत्पर रहता है, प्रतियोगी परीक्षाओं के एक्स्ट्रा क्लास चलाने से विगत 3 वर्षो से लगातार विद्यार्थियों का प्रदर्शन सराहनीय रहा है, विगत वर्ष 2023 में भी 2 छात्र सैनिक व 2 छात्र नवोदय व 1 गुरुकुल कुरुक्षेत्र में चयनित हो कर विद्यालय परिवार को गौरवान्वित किये थे, ऐसे में आज ये परिणाम अत्यंत सुखद है , संगीत नाटक अकादमी के सदस्य व विद्यालय के संरक्षक अमित अंजन ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि किसी भी व्यक्ति का निर्माण उसके शुरुआती पठन पाठन से ही संभव होता है।, इसके लिए मलवरी स्कूल लगातार प्रयास कर रहा है और कठिन परिश्रम करके सफलता भी अर्जित कर रहा है, विद्यालय के शिक्षक संदीप कुमार, सूरज केसरी, जवाहरलाल ,अशोक चौरसिया व शिक्षिकाओं में नूरे आफसा, सत्या जायसवाल ने विशेष कक्षाएं चला कर विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करने में कोई कसर नही छोड़ी।, आज ये परिणाम अत्यंत हर्षित कर रहा है, आगे चल कर एक नए भारत के निर्माण में इन सैनिक विद्यार्थियों की अहम भूमिका होगी, अनवरत अच्छी शिक्षा से एक अच्छे व नैतिक समाज का निर्माण होता है, विद्यालय परिवार इसके लिए प्रतिबद्ध है।

# कोल्हुई पुलिस ने किया फ्लैग मार्च


*अवधनामा संवाददाता*

**नौतनवा (महराजगंज)।** लोकसभा चुनाव व होली के त्योहार को देखते हुए शांति व्यवस्था बनाए रखने के हेतु कोल्हुई पुलिस ने थानाध्यक्ष दिनेश कुमार के नेतृत्व में सीआरपीएफ़ बल के साथ कस्बे में फ्लैग मार्च किया। इस दौरान उनके साथ रमेश पुरी चौकी प्रभारी जोगिया



बारी तथा उपनिरीक्षक राजीव सिंह व दीपचंद सोनकर सहित सैकड़ों की संख्या में पुलिस के व सीआरपीएफ बल के जवान उपस्थित थे।

## दरोगा पद पर पदोन्नति होने पर स्टार लगाकर दी गई बधाई



**महराजगंज (सिसवा बाजार)।** स्थानीय पुलिस चौकी पर तैनात हेड कांस्टेबल के उपनिरीक्षक पद पर पदोन्नति होने पर कोठीभार थाना परिसर में स्टार लगाकर बधाई दी गई।

गुरुवार को थाना परिसर कोठीभार में प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार सिंह ने उपनिरीक्षक पद पर पदोन्नति हुए अति उत्कृष्ट पुलिस पदक प्राप्त हेड कांस्टेबल अशोक गिरी की तारीफ करते हुयर कहा कि लगभग सोलह वर्षों तक महराजगंज,कुशीनगर और गोरखपुर के क्राइम ब्रांच में कार्यरत रहे।अपनी कार्यकुशलता की वजह से साथियों में लोकप्रिय रहे।उनके पदोन्नति पर निरीक्षक भूपेंद्र सिंह,उपनिरीक्षक राजेन्द्र सिंह,उमाकांत सरोज,व्यापारी रोशन मद्धेशिया, जेपी भालोटिया, हरिराम भालोटिया, जितेंद वर्मा, हेड कांस्टेबल प्रभात राय, अनूप कुमार,संजय पांडेय, रामप्रकाश यादव, कां. धर्मपाल सिंह,पंकज कुमार,चंदन चौरसिया आदि ने सब इंस्पेक्टर के वर्दी पर स्टार लगाकर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

## शासक की कुशलता

कोई नेता जब देश का भविष्य सुधारने का जनता के राहत देने का संकल्प आधार भूत संरचना को सुधारने गरीबी को हटाने शिक्षा तथा तकनीक से उचित विस्तार देने का इरादा, देश की आर्थिक स्थिति को सुधारने विदेशी मुद्रा का भन्डार बढ़ाने, जन स्वास्थ्य को बेहतर बनाने आदि का संकल्प लेकर जब राजनीति में उतरता है तो देखा जाता है गद्दीनशीन होते ही सारे वादे खो जाते है। जबकि जनता से उपरोक्त वादे करके वोट मांग कर ही गद्दी पायी है। कुर्सी पर बैठते ही तुष्टीकरण में भिड़ जाता है जबकि अवाम सन्तुष्टीकरण चाहती है।

असफलता के लिये वह दोष दूसरो पर मढ़ने की कोशिश करता है। विपक्ष को नकारा साबित करता रहता है। सरकारी मशीनरी का भी रोना रोता रहता है। पर देखने में आ रहा है दो एक प्रधानमंत्रियों ने उन्हीं अफसरो और उसी व्यवस्था में बेहतर नतीजे दिये है। ऐसा नेता की परिवार नीति नहीं राष्ट्रनीति रहती है। भ्रष्टाचार जो सभी तरह के विकास को चाट लेता है। अगर नेता इमानदार होगा, परिवारवाद में नहीं फंसा होगा, धन की लोलभुपता से दूर होगा, कुर्सी जिसके लिये पूरी राजनीति का केन्द्र नहीं होगा वह सारी विपरीत परिस्थितियों को भेदते हुये राष्ट्र और समाज को ऊपर ले जाने में सफल होगा।

इस परिप्रेक्ष में आप मोदी, उनकी सरकार उनके द्वारा किये गये और किये जा रहे कार्यो की समीक्षा करके स्वयं निर्णाय ले कि वह किस स्तर तक सफल है और किस स्तर तक असफल। आज देश हर दिशा में प्रगति कर रहा है। सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर उन्मुख है। निर्माण के क्षेत्र में कई क्षेत्रों में आत्मनिर्भर बनने के करीब पहुंच गया है कई में आत्म निर्भरता प्राप्त कर लिया है। भ्रष्टाचार पर प्रहार करने के लिये विपक्ष उनको हर तरह के झूठे आरोप गढ़ रहा है। रचनात्मक आलोचना की जगह घटिया आरोप लगाना विपक्ष की आदत बन गई है। अपनी पार्टी मजबूत करने की जगह भाजपा की बुराइयां गिनाने में लगा रहता है। विपक्षी गठबन्धन में शामिल पार्टियों में टूटने की लहर चल रही है। उनके दल के लोग उनके दल का दामन छोड़ बड़ी संख्या में भाजपा से जुड़ रहे है। चुनाव करीब आता जा रहा है वे सीट शयेरिंग और नेतृत्व हथियाने में उलझे हुये है। भाजपा ने अपने उम्मीदवारों की लिस्ट जारी करनी शुरू कर दी है। इसे देख कांग्रेस ने भी एक छोटी से लिस्ट जारी कर दी है। इस तरह से विपक्ष एक स्वस्थ विपक्ष की भूमिका निभाने में नाकाम दिख रहा है।

जब आप बड़ा लक्ष लेकर निकलते है तो कोशिशे और सोच रचनात्मक होने चाहिये विध्वसांत्मक नहीं। देख रहे है मोदी सरकार रचनात्मक सोच के साथ इतने आगे बढ़ गई है कि विपक्ष बौना दिखने लगा है। आम चुनाव के नतीजे लोग अभी से घोषित कर रहे है। विदेशी सरकारे मोदी की सरहाना करते हुये उनकी जीत के लिये अश्वास्त है नमूना सर्वे में भी मोदी सरकार को बहुमत मिल रहा है। विपक्ष को इन सबसे आहत हो नकारात्मक नीति पर नहीं आ जाना चाहिये। आत्मविश्वास के साथ रचनात्मक कोशिश भर बयान लेकर आगे आना चाहिये। रचनात्मक विपक्ष को भी सरकार के समकक्ष ही आदर मिलता है। स्वस्थ विपक्ष की भूमिका मुल्क की संरचना और बेहतरी में गौण नहीं होती है अगर उसके पास रचनात्मक सुझाव है स्पष्ट नीति हो राजनीति में सत्ता और विपक्ष की स्वस्थ्य परिस्पर्धा देश और समाज को सुखी बनाती है। शासक अगर निस्वार्थ और कुशल है तो उसकी टीम भी वैसी ही होगी। उसके कुशलता में ऐब और कमजोरियां दब जायेगी। विपक्ष को सही सम्मान देगा।

## अभिनेताओं के जीवन का अन्तिम पड़ाव इतना पीड़ादायक था कि मौत की दुआ मागते थे

''कमल कपूरः- कमल कपूर का जन्म 22 जनवरी 1920 को पेशावर में हुआ। भूरी आंखों वाले कमल कपूर बनने आये थे हीरो, चुनानचे पहुँच गये, अपने मौसेर भाई पृथ्वी राज कपूर के पास। उनके सम्भव प्रयास और सहयोग से, हीरो के तौर पर कमल कपूर ने इक्कीस फिल्में की। मगर सारी की सारी फिल्में फ्लाप हो गयीं। फिर एक दिन किस्मत ने पल्टी मारी। वर्ष 1958 में एक दिन वह घर पर ही थे, कि एक विलेन का रोल खुद चलकर उनके घर आया। फिल्म थी ''आखरी दांव'' इसके बाद वह विलेन ही बन गये। फिल्में ''जब जब फूल खिले'' ''गोरा और काला'', ''पाकीज़ा'' ''डान'', ''एक मुसाफिर एक हसीना'', ''हंसते जख़्म'' ''सीता और गीता'' ''सच्चा झूठा'' आदि फिल्मों में उन्होंनें विलेन के रोल किये। 70 व 80 के दशकों के दौरान कमल कपूर के अभिनय को काफी सराहा गया। इसके बाद उनके स्वास्थ्य में शिथिलता आना प्रारम्भ हुयी। यद्यपि वह फिल्मों में काम करना चाहते थे, मगर स्वास्थ्य कारणों से वह असमर्थ हो गये। अस्वस्थता के चलते उनकी शारीरिक पीड़ा में वृद्धि होती गयी। नब्बे वर्षो तक जीने के बावजूद, न जाने कितने साल, उन्हें मौत के इन्तेज़ार में गुजारने पड़े। आख़िरकार 02 अगस्त 2010 को अपने शरीर में व्याप्त पीड़ा और दर्द से कमल कपूर को छुटकारा मिला।



मोहम्मद क़मर ख़ाँ

मज़हर खानः-22 जुलाई 1955 को जन्मे मज़हर खाँ अस्सी के दशक में बालीवुड में हीरो बनने के लिए आये थे, और बन गये कैरेक्टर आर्टिस्ट। फिल्म शान का वह लगड़ा भिखारी आपको भी याद होगा, जिसने गया था:-''आते जाते हुये मैं सब पे नज़र रखता हूँ। नाम अब्दुल है मेरा सबकी ख़बर रखता हूँ''

फिल्म 'अर्थ' सोहनी महीवाल ''धनवान'' ''दर्द'' ''एक ही भूल'', ''धर्म और कानून'', ''सम्पर्क'', ''भवानी'', ''जंक्शन'' आदि में अभिनय के अतिरिक्त 1987 में आये सीरियल 'बुनियाद' में रोशन लाल का किरदार निभाकर वह छोटे पर्दे पर भी अपनी छाप छोड़ गये। पैसे ज्यादा आने लगे, तो ड्रग्स लेना शुरू कर दिया और इस प्रकार धीरे धीरे उन्हें ड्रग्स की लत लग गयी। और उनको भी मौत पसन्द आने लगी। जब एक दिन हालत ज्यादा बिगड़ी तो पता चला कि इनके दोनों गुर्दे खराब हो चुके है। चुनांनचे मौत के साथ जंग शुरू हो गयी। बाद में इनके अन्तिम समय का सच, इनकी दूसरी पत्नी जीनत अमान इनके सामने लेकर आयी। शरीर में व्याप्त असहनीय पीड़ा की ताब न लाकर दिनांक 16.09.1998 को महज़ 43 वर्ष की आयु में मज़हर खाँ की मौत हो गयी।



''ए0के0 हंगल'':- अवतार कृष्ण हंगल, सियालकोट, पंजाब में गत 01 फरवरी 1914 को अपने मामा के घर पैदा हुए। उनके पिता का नाम हरिकृष्ण हंगल था। पं0 जवाहर लाल नेहरू रिश्ते में ए0के0 हंगल के मौसा थे। उनके गिरते समय को दृष्टिगत रखते हुये, बालीवुड वालों ने उनको पूछना भी बन्द कर दिया। उध् ार बढ़ती उम्र के साथ ए0के0 हंगल को काम मिलना बन्द हो गया। और इसके बाद, वह 1994 में सब कुछ छोड़कर, बम्बई चले गये। यहाँ कैरेक्टर आर्टिस्ट के तौर पर, उन्होनें काफी फिल्मों में अपनी अदाकारी के जौहर दिखाये। और यहाँ 16 अगस्त 2012 को वह बाथरूम में फिसल गये। और बाद वह साहब-ए-फराश हो गये। दस दिनों तक असहज रूप से अपना जीवन व्यतीत करते हुए, वह और अधिक जीवित नहीं रह पाये, इस प्रकार 26 अगस्त 2012 को ए.के. हंगल की मृत्यु हो गयी।

''यूनुस परवेज़'':-कमाल के कलाकार, यू0पी0 के एक बड़े पुलिस अफसर के पुत्र युनुस परवेज़ का जन्म 03 सितम्बर 1974 को गाजीपुर में हु आ। अपने समय के सबसे अधिक पढ़े लिखे कलाकार, राजेश खन्ना की फिल्म ''अवतार'' में ' 'राम दुलारे'' पान वाले के रोल को आप कैसे भुला पायेगें।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

भारतीय निर्वाचन आयोग चुनावों में युवाओं की सार्वजनिक प्रबुद्ध सहभागिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'मेरा पहला वोट देश के लिए' अभियान चला रहा है। केंद्रीय मंत्री श्री अनुराग ठाकुर ने अभियान गीत लॉन्च किया जो युवा मतदाताओं को उनके लोकतांत्रिक अधिकार का उपयोग करने के लिए उन्हें प्रोत्साहित करने की देश की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यह अभियान गीत मतदाता जागरूकता अभियान का एक हिस्सा है जो चुनावी प्रक्रिया में युवाओं की अधिक से अधिक भागीदारी के लिए प्रधानमंत्री मोदी की अपील की भावना का प्रतीक है।

# मतदान : युवाओं की सक्रिय भागीदारी की आवश्यकता

खिलाड़ी अपने समर्पण, दृढ़ता और टीम भावना के माध्यम से देश की सेवा करते हैं। चाहे घरेलू मैदान हो या विदेशी, देश की जर्सी पहनना एक विशेषाधिकार और जिम्मेदारी दोनों है। लेकिन दुनिया के सबसे जीवंत लोकतंत्र के एक अभिन्न अंग के रूप में हम खिलाड़ी और युवा भारतीय एक और विशेषाधिकार की आकांक्षा करते हैं- वह है मतदान। चुनाव लोकतंत्र का आधार होता हैं, जो नागरिकों को अपने प्रतिनिधियों को चुनने का महत्वपूर्ण अधिकार देता है। हालांकि, यह अधिकार निष्क्रिय नहीं है; चुनावी प्रक्रिया में सक्रिय रूप से शामिल होना एक कर्तव्य है, विशेषकर युवाओं का। ऐतिहासिक रूप से, युवाओं ने सामाजिक परिवर्तन का नेतृत्व किया है और चुनावों में उनकी भागीदारी महत्वपूर्ण है। लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए, मतदाता पंजीकरण से लेकर जमीनी स्तर पर प्रचार अभियान तक के प्रत्येक चरण में युवाओं की सक्रिय भागीदारी की आवश्यकता होती है।



नीरज चोपड़ा

पहली बार के मतदाता नए दृष्टिकोण के साथ पारदर्शिता और समावेश जैसे आदर्श लेकर आते हैं। एक युवा मतदाता की ऊर्जा और तकनीक-प्रेमी प्रकृति, चुनावी परिदृश्य को जीवंत बनाती है तथा नागरिकों की जरूरतों के अनुरूप पहुंच और उत्तरदायित्व को बढ़ावा देती है। युवा निर्वाचित प्रतिनिधियों को जवाबदेह बनाने एवं जनता से जुड़े मुद्दों का समर्थन करने व आवाज उठाने के लिए सोशल मीडिया का उपयोग करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा इस प्रकार लोकतंत्र के महत्व और इसके प्रति निष्ठा की रक्षा करते हैं।



महात्मा गांधी के शब्दों में, भविष्य इस पर निर्भर करता है कि आप आज क्या करते हैं। लोकतंत्र का पहिया एक बार फिर से घूम रहा है, भारत में आम चुनाव, 2024 की तैयारी चल रही है, ऐसे में राष्ट्र के भाग्य को स्वरूप देने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया जाना जरूरी है। अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम ''मन की बात'' में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने चुनावी प्रक्रिया में युवाओं की सहभागिता के महत्व पर जोर दिया और पहली बार मतदाता बने युवाओं के लिए लक्षित निर्वाचन आयोग के ''मेरा पहला वोट देश के लिए÷ अभियान के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने भारत के युवाओं के जोश और उत्साह की सराहना की तथा उनसे सक्रिय रूप से मतदान में भाग लेने की अपील की क्योंकि देश के भविष्य पर इसका प्रत्यक्ष प्रभाव पड़ता है।

पहली बार मतदाता बने युवाओं से रिकॉर्ड संख्या में भाग लेने की अपील करते हुए, उन्होंने देश की नियति को आकार देने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर बल दिया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने विभिन्न सेक्टरों से जुड़े प्रभावशाली लोगों से अभियान में शामिल होने तथा सामाजिक बदलाव को प्रेरित करने में उनकी प्रभावी भूमिका को स्वीकार करते हुए युवा मतदाताओं को प्रोत्साहित करने की अपील की। चुनावी माहौल के बीच, उन्होंने युवाओं से न केवल राजनीतिक कार्यकलापों में भाग लेने का आग्रह किया बल्कि वर्तमान में जारी चर्चाओं और बहसों के बारे में भी जानकारी रखने की अपील की।

भारतीय निर्वाचन आयोग चुनावों में युवाओं की सार्वजनिक प्रबुद्ध सहभागिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ''मेरा पहला वोट देश के लिए' अभियान चला रहा है। केंद्रीय मंत्री श्री अनुराग ठाकुर ने अभियान गीत लॉन्च किया जो युवा मतदाताओं को उनके लोकतांत्रिक अधिकार का उपयोग करने के लिए उन्हें प्रोत्साहित करने की देश की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यह अभियान गीत मतदाता जागरूकता अभियान का एक हिस्सा है जो चुनावी प्रक्रिया में युवाओं की अधिक से अधिक भागीदारी के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी की अपील की भावना का प्रतीक है। देश भर के युवा इस अभियान गीत को अपने युवा मित्रों को मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करने के आह्वान के रूप में अपना रहे हैं।

इस पहल के तहत उच्च शिक्षा संस्थान (एचईआई) देश भर में मतदाता जागरूकता कार्यकलापों का आयोजन कर रहे हैं और अधिक प्रतिनिधि लोकतंत्र के लिए मतदान करने के मूल्य पर जोर दे रहे हैं। जहां उच्च शिक्षा संस्थान वास्तविक कार्यक्रमों का आयोजन कर रहे हैं, ऑनलाइन प्रतियोगिताएं भी माईगव प्लेटफॉर्म पर आयोजित की जा रही हैं जिनमें ब्लॉग लेखन, पॉडकास्ट, वाद-विवाद आदि का आयोजन किया जा रहा है जिससे कि कंटेंट सृजन में रचनात्मकता को प्रोत्साहित किया जा सके। कार्यशालाएं, संगोष्ठियां, फ्लैश मौब्स तथा मतदाता संकल्प अभियान छात्रों को चुनावी प्रक्रिया की तरफ और अधिक आकर्षित कर रहे हैं तथा इन्हें इसके बारे में शिक्षित कर रहे हैं जिसमें एनएसएस स्वयंसेवक तथा संस्थान के क्लब सक्रिय रूप से अभियान में हिस्सा ले रहे हैं।

प्रधानमंत्री की अपील के जवाब में, इंस्टाग्राम, यूट्यूब और मनोरंजन उद्योग सहित विभिन्न प्लेटफार्मों के प्रभावशाली लोग सक्रिय रूप से इस अभियान का समर्थन कर रहे हैं और पहली बार मतदाता बने युवाओं को प्रेरित कर रहे हैं। देश के कोने-कोने से खेल, मनोरंजन, व्यापार और उद्योग जैसे क्षेत्रों में अपनी छाप छोड़ने वाले प्रमुख नाम इस संदेश को दूर-दूर तक फैलाने के लिए एक साथ आए हैं।

इस अभियान में जसप्रीत बुमराह, रविचंद्रन अश्विन, मोहम्मद सिराज, अवनि लेखारा, सैखोम मीराबाई चानू जैसे मेरे साथी खिलाड़ी और अनिल कपूर, प्रोसेनजीत चटर्जी, रवीना टंडन, राणा डूग्गुबाती, कैलाश खेर, श्रेया घोषाल जैसी फिल्मी हस्तियां व रितेश अग्रवाल, बी. वी. आर. मोहन रेड्डी जैसे उद्योग जगत के अगुआ और कई पद्म पुरस्कार विजेताओं ने भाग लिया है, जिससे यह अभियान मतदाता जागरूकता का एक 'राष्ट्रीय आंदोलन' बन गया है।

यह 'जन आंदोलन' युवाओं की आवाज की सामूहिक शक्ति और देश के लोकतांत्रिक परिदृश्य को आकार देने में उनकी सक्रिय भागीदारी के महत्व को रेखांकित करता है। आइए हम इस जिम्मेदारी को उठाने और अपनी सामूहिक आवाज की ताकत का उत्सव मनाने के लिए एकजुट हों। आइए हम इस चुनौती को स्वीकार करें, आइए हम अपनी आवाज उठायें और आइए हम दूसरों को भी ऐसा करने के लिए सशक्त बनायें। एक एथलीट के रूप में, हम ट्रैक और फील्ड के चैंपियन हैं; लेकिन एक युवा के रूप में, हम 'परिवर्तन के वाहक' हैं। लोकतंत्र के खेल में, हर वोट का महत्व होता है और हर आवाज़ मायने रखती है।

# सीएए रूपी उजालों पर कालिख पोतने का विपक्षी प्रयास

सीएए की मूल आत्मा को समझे बिना उसका विरोध करना एवं मोदी सरकार पर कीचड़ उछालना बौखलाहट का द्योतक हैं। केजरीवाल का यह कहना कि सीएए के साथ, भाजपा सरकार ने पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश से बड़ी संख्या में गरीब अल्पसंख्यकों के भारत आने के गेट खोल दिए हैं। यह 1947 से भी बड़ा माइग्रेशन होगा। क्या केजरीवाल ने सीएए का नया कानून पढ़ा है, उसमें कहीं भी ऐसी किसी स्थिति का उल्लेख है?

दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल लगातार नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के लागू होने का बेहूदा, बेतुका एवं उच्छृंखल विरोध कर रहे हैं। वे एवं अन्य विपक्षी दलों के नेता सीएए रूपी उजालों पर कालिख पोतने का प्रयास करते हुए आकाश में पैबन्द लगाना चाहते हैं और सछिद्र नाव में सवार होकर राजनीति-सागर की यात्रा करना चाहते हैं। ऐसा करते हुए वे न केवल आम जनता को गुमराह कर रहे हैं, बल्कि अराजकता का माहौल निर्मित कर रहे हैं। राष्ट्रीय राजधानी में लाखों की संख्या में पाकिस्तान, बांगलादेश और अफगानिस्तान से हिंदू व सिख आने से चोरी, रेप और अपराध की घटनाएं बढ़ने की बात कहकर केजरीवाल ने इन लोगों की भावनाओं को आहत किया हैं। केजरीवाल के बयान भ्रामक, बेबुनियाद एवं विध्वंसात्मक इसलिये है कि सीएए नये आने वाले हिन्दू, सिख, जैन, बौद्ध एवं पारसी लोगों पर लागू ही नहीं होगा, बल्कि देश में वर्ष 2014 एवं उससे पहले आये ऐसे शरणार्थियों को सीएए के अन्तर्गत नागरिकता देने का कानून हैं। अब इससे नये लोगों के आने, बेरोजगारी बढ़ने एवं कानून-व्यवस्था चरमरा के प्रश्न कहां से आ गये? विपक्षी दल इस कानून के सन्दर्भ में कपट और झूठ का सहारा लेकर जिस तरह दुष्प्रचार में जुट गए हैं, वह केवल अप्रत्याशित ही नहीं, खतरनाक भी है। वोट बैंक की बेहद सस्ती, घटिया और गंदी राजनीति के चलते किया जा रहा यह खतरनाक एवं देश तोड़क दुष्प्रचार न केवल लोगों को बरगलाने, बल्कि उकसाने वाला भी है। इस तरह का विरोध समय एवं शक्ति का अपव्यय है तथा बुद्धि का दिवालियापन है। यह लोकतंत्र के मूल्यों को धुंधलाने एवं ध्वस्त करने की कुचेष्ठा है। सीएए की मूल आत्मा को समझे बिना उसका विरोध करना एवं मोदी सरकार पर कीचड़ उछालना बौखलाहट का द्योतक हैं। केजरीवाल का यह कहना कि सीएए के साथ, भाजपा सरकार ने पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश से बड़ी संख्या में गरीब अल्पसंख्यकों के भारत आने के गेट खोल दिए हैं। यह 1947 से भी बड़ा माइग्रेशन होगा। क्या केजरीवाल ने सीएए का नया कानून पढ़ा है, उसमें कहीं भी ऐसी किसी स्थिति का उल्लेख है? केजरीवाल की ही तर्ज पर बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को यह तो समझ नहीं आया कि नागरिकता कानून वैध है या नहीं, लेकिन उन्होंने यह ठान लिया कि वह बंगाल में उसे लागू नहीं होने देंगी। आखिर वह होती कौन हैं इस कानून को न लागू करने वाली? यह प्रश्न इसलिए, क्योंकि इस कानून का किसी राज्य सरकार से कोई लेना-देना ही नहीं। नागरिकता देना केवल केंद्र सरकार का अधिकार है। यह बुनियादी बात तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन को भी समझनी होगी, क्योंकि उनकी ओर से भी यह कहा जा रहा है कि वह इस कानून को अपने राज्य में लागू नहीं होने देंगे। यह हास्यास्पद एवं विरोधीभासी स्थिति है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल इस विचित्र नतीजे पर पहुंच गए कि नागरिकता कानून को अमल में लाकर केंद्र सरकार पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान के लोगों को भारत लाकर उन्हें नौकरियां देने और उनके लिए घर बनाने का काम करने जा रही है। जबकि सीएए पाकिस्तान, अफगानिस्तान एवं बांगलादेश से किन्हीं नये अल्पसंख्यकों का भारत लाकर बसाने, उन्हें घर एवं नौकरी देने का कानून है ही नहीं। कोई भी यह समझ सकता है कि वह संकीर्ण राजनीतिक कारणों से नागरिकता कानून की मनमानी व्याख्या कर रहे हैं और इस तथ्य की जानबूझकर अनदेखी कर रहे हैं कि यह कानून उक्त तीन देशों के अल्पसंख्यकों को बुलाकर नागरिकता देने का नहीं है। केजरीवाल के बचकाने एवं बेहूदे बयानों से हिन्दू एवं सिख शरणार्थियों में काफी गुस्सा देखा गया है। उन पर चोरी, रेप और अपराध जैसे आधारहीन आरोप लगाने से उनकी भावनाएं आहत हुई हैं, जो शरणार्थी वर्षों से न्याय होने की उम्मीद लगाये इस कानून की प्रतीक्षा कर रहे थे, उन पर घटिया राजनीति के चलते तरह-तरह के वार उनको पीड़ा दे रहे हैं। केजरीवाल, ममता एवं एमके स्टालिन का मोदी-विरोध के नाम पर देश-विरोध एवं कानून विरोध पर उतर जाना उनकी स्तरहीन राजनीति को ही दर्शा रहा है। मोदी का विरोध कोई नई बात नहीं है। कभी-कभी तो ऐसा प्रतीत होने लगता है कि इन नेताओं की विरोध करना ही नियति हैं। आश्चर्य इस बात का है कि विरोध की तीव्रता एवं दीर्घता के बावजूद मोदी के अस्तित्व पर कोई आंच नहीं आ सकी। जहां तक सीएए के लागू होने का प्रश्न है तो यह अब एक कानून बन चुका है और उसे लागू होने से कोई नहीं रोक सकता।



ललित गर्ग



दिल्ली का मुख्यमंत्री होने के नाते अरविंद केजरीवाल को पाकिस्तान, बांगलादेश और अफगानिस्तान से आये हिंदू व सिख शरणार्थियों के प्रति सहानुभूति होनी चाहिए, उनकी दीन दशा से परिचित होने के साथ ही उनके प्रति न्यूनतम संवेदनशीलता का भी उन्हें परिचय देना चाहिए। यदि विरोधी दलों को यह लगता है कि नागरिकता कानून ठीक नहीं तो वह उससे असहमति जताने और कांग्रेस एवं तृणमूल कांग्रेस नेताओं की तरह सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाने को स्वतंत्र हैं, लेकिन इसके नाम पर उन्हें लोगों को भड़काने से बाज आना चाहिए। उनकी इसी भड़काऊ राजनीति के कारण चार साल पहले देश में जगह-जगह हिंसा हुई थी और शांतिपूर्ण विरोध के बहाने आगजनी की गई थी। दिल्ली में तो शाहीन बाग इलाके में विपक्षी दलों के सहयोग और समर्थन से एक व्यस्त सड़क घेरकर महीनों तक धरना चलाने से आम जनता पीड़ित एवं परेशान हुई। विद्वेष और वैमनस्य पैदा करने वाले इसी धरने के चलते दिल्ली में भीषण दंगा हुआ था, जिसमें 50 से अधिक लोग मारे गए थे। क्या विपक्षी दल अशांति, हिंसा एवं अराजकता की आग फैलाकर फिर से अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकना चाहते हैं? यदि नहीं तो फिर उन्हें नागरिकता कानून के विरोध में जबान संभालकर बोलना चाहिए। विरोध का भी कोई उद्देश्य और स्तर होता है। निरुद्देश्य एवं स्तरहीन विरोध, विरोधी खेमे की स्वार्थपूर्ण मनोवृत्ति, ईर्ष्या एवं विध्वंस की नीति का ही स्वयंभू प्रमाण है।

सीएए लागू होने को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच राजनीति तेज होने लगी है, यह आगामी लोकसभा चुनाव का एक मुख्य मुद्दा होगा, इसमें कोई संदेह नहीं है।। भाजपा नेता इसे नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा उठाया गया ऐतिहासिक कदम बता रहे हैं तो वहीं विपक्ष इसका विरोध कर रहा है। लेकिन मोदी सरकार का यह कदम ऐतिहासिक एवं साहसिक तो है, क्योंकि आजादी के बाद से अब तक शरणार्थियों ने जो तकलीफें झेली है, जो कष्ट एवं उपेक्षाओं का जीया है, वह उन्हें नागरिकता मिलने से ही दूर हो सकती है। अब उन्हें नागरिकता मिलने का रास्ता साफ हो गया है तो उसका स्वागत होना चाहिए। केजरीवाल तो शरणार्थियों को मिल रही नागरिकता की स्वतंत्र सांसों का स्वागत की बजाय विरोध कर रहे हैं, यह कैसी राजनीति है? यह कैसे राजनेता है?

# मील का पत्थर साबित होगा विधायी विशेषाधिकार पर फैसला

इतिहास के पन्ने पलटें तो साल 1991 का लोकसभा चुनाव राजीव गांधी की हत्या के बाद हुआ। 1989 में बोफोर्स घोटाले के आरोप में सत्ता गंवाने के बाद कांग्रेस 1991 में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी। उसने 487 सीटों पर चुनाव लड़ा जिसमें से 232 सीटें हासिल कीं. सरकार बनाने के लिए 272 सीटों की जरूरत थी। इन सबके बीच पीवी नरसिम्हा राव प्रधानमंत्री बने। नरसिम्हा राव की सरकार के सामने कई चुनौतियां थीं जिसमें सबसे बड़ी चुनौती आर्थिक संकट था. उनकी सरकार में ही 1991 का ऐतिहासिक आर्थिक सुधार किया गया।


सुप्रीम कोर्ट की सात जजों की बेंच ने सांसदों और विधायकों के विशेषाधिकार से जुड़े केस में फैसला सुनाते हुए कहा है कि संसद, विधानमंडल में भाषण या वोट के लिए रिश्वत लेना सदन के विशेषाधिकार के दायरे में नहीं आएगा। यानी अब अगर सांसद या विधायक रिश्वत लेकर सदन में भाषण देते हैं या वोट देते हैं तो उन पर कोर्ट में आपराधिक मामला चलाया जा सकता है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने इस मामले पर फैसला सुनाते हुए कहा- ÷विधायी विशेषाधिकारों का उद्देश्य सामूहिक रूप से सदन को विशेषाधिकार देना है।' अनुच्छेद 105/194 सदस्यों के लिए एक भय मुक्त वातावरण बनाने के लिए है। भ्रष्टाचार और रिश्वत संसदीय लोकतंत्र को बर्बाद करने वाला है।÷ संविधान का अनुच्छेद 194 (2) कहता है कि संसद या राज्य के विधानमंडल का कोई भी सदस्य सदन में कही गई कोई बात, सदन में दिए गए वोट को लेकर किसी भी अदालत में जवाबदेह नहीं होगा। साथ ही संसद या विधानमंडल की किसी भी रिपोर्ट या पब्लिकेशन को लेकर भी किसी व्यक्ति की किसी भी अदालत में जवाबदेही नहीं होगी।



रोहित माहेश्वरी

ये नया मामला तब सामने आया जब सुप्रीम कोर्ट झारखंड मुक्ति मोर्चा की विधायक सीता सोरेन के एक कथित रिश्वत मामले की सुनवाई कर रहा था. सीता सोरेन पर आरोप था कि उन्होंने साल 2012 में राज्यसभा के चुनाव में एक निर्दलीय उम्मीदवार को वोट देने के लिए रिश्वत ली। इस मामले में साल 1998 के सुप्रीम कोर्ट के पीवी नरसिम्हा राव बनाम भारत गणराज्य केस के फैसले का हवाला दिया गया। जिसमें कहा गया था कि संसद या विधानमंडल में कोई भी सांसद-विधायक जो कहते हैं और जो भी करते हैं उसे लेकर उन पर किसी भी अदालत में मुकदमा नहीं चलाया जा सकता।

साल 2019 में तत्कालीन सीजेआई रंजन गोगोई, जस्टिस अब्दुल नजीर और जस्टिस संजीव खन्ना की बेंच ने इस मामले पर सुनवाई की और कहा कि पी.वी. नरसिम्हा मामले में दिया गया फैसला बिलकुल इसी तरह का है और वह फैसला यहां भी लागू होगा। हालांकि बेंच ने उस समय ये कहा था कि नरसिम्हा राव केस में बहुत ही कम अंतर से फैसला हुआ था इसलिए मुद्दे को बड़ी बेंच को देना चाहिए। ताजा फैसला सीजेआई चंद्रचूड़ के नेतृत्व में सात जजों की बेंच ने दिया है। सर्वोच्च अदालत की संविधान पीठ ने संविधान पीठ का ही फैसला बदल दिया। फर्क इतना था कि 1998 की पीठ पांच न्यायाधीशों की थी, जिसने 'नरसिम्हा राव बनाम सीबीआई' मामला सुना था और 3-2 न्यायाधीशों के बहुमत से फैसला सुनाया था। अब संविधान पीठ सात न्यायाधीशों की है। इतिहास के पन्ने पलटें तो साल 1991 का लोकसभा चुनाव राजीव गांधी की हत्या के बाद हुआ। 1989 में बोफोर्स घोटाले के आरोप में सत्ता गंवाने के बाद कांग्रेस 1991 में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी। उसने 487 सीटों पर चुनाव लड़ा जिसमें से 232 सीटें हासिल कीं. सरकार बनाने के लिए 272 सीटों की जरूरत थी। इन सबके बीच पीवी नरसिम्हा राव प्रधानमंत्री बने। नरसिम्हा राव की सरकार के सामने कई चुनौतियां थीं जिसमें सबसे बड़ी चुनौती आर्थिक संकट था. उनकी सरकार में ही 1991 का ऐतिहासिक आर्थिक सुधार किया गया और अर्थव्यवस्था का उदारीकरण हुआ। लेकिन इसी समय देश में राजनीतिक स्तर पर भी बड़े बदलाव हो रहे थे और बीजेपी नेता लालकृष्ण आडवाणी के नेतृत्व में राम जन्मभूमि आंदोलन अपने चरम पर था. 6 दिसंबर 1992 को अयोध्या में बाबरी मस्जिद गिरायी गई। दो साल बाद यही दो मुद्दे नरसिम्हा राव सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने के मुख्य कारण बने।



26 जुलाई 1993 को मानसून सत्र में सीपीआई (एम) के अजॉय मुखोपाध्याय ने नरसिम्हा राव सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया. जिसका कारण बताया गया था- ÷आईएमएफ और विश्व बैंक के सामने पूरी तरह समर्पण करना, जन-विरोधी आर्थिक नीतियों को लाने से बेरोजगारी बढ़ रही है, मंहगाई बढ़ रही है। इससे भारतीय उद्योग और किसानों के हितों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।' 'सरकार सांप्रदायिक ताकतों के प्रति समझौतावादी रवैये अपना रही है और इसलिए अयोध्या की घटना हुई। ये सरकार संविधान मे दी गई धर्मनिरपेक्षता को बचाने में फेल हो रही है। अयोध्या में मस्जिद के विध्वंस के लिए जिम्मेदार लोगों को सजा नहीं देने में सरकार फेल साबित हुई है।'' उस समय लोकसभा में 528 सीटें हुआ करती थीं और कांग्रेस के पास 251 सीटें थीं. सरकार बचाने के लिए 13 और सीटों की जरूरत थी। इस प्रस्ताव पर तीन दिन तक बहस चली। जब 28 जुलाई को अविश्वास प्रस्ताव पर वोटिंग हुई तो अविश्वास प्रस्ताव 14 वोटों से गिर गया, इसके पक्ष में 251 और इसके विरोध में 265 वोट पड़े। इस वोटिंग के तीन साल बाद रिश्वत का मामला सामने आया।

वास्तव में मुद्दा संविधान के अनुच्छेद 105 (2) और 194 (2) के तहत सांसदों और विधायकों के, सदन के भीतर, विशेषाधिकार का है। पहला केस झामुमो सांसदों को दी गई घूस का था, जिसके एवज में उन्होंने तत्कालीन नरसिम्हा राव सरकार के समर्थन में वोट दिए थे। वह अल्पमत सरकार थी और बहुमत के लिए कई सांसदों को 'खरीदा' गया था। विशेषाधिकार यह रहा है कि सांसद और विधायक सदन में अपना वोट बेच सकते थे। संविधान पीठ ने भी इसे 'माननीयों' का विशेषाधिकार करार दिया था। ऐसी घूस के लिए उनके खिलाफ आपराधिक मुकदमा नहीं चलाया जा सकता था। यदि 'माननीय' रिश्वत लेकर, रिश्वत देने वाले पक्ष के बजाय, किसी और को वोट देता है, तो उसके खिलाफ मुकदमा चलाया जा सकता था।

स्पीकर सोमनाथ चटर्जी ने 11 सांसदों की सदस्यता बर्खास्त कर दी थी, क्योंकि उन्होंने सदन में सवाल पूछे थे, लेकिन प्रायोजित सवाल पूछने के लिए घूस सदन के बाहर ली थी। बहरहाल अब सात न्यायाधीशों की संविधान पीठ के सर्वसम्मत फैसले ने न केवल पुराना फैसला अप्रभावी और अप्रासंगिक बना दिया है, बल्कि सांसदों और विधायकों के विशेषाधिकार की परिभाषा ही बदल दी है। यह फैसला 'मील का पत्थर' साबित हो सकता है, क्योंकि यह संसदीय लोकतंत्र को अपेक्षाकृत ईमानदार, स्वच्छ, शुचितापूर्ण और जिम्मेदार बना सकता है। 'माननीयों' की भेड़-बकरी की तरह खरीद-फरोख्त थम सकती है। सात न्यायाधीशों के फैसले के बाद अब घूस लेकर वोट देना, पैसे लेकर सवाल पूछना अथवा विशेष तरह से भाषण देना, सदन में किसी पर, कुछ भी आरोप लगाते हुए बोलना संसदीय विशेषाधिकार नहीं होगा। संविधान पीठ ने अनुच्छेद 105 (2) और 194 (2) की नई व्याख्या कर दी है। यह उसका संवैधानिक विशेषाधिकार भी है। अब दायित्व संसद पर है कि वह ऐसे संसदीय विशेषाधिकार को ही खत्म करे।

# व्यायाम से शरीर तो स्वस्थ रहता हैः डॉ. श्रेता तिवारी

■ महिलाओं के स्वास्थ्य व पोषण पर जागरूकता अभियान

वहाज अली निहाल



इटावा। नारायन कालेज ऑफ साइंस एण्ड आर्ट्स, आलमपुर हौज में उ.प्र. कौशल विकास मिशन के द्वारा प्रशिक्षण के दौरान डॉ.श्रेता तिवारी, डायरेक्टर, नारायन कालेज ऑफ साइंस एण्ड आर्ट्स ने प्रशिक्षण ले रहे प्रशिक्षार्थियों को बताया कि हमारे जीवन व्यायाम क्यों जरूरी है। मानव शरीर और श्वास का सम्बन्ध के बारे में बताया कि श्वास लेना हमारे जीवन महत्वपूर्ण हिस्सा है। ब्रीथिंग करने से हमारा जीवनकाल भी लम्बा तथा हमारा शरीर लचीला एवं फुर्तीला बनता है। महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की आवश्यकता है क्योंकि स्वास्थ्य खराब होने पर लोग बीमारियों की चपेट में आ जाते हैं इसलिए महिलाओं को सुबह जल्दी उठकर योगा करके आसन आदि करना चाहिए। व्यायाम करने से शरीर तो स्वस्थ रहता ही है वहीं पूरे दिन मन प्रसन्न रहता है जिससे कोई भी कार्य करने में तनाव नहीं रहता है और कार्य सुगमतापूर्वक हो जाता है। वही डाक्टरों, चिकित्सकों से दूर रहकर विभिन्न प्रकार की बीमारियों से बचकर अपना स्वस्थं जीवन बिताकर चैन की नींद सोते हैं जिससे हमारा पारिवारिक जीवन सुखमय व्यतीत होता है। मुख्य अतिथि डॉ. (प्रो.) अनिल कुमार, सर्जरी विभाग, सैंफई, पी.जी.आई ने अपने सम्बोधन में कहा कि सनातन और मॉडर्न मेडिसिन के बारे में विस्तार से चर्चा की। आगे इन्होंने कहा कि महिलाओं को कमजोर बताया जाता है लेकिन महिलाएं कमजोर कदापि नहीं सिर्फ प्रकृति के अनुरूप ही पुरूषों की अपेक्षा शारीरिक कमजोर है। महिलाओं ने स्मरण शक्ति बहुत ही तेज होती है। महिलाओं में सदैव परिवर्तन होता रहता है/बदलाव को बर्दाश्त करती है/ सहनशक्ति /स्मरणशक्ति/ दर्द सहने की शक्ति पुरूषों की अपेक्षा ज्यादा है। समाज आपके ममता/प्यार पर चोट करता हैं। आप अपने को सशक्त समझें। आदमी अपना उद्देश्य पूरा करता है, वहीं महिलाएं अपनो सपना पूरा करती है। सनातन धर्म में महिलाओं को देवी को रूप दिया गया। महिलाओं में ज्यादातर खून की कमी रहती है। हरी सब्जी, सलाद एवं फल आदि खाकर अपनी सेहत का भी ध्यान रखें। आगे उन्होंने कहा कि किसी के जहर खाने पर रोटी को जला लें तथा कोयला बनने पर उसमें थोड़ा सा खाने वाला चूना मिलाएं तथा 4-5 चम्मच दूध तथा 4-5 चम्मच घी मिलाकर पीस कर पिला देने से मरीज जहर से बच जाएगा तथा मरीज को हॉस्पीटल पहुंचने का समय मिल जाएगा। आगे उन्होंने कहा स्वस्थ रहने के लिए ब्रह्ममुहूर्त में उठकर दिमागी/शारीरिक कार्य करें जिससे पूरे दिन मेंटल स्टेबिलिटी रहेगी तथा ब्रह्ममुहूर्त में न उठने की स्थिति में गुण हार्मोन्स पेशाब के रास्ते बाहर निकल जाएगे। अपने बच्चों को सनातन धर्म के बारे में सिखाएं। बच्चे में 9.-95 प्रतिशत बुद्धि माँ से आती है तथा पिता से . प्रतिशत बुद्धि आती है एवं 5 प्रतिशत पैदा होने के बाद प्रकृति से सीखता है। माँ का उदाहरण देते हुए कहा कि माँ देवी है/भगवान है/शक्ति है तथा माँ ही बच्चों को अच्छे संस्कार देती है। भारतीय ज्ञान परम्परा पर आध्यात्मिक ज्ञान, वेद-शास्त्रों के बारे बताया कि भगवान सब जगह व्याप्त/सर्वकार है। हमें उस पर विश्वास रखकर प्रत्येक कार्य करना चाहिए तभी हमारा जीवन सार्थक होगा। आदिकाल से लोग देवी-देवताओं और धर्मशास्त्रों पर विश्वास करते आये हैं। हम लोगों को वेद-शास्त्र का ज्ञान होना जरूरी है। श्रीकृष्ण अवस्थी, कोर्डिनेटर पं. दीनदयाल उपाध्याय जागृति समिति, इटावा ने कहा प्रशिक्षार्थियों को आत्मनिर्भर बनने के लिए अपने पैरों पर खड़ा होना जरूरी है तभी वह आत्मनिर्भर बनेंगे और अपनी आय बढ़ाने के साथ अपने परिवार का जीवन स्तर भी ऊंचा कर सकेंगें। कार्यक्रम का कुशल संचालन प्रवल गुप्ता एवं सौरभ शाक्य द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस मौके पर निधि तिवारी, मोहिनी तिवारी, दीपिका, दीपाली, कीर्ति, सौरभ, शुभम तिवारी उपस्थित रहे।

# ऑल इण्डिया किसान यूनियन ने दिया जिलाधिकारी को ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता



मक्खनपुर/फिरोजाबाद। फिरोजाबाद की नगर पंचायत मक्खनपुर में विल्टीगढ़ चौराहे से लेकर बैंक तक रोड चौड़ीकरण और नाली निर्माण में लोगो मकानों और दुकानों को ध्वस्त किया गया था जिसमे आज क्षेत्रीय जनता ने ऑल इण्डिया किसान यूनियन के नेतृत्व में जिलाधिकारी फिरोजाबाद को अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। आपको बता दे नगर पंचायत मक्खनपुर के चेयरमैन व अधिशासी अधिकारी द्वारा गैर कानूनी तरीके से विल्टीगढ़ चौराहे से बैंक चौराहे तक सड़क को चौड़ी करने के लिए गैर कानूनी असंवैधानिक रूप का प्रयोग किया गया है रात के समय सड़क के किनारे बने मकानों व दुकानों को यह कहकर बुलडोजर से ध्वस्त करा दिया की लखनऊ का आदेश है। और इस मार्ग को 40 फिट का किया जाना है। इसका पालन करना पड़ेगा जब भूमि स्वामियों द्वारा आदेश की कॉपी मांगी गई तो चेयरमैन और अधिशासी अधिकारी दिखाने में असमर्थ रहे। 200 से ज्यादा मकानों व दुकानों को पुलिस बल का प्रयोग करके एक ही रात में बुलडोजर से ध्वस्तीकरण कराए जाने का कार्य किया गया। और जब नाला बनने का नंबर आया तो धनबल व बाहुबल जो रुपया देने मैं समर्थ थे उनके सामने 35, 36, 37, 38 फुट की सड़क रखी है। तथा दलित व गरीब मजदूर जो रुपया देने में असमर्थ थे उनके सामने 40,41,42,43,44, फुट तक का रोड कर दिया है और नगर पंचायत ने जो मानक बताया था वो 40 फुट का था। नगर पंचायत व पीडब्ल्यूडी में दर्ज किया गया है। और आज तक मुआवजे के तौर पर एक रुपए तक का भी भुगतान नहीं किया गया है। ये पूरा वाक्या जिलाधिकारी के आवास से 2 किलोमीटर दूरी पर रात भर गरीबों और असहाय लोगो के घरों पर बुलडोजर चलता रहा। जो की एक गैरकानूनी व असंवैधानिक था।

# फिरोजाबाद एसडीएम और सीएमओ आमने सामने



अवधनामा संवाददाता

फिरोजाबाद। फिरोजाबाद एसडीएम कल घूंघट में फिरोजाबाद के शकीला नईम अस्पताल पहुंची थी उन्होंने वहां निरीक्षण किया था जिसमें कई खामियां मिली थी बता दे फिरोजाबाद की एसडीएम कीर्ति राज के निरीक्षण करने के बाद एक तहलका मच गया था इसके बाद आज सीएमओ की टीम शकीला नईम अस्पताल पहुंची और उन्होंने वहां उन खामियों को देखा जिस पर एसडीएम ने रिपोर्ट और एक्सपायरी दवा की बात कही थी, फिरोजाबाद के सीएमओ राम बदन राम ने एसडीएम के निरीक्षण को सिरे से खारिज कर दिया है, सीएमओ ने कहा कि एसडीएम ने जो बात कही है कि वहां गंदगी और एक्सपायरी दवा बांटी जा रही थी जबकि ऐसा वहां कुछ नहीं है सीएमओ ने एसडीएम की सारी बातों को खारिज कर दिया है उन्होंने कहा ऐसी कोई खामियां नहीं पाई जा रही है, सीएमओ ने कि हमने तीन डॉक्टरों की टीम घटित की है उसकी जांच कराई जा रही है अगर कोई दोषी पाया जाता है तो उसके विरुद्ध कार्रवाई करेंगे।

# होली, रमज़ान को शांतिपूर्ण ढंग से सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने की अपील की

## बिजली के जो भी लटकते हुए तार दिखाई दे रहे हैं उनको ऊपर कराकर उनकी व्यवस्था आदि सुनिश्चित करेंः ज़िलाधिकारी

अवधनामा ब्यूरो



इटावा। जिलाधिकारी अवनीश राय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा की अध्यक्षता में आगामी त्यौहार होली एवं रमजान को दृष्टिगत रखते हुए कानून एवं शांति व्यवस्था आदि के लिए सेंट्रल पीस कमेटी की बैठक विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार में आयोजित की गई। बैठक में सभी धर्म के गुरुओं, महन्तो एवं मौलवियों तथा नागरिकों आदि ने अपनी-अपनी समस्याओं को जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के सम्मुख प्रस्तुत की। जिलाधिकारी ने कहा कि आने वाले त्योहारों को सकुशल संपन्न कराने में जिला प्रशासन सदैव तत्पर रहेगा। उन्होंने जनपद वासियों से होली एवं रमजान को शांतिपूर्ण ढंग से सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने की अपील की। जिलाधिकारी ने त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि त्योहारों के पूर्व सारी तैयारियां पूर्ण कर ली जाएं। उन्होंने त्योहारों के दौरान अराजक तत्वों से कड़ाई से निपटने के भी निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि साफ सफाई, बिजली एवं पानी आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि कोई नई परंपरा न लागू की जाए जिससे पुलिस प्रशासन को जानकारी ना हो उस जगह पुलिस फोर्स आदि की व्यवस्था न हो सके। उन्होंने कहा कि वाहन चलाते समय शराब आदि का प्रयोग ना किया जाए तथा शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरों आदि को लेकर सोशल मीडिया टीम बनाई गई है जिससे टीम के द्वारा भ्रामक खबरें फैलाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि बिजली के जो भी लटकते हुए तार दिखाई दे रहे हैं उनको ऊपर कराकर उनकी व्यवस्था आदि सुनिश्चित करें। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने सभी थानाध्यक्षों को निर्देश दिया कि किसी भी प्रकार की घटना होने की आशंका को लेकर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, नगर मजिस्ट्रेट दिग्विजय प्रताप सिंह, एसपी सिटी अभय नाथ त्रिपाठी, एसपी क्राइम सुबोध गौतम, समस्त उपजिलाधिकारी एवं समस्त संबंधित अधिकारीगण तथा सभी धर्मो के महंत आदि उपस्थित रहे।

# मुमताज़ राईन बने जमीअत उर राईन के शहर अध्यक्ष

अवधनामा ब्यूरो



इटावा। जमीअत-उर-राईन की ओर से शहर के एक होटल में एक मीटिंग आयोजित की गई जिसमें नवनियुक्त कार्यकारिणी की घोषणा की गई कार्यक्रम में अतिथियों को माला पहनाकर व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। जमीअत-उर-राईन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शमशाद आलम राईन, प्रदेश अध्यक्ष मु.वसीम राईन के आदेश पर जिला प्रभारी रहीसुद्दीन राईन, जिलाध्यक्ष मुस्तकीम राईन ने संयुक्त रूप से शाहकमर निवासी मुमताज़ राईन को शहर अध्यक्ष मनोनीत किया। इस मौके पर रहीसुद्दीन राईन ने कहा कि राईन समाज में शिक्षा की बहुत कमी है आधी रोटी खाएं बच्चों को जरूर पढ़ाएं हर घर में बच्चों को तालीम दी जाना आवश्यक है जिलाध्यक्ष मुस्तकीम राईन ने कहा हिंदुस्तान में राईन बिरादरी की संख्या सबसे ज्यादा है फिर भी हम पिछड़े हुए हैं अगर हम लोगों को अपने हालात सुधारना है तो शादियों में फिजूल खर्ची बंद करना होगी। अब्दुल मन्नान राईन ने कहा समाज का तन मन धन से साथ देना हम सबकी जिम्मेदारी है बच्चों की शिक्षा और गरीब बच्चियों की शादी की जिम्मेदारी हम सब की है। नवनियुक्त शहर अध्यक्ष मुमताज़ राईन ने कहा हमें जो जिम्मेदारी समाज की तरफ से दी गई है उस पर खरा उतरना हमारी जिम्मेदारी है। इस मौके पर चौधरी इदरीश राईन, हाजी बाबू भाई राईन, इदरीश राईन (मछली वाले) जैनुल आबेदीन राईन, जाकिर हुसैन राईन, सलीम राईन, मुनव्वर हुसैन राईन, सफर राईन, हसन राईन, इकबाल राईन मुन्ना, ख्वाजुद्दीन राईन ने मुबारकबाद दी।

## राष्ट्रीय सेवा योजना, विकसित भारत विषय पर चर्चा हुई

मथुरा। किशोरी रमण स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मथुरा के राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के छठवें दिन सरस्वती वंदना एवं लक्ष्य गीत के साथ विकसित भारत 1947 विषय पर विस्तार से चर्चा करते हुए बताया कि भारत प्राकृतिक संसाधनों का देश है इन संसाधनों का समुचित सदुपयोग करके हमारे विकसित भारत की संकल्पना पूरी होगी संगोष्ठी में प्रोफेसर राजेश अग्रवाल लेफ्टिनेंट डॉ कपिल कौशिक राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ अशोक कुमार कौशिक एवं डॉ नवीन अग्रवाल रहे । इसके बाद सुभाष इंटर कॉलेज से सदर तिराहे मथुरा तक मतदाता जागरूकता रैली गगन भेदी नारों के साथ निकाली गई एवं सदर तिराहे पर मतदाता जागरूकता पर एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया नाटक के माध्यम से यह बताया कि स्वस्थ और मजबूत लोकतंत्र के लिए चुनाव में देश के सभी मतदाताओं की सहभागिता आवश्यक है ।

# यमुना शुद्धिकरण के मामले में चुनाव पूर्व पहल

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। शासन की प्रक्रिया में लम्बे समय से उलझी यमुना शुद्धिकरण की नाला टैपिंग परियोजना आज उस समय अहम पड़ाव पर पहुंचती दिखी जब 400करोड़ की वित्तीय स्वीकृति के पश्चात् जलनिगम ग्रामीण की स्थानीय इकाई द्वारा मथुरा की लोकप्रिय सांसद श्रीमति हेमा मालिनी की उपस्थिति में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण स्थल पर भूमि पूजन संपन्न कराया गया। ब्रज विकास के संकल्प को लेकर तीसरी बार लोकसभा निर्वाचन हेतु तैयार श्रीमति हेमा मालिनी ने आज मध्यान्ह अभिजित मुहूर्त में धार्मिक विधि विधान से यमुना को प्रदूषित कर रही कोसी ड्रेन सहित अन्य चार नालों को टैप किए जाने की परियोजना का आचार संहिता प्रभावी होने से पूर्व भूमि पूजन कर यमुना भक्तों के हृदय में यमुना शुद्धि के क्रियान्वयन का विश्वास जाग्रत कर दिया। इस अवसर पर उपस्थित यमुना कार्य योजना सम्बन्धी जनहित याचिका के याची व वरिष्ठ भाजपा नेता गोपेश्वरनाथ चतुर्वेदी ने योजना की महत्ता और उसके पूर्ण होने पर यमुना में एक बूंद गन्दा पानी न जाने की योजना पर विस्तार से जानकारी दी, जिससे कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में उपस्थित स्थानीय महिला, युवतियों सहित भाजपा कार्यकर्ताओ ने जय घोष कर अबकी बार चार सौ पार के नारे लगाकर सांसद सहित केन्द्र की मोदी व प्रदेश में योगी सरकार के प्रति आभार प्रकट किया। इस अवसर पर भाजपा महानगर अध्यक्ष घनश्याम सिंह लोधी, सांसद प्रतिनिधि जनार्दन शर्मा, विजय बहादुर सिंह, संजय गोविल, मिलन भाटिया, पंकज वशिष्ठ सहित मंडल कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी, महिला मोर्चा कार्यकर्ताओ के अतिरिक्त अधिशासी अभियन्ता जल निगम व नगर आयुक्त आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## भाकपा (माले) ने सीएए के विरोध में ज्ञापन सौंपा

मथुरा। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी लेनिनवादी) ने नागरिकता संशोधन कानून को 11 मार्च से प्रभावी करने वाली अधिसूचना का विरोध किया है। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के नाम संबोधित ज्ञापन में पार्टी की जिला कमेटी ने नागरिकता संशोधन कानून को धर्मनिरपेक्ष संविधान के विरुद्ध बताया है और इसे लागू करने की अधिसूचना को आगामी आम चुनावों में धार्मिक ध्रुवीकरण के उद्देश्य से जारी की गई अधिसूचना कहा है। भाकपा (माले) की जिला कमेटी के मंत्री कामरेड गिराधारी लाल चतुर्वेदी और राज्य समिति सदस्य कामरेड नसीर शाह के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने यह ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार को उनके कार्यालय में सौंपा। प्रतिनिधि मंडल ने कानून को लागू करने वाली अधिसूचना वापस लेने की मांग की। प्रतिनिधि मंडल में सर्वश्री मधुवन दत्त चतुर्वेदी एडवोकेट, जीसस चतुर्वेदी एडवोकेट, शिव कुमार एडवोकेट और महेश सिसौदिया एडवोकेट शामिल थे।

# विकसित भारत चाहते हैं तो मोदी जी को सफल बनाएंः हेमा



अवधनामा संवाददाता

मथुरा। भारतीय जनता पार्टी के शिक्षण संस्थान प्रकोष्ठ द्वारा विकसित भारत संकल्प पत्र संगोष्ठी एवं सुझाव कार्यक्रम संस्कृति विश्वविद्यालय के संतोष मैमोरियल आडिटोरियम में आयोजित किया गया। मथुरा-वृंदावन लोकसभा क्षेत्र के इस आयोजन में मुख्य अतिथि सांसद डा. हेमा मालिनी ने प्रकोष्ठ से जुड़े शिक्षकों, अधिकारियों में उत्साह भरते हुए आह्वान किया कि यदि विकसित भारत चाहते हैं तो मोदीजी को सफल बनाने के लिए जुट जाएं।

मथुरा-वृंदावन लोकसभा सीट से भाजपा की तीसरी बार टिकट पाने वाली सांसद, सिने तारिका, नृत्यांगना डा. हेमा मालिनी ने कहा कि मैं जब तक जीवित हूं मथुरा-वृंदावन की सेवा करती रहूंगी। उन्होंने कहा कि मैं राजनीति में इसलिए आई कि जो इस क्षेत्र में आने में हिचकते हैं वे देख लें कि यहां अच्छे लोगों की कितनी जरूरत है। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि आप लोग बच्चों को बताईए और प्रेरित करिए कि वे राजनीति में आएं और देश को सही दिशा दें। उन्होंने कहा कि हमारे देश का नेतृत्व सही हाथों में है। हम चाहते हैं कि प्रधानमंत्री मोदीजी का विकसित भारत का जो लक्ष्य है वह पूरा हो, हम उसी रास्ते पर उनके साथ हैं। शिक्षक ही हैं जो विद्यार्थियों को देश की संस्कृति, देश की गरिमा के बारे में बताकर उन्हें अच्छा नागरिक बनाते हैं। इसलिए में चाहती हूं ये विद्यार्थी जब राजनीति में आएं तो सारे देश को अच्छा बनाएं। मैंने मथुरा के लिए बहुत कुछ किया है और बेस्ट बनाने के लिए बहुत कुछ और करना चाहती हूं। मोदीजी ने मेरी भावनाओं को समझा और मुझे फिर से मौका देकर आपकी सेवा करने के लिए भेजा है।

आज के इस सम्मेलन की आयोजक, शिक्षण संस्थान प्रकोष्ठ की जिला संयोजक डा. श्रीमती मीनाक्षी शर्मा ने कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तार से प्रकाश डाला और चुनाव में शिक्षण प्रकोष्ठ की भूमिका को बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के हाथ में देश का भविष्य है और देश का विकास हमारी जिम्मेदारी है। हमें राजनीतिक, सामाजिक, धार्मिक सभी क्षेत्र से जुडे लोगों को प्रेरित कर भाजपा को जिताना है। सम्मेलन के मुख्य वक्ता एवं प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक पवन सिंह चौहान ने कहा कि जो पिछले सत्तर साल में विकास नहीं हुआ वह पिछले नौ साल में हो गया। उन्होंने आह्वान करते हुए कहा कि आप सभी से जुड़ें और लोगों को इस बारे में बताएं। प्रदेश सह संयोजक प्रभारी ब्रज एवं पश्चिम प्रदेश भास्कर द्विवेदी ने शिक्षण प्रकोष्ठ की जिला संयोजक, कार्यक्रम की आयोजक डा. श्रीमती मीनाक्षी शर्मा की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने बहुत ही कम समय में शिक्षण प्रकोष्ठ से कई सारे लोगों को जोड़ा और अनेक कार्यक्रम कराए। उन्होंने उपस्थित लोगों से हेमाजी की जीत सात लाख से कराने का संकल्प भी कराया।

# जागरूकता फैलाने के लिए मनाया जाता है विश्व किडनी दिवस

वहाज अली निहाल

■ विश्व किडनी दिवसपर डायलिसिस वार्ड जाकर कुलपति ने मरीजों से पूछा कुशल-क्षेम

■ यूपीयूएमएस सैंफई में विश्व किडनी दिवस पर हुआ गोष्ठी का आयोजन



इटावा। हर वर्ष मार्च महीने के दूसरे गुरुवार कोविश्व किडनी दिवसमनाया जाता है इसी क्रम में गुरुवार को (14 मार्च)यूपीयूएमएस सैंफई में विश्व किडनी दिवस मनाया गया। इस दिवस के अवसर पर कुलपति प्रो.डॉ.प्रभात कुमार सिंह ने 15 बेडेड डायलिसिस वार्ड जाकर मरीजों से कुशल क्षेम पूछा और उनका हाल-चाल जाना। उन्होंने सभी मरीजों से संवाद करते हुए सभी को विश्व किडनी दिवस की बधाई दी व कहा कि आप सभी स्वस्थ जीवन शैली अपनाते हुए बेहतर खान-पान और योगा और व्यायाम प्रतिदिन करें। विश्व किडनी दिवस के उपलक्ष में यूपीयूएमएस सैंफई में संगोष्ठी का भी आयोजन कुलपति की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि इस वर्ष की थीम किडनी हेल्थ फॉर ऑल हैजिसका उद्देश्य है किडनी को हेल्दी बनाए रखना व किडनी रोगों के प्रति लोगों को जागरूक बनाया जाए जिससे लोग जागरूक हों और स्वस्थ्य जीवन शैली अपनाएं। इस अवसर पर उन्होंने नेफ्रोलॉजी और यूरोलॉजी दोनों विभागों के संयुक्त चिकित्सीय प्रयासों के लिए डॉक्टर्स की सरहाना की और उन्हें बेहतर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया।

गोष्ठी को संबोधित करते हुए नेफ्रोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ शालिनी प्रिया ने किडनी के रोगों के सामान्य लक्षणों पर महत्वपूर्ण जानकारी दी और बताया थकावट होना, भूख कम लगना, सोने में समस्या, मांसपेशियों में खिंचाव पर, बार-बार मूत्र जाना, सीने में दर्द, उच्च रक्तचाप जैसे लक्षण किडनी की समस्या के सामान्य लक्षण है यदि यह लक्षण दिखाई दे तो तुरंत डॉक्टर से सलाह लें और चेकअप करवाएं। उन्होंने कहा कि बिना डॉक्टर की सलाह के कोई दवा अपने मन से न लें क्योंकि इसका प्रतिकूल प्रभाव आपकी किडनी पर पड़ सकता है। उन्होंने ने बताया कि उच्च रक्तचाप, डायबिटीज, हृदय रोग, मोटापा, स्मोकिंग, किडनी डिजीज की पारिवारिक हिस्ट्री होने पर यह हाई रिस्क किडनी डिजीज फैक्टर होते हैं इसीलिए इन लोगों को स्वस्थ जीवन शैली अपनानी चाहिए और खान-पान के साथ योग और व्यायाम को दैनिक जीवन में प्राथमिकता देनी चाहिए। यूरोलॉजी विभाग के डॉ.अंकित सचान ने भी किडनी की गंभीर बीमारियों के संदर्भ में अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया और महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की।

कार्यक्रम के अंत में यूरोलॉजी के विभागाध्यक्ष प्रो.डॉ.एम.ए.खान ने सभी अतिथियों को आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्रति कुलपति प्रो. डॉ. रमाकांत, कुल सचिव डॉ चंद्रवीर सिंह , चिकित्सा अधीक्षक डॉ एसपी सिंह, संकाय अध्यक्ष आदेश कुमार, डायलिसिस इंचार्ज ऑफिसर तेजवान, न्यूरोलॉजी यूरोलॉजी विभाग के समस्त डॉक्टर्स व मेडिकल छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# सीमा अरोड़ा की शिक्षा विभाग ने की सेवाएं समाप्त

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। कहते हैं ऊपर वाले की लाठी में आवाज नहीं होती वह एक दिन जरूर न्याय करता है। कॉलेज के सफाई कर्मचारी की सेवा समाप्त करने हेतु झूठी आख्या देने वाली तदरथ अध्यापिका की विभाग ने नौकरी समाप्त कर दी है। मामला शहर के जानकी बाई गर्ल्स इंटर कॉलेज मथुरा का है विभाग ने इस विद्यालय में कार्यरत तदर्थ अध्यापिका सीमा अरोड़ा की 19 फरवरी 2024 को सेवाएं समाप्त करते हुए विद्यालय प्रबंधन को सेवाओं से पृथक करने के लिए आदेशित किया है। आपको बताते चलें अप्रैल 2021 में विद्यालय के सेवा निवृत सफाई कर्मचारी राधाचरण की सेवा समाप्त करने हेतु अस्थाई प्रधानाचार्य श्रीमती अनीता गौतम के कहने पर झूठे तथ्यों पर श्रीमती सीमा अरोड़ा एवं कनिष्ठ लिपिक श्रीमती मधुबाला शर्मा ने फर्जी आख्या देते सेवा समाप्त करने की अपनी संस्तुति की थी उक्त संस्तुति को आधार मानते हुए अनीता गौतम ने राधा चरण सफाई कर्मचारी को सेवा समाप्त कर दी थी।आज तक पेंशन आदि का भुगतान नहीं हुआ है वह आज भी दर दर की ठोकर खा रहा है बताया जाता है कि मधुवाला ने भी मृतक आश्रित कोटे में असल तथ्यो को छुपाकर नोकरी प्राप्त की है जिसकी शिकायत हुई लेकिन दबा दी गई। सीमा अरोड़ा द्वारा अपनी नौकरी बचाने के लिए झूठी आख्या देने वाली को ऊपर वाले देख रहा था।श्री भास्कर मिश्रा जिला विद्यालय निरीक्षक ने 25 नवंबर 2023 को तदर्थ शिक्षकों की सेवा समाप्त हेतु विद्यालय प्रधानाचार्य प्रबंधक को पत्र जारी किया।

# महिला के हत्या छः आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा

अवधनामा संवाददाता

■ अदालत ने 6 दोषियों पर 50-50 हजार रुपये का अर्थदण्ड लगाया

■ एक आरोपी की मुकदमे की सुनवाई के दौरान हो चुकी है मौत

मथुरा। पुरानी रंजिश को लेकर हुई महिला की हत्या के सात दोषियों को एडीजे चतुर्थ डा. पल्ल्वी अग्रवाल ने आजीवन करावास की सजा से दण्डित किया है। अदालत ने 6 दोषियों पर 50-50 हजार रुपये व एक पर 40 हजार रुपये का अर्थदण्ड लगाया है। हत्या की वारदात वर्ष 2008 में बलदेव थाना क्षेत्र के ग्राम सेलखेड़ा हुई थी। एक आरोपी की मुकदमे की सुनवाई के दौरान मौत हो गई। शासन की ओर से इस मुकदमे की पैरवी सहायक शासकीय अधिवक्ता हेमेन्द्र भारद्वाज द्वारा की गई।

बलदेव थाना क्षेत्र के ग्राम सेलखेड़ा में पुरानी रंजिश को लेकर 1 अक्तूबर 2008 की सुबह 7 बजे धर्मवती की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्या की इस वारदात की रिपोर्ट रनवीर सिंह पुत्र गजराज निवासी ग्राम सेलखेड़ा ने गांव के ही जगदीश पुत्र खेमचंद, जगदीश सिंह पुत्र भाव सिंह जाट, भूरा सिंह पुत्र एदल सिंह, हरिप्रसाद पुत्र गुलाब सिंह, इंद्रजीत सिंह पुत्र नाहर सिंह, सुखराम सिंह पुत्र भाव सिंह, प्रेम सिंह पुत्र भगवान सिंह जाट व धर्मेन्द्र कुमार सिंह पुत्र राजन सिंह जाट के खिलाफ बलदेव थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया। मुकदमे की सुनवाई के दौरान जगदीश पुत्र खेमचंद की मौत हो गई।

एडीजीस हेमेन्द्र भारद्वाज ने बताया कि अदालत ने जगदीश पुत्र भाव सिंह जाट, भूरा सिंह, हरिप्रसाद, इंद्रजीत सिंह, सुखराम सिंह, प्रेमसिंह व धर्मेन्द्र कुमार सिंह को धर्मवती की हत्या का दोषी करार देते हुए आजीवन करावास की सजा से दण्डित किया है। अदालत ने 6 अभियुक्तों को हत्या के साथ साथ अवैध असलाह रखने का भी दोषी करार देते हुए सभी पर 50-50 हजार रुपये अर्थदण्ड लगाया है। वहीं एक अभियुक्त सुखराम पर अदालत ने 40 हजार रुपये का अर्थदण्ड लगाया है। सभी अभियुक्त जमानत पर थे। निर्णय सुनाए जाने के बाद अदालत ने सभी का सजाई वारंट बना उन्हें सजा भुगतने के लिए जेल भेज दिया है। एक आरोपी जगदीश पुत्र खेमचंद की मुकदमे की सुनवाई के दौरान मौत हो गई थी।

# रोहित शर्मा और राहुल द्रविड़ नहीं, जुरेल और पडिक्कल थे अजीत अगरकर की पसंद

भारतीय टीम के मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर इंग्लैंड के खिलाफ हार ही में समाप्त हुई टेस्ट सीरीज में अनकैप्ड खिलाड़ियों ध्रुव जुरेल और देवदत्त पडिक्कल को मौका देना चाहते थे। रिपोर्ट के मुताबिक, कप्तान रोहित और कोच राहुल द्रविड़ इस बात को लेकर ज्यादा आश्वस्त नहीं थे कि जुरेल अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में कैसे आगे बढ़ेंगे, क्योंकि उन्होंने सिर्फ 15 प्रथम श्रेणी मैच खेले थे। हालांकि, अगरकर ने उन्हें युवा खिलाड़ी को डेब्यू का मौका देने के लिए मना लिया।

ये अगरकर ही थे जिन्होंने जुरेल के नाम का सुझाव दिया था। टीम प्रबंधन उनके बारे में बहुत आश्वस्त नहीं था क्योंकि वह अभी भी नौसिखिया थे। एक ऐसे युवा खिलाड़ी को चुनना, जिसे टॉप स्तर पर रेड-बॉल में ज्यादा प्रदर्शन नहीं मिला हो, सीधे भारतीय टीम में शामिल कर लिया जाए। विकेट के पीछे शानदार प्रदर्शन करने के बाद जुरेल ने कुछ अविश्वसनीय पारियां भी खेली। रांची में उनके 90 और 39* रन भारत को एक सनसनीखेज बदलाव और सीरीज जीतने में मदद करने में अहम साबित हुए। इस युवा खिलाड़ी को अपनी वीरता के लिए चौथे टेस्ट में प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला।



भारत की बल्लेबाजी क्रम में काफी अनुभवहीनता थी और धर्मशाला टेस्ट से बाहर होने पर सूत्र ने दावा किया कि भारत अनुभवी चेतेश्वर पुजारा को वापस लाने पर विचार कर रहा है। अजीत अगरकर ने एक फिर कदम बढ़ाया और युवा देवदत्त पडिक्कल का समर्थन किया, जिन्हें उन्होंने हाल ही में रणजी ट्रॉफी में 150 रन बनाते देखा था।

इस पर सूत्र ने कहा कि, चेतेश्वर पुजारा के बारे में चर्चा हुई, जो रणजी ट्रॉफी में रन बना रहे थे। बल्लेबाजी लाइन-अप के पास वास्तव में कोई अनुभव नहीं था। लेकिन अगरकर पडिक्कल के चय पर आगे की सोच पर अड़े रहे। जब उन्होंने रणजी में 150 रन बनाए तो वह मौजूद थे। उनका मानना था कि उनका कद इंग्लैंड के अनुभवहीन स्पिनरों के खिलाफ काम आएगा।

## मुंबई ने 42वीं बार जीती रणजी ट्रॉफी, फाइनल में विदर्भ को दी मात

मुंबई ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रणजी ट्रॉफी 2023-24 का खिताब अपने नाम कर लिया। मुंबई ने वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में मुंबई ने विदर्भ को 169 रनों से पराजित किया है। 538 रनों के टारगेट का पीछा करते हुए विदर्भ अपनी दूसरी पारी में 418 रन ही बना सका। मुंबई ने रिकॉर्ड 42वीं बार ये खिताब अपने नाम किया है। वहीं विदर्भ का तीसरी बार खिताब जीतने का सपना टूट गया है। मुंबई ने 8 साल बाद रणजी का खिताब अपने नाम किया है।

वहीं फाइनल मैच में 538 रनों के टारगेट का पीछा करते हुए विदर्भ ने एक समय अपने चार विकेट 133 रनों के स्कोर पर खो दिए थे। यहां से करुण नायर और कप्तान अक्षय वाडकर के बीच पांचवें विकेट के लिए 90 रनों की साझेदारी हुई। मुशीर खान ने नायर को आउट करके इस साझेदारी को तोड़ने का काम किया। करुण नायर के आउट होने के बाद अक्षय वाडकर और हर्ष दुबे ने मिलकर छठे विकेट के लिए 130 रनों की पार्टनरशिप की।

# आरसीबी का शिविर शुरू, अगले कुछ दिन में जुड़ेंगे विराट कोहली




रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर ने इंडियन प्रीमियर लीग से पहले अपने शिविर की शुरूआत की लेकिन उसके स्टार बल्लेबाज विराट कोहली अगले कुछ दिन में टीम से जुड़ेंगे। आरसीबी को आईपीएल में गत चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 22 मार्च को पहला मैच खेलना है।

अधिकांश घरेलू खिलाड़ी नये मुख्य कोच एंडी फ्लावर और क्रिकेट निदेशक मो बबाट के मार्गदर्शन में शिविर में पहुंच गए हैं। कप्तान फाफ डु प्लेसी और वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज अलजारी जोसेफ भी शिविर में पहुंच गए हैं। कोहली पितृत्व अवकाश के कारण इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला भी नहीं खेले थे। बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा कोहली अगले कुछ दिन में पहुंचेंगे। कोहली टीम के सालाना कार्यक्रम 'आरसीबी अनबॉक्स' में भी पहुंच सकते हैं जिसमें प्रशंसकों को अपने पसंदीदा सितारों की झलक देखने का मौका मिलता है। डु प्लेसी ने आरसीबी 'बोल्ड डायरीज' में कहा फ्लावर शानदार कोच है और टीम खुशकिस्मत है कि वे हमारे साथ है। वहीं फ्लावर ने कहा हम आरसीबी की कहानी का नया अध्याय लिखेंगे और यह हमारी खुशकिस्मती है। हम इसे लेकर काफी रोमांचित हैं।

# भारतीय मुक्केबाजी के एचपीडी डुने ने दिया इस्तीफा, विदेशी कोच होंगे बर्खास्त

ओलंपिक क्वालीफायर में भारतीय मुक्केबाजों के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद पेरिस खेलों से चार महीने पहले हाई परफार्मेंस निदेशक (एचपीडी) बर्नार्ड डुने ने इस्तीफा दे दिया है जबकि विदेशी कोच दिमित्री दिमित्रुक को जल्द ही पद से हटाये जाने की संभावना है।

आयरलैंड के पूर्व मुक्केबाज डुने को अक्टूबर 2022 में एचपीडी के रूप में नियुक्त किया गया था। उन्होंने इटली से अपना इस्तीफा भेज दिया, जहां वह पहले विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर के लिए भारतीय टीम के साथ थे। दो क्वालिफिकेशन स्पर्धाओं (एशियाई खेलों और पहले विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर) के बाद एक भी भारतीय पुरुष मुक्केबाज ओलंपिक के लिए जगह पक्की नहीं कर पाया है।

भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) ने स्थिति का आकलन करने के लिए शुक्रवार को कार्यकारी समिति की बैठक बुलाई है। बीएफआई के महासचिव हेमंत कलिता ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''बर्नार्ड अब टीम के साथ नहीं है। हमने कल एक कार्यकारी बैठक बुलाई है, जहां हम हर चीज का आकलन करेंगे। कल की बैठक में दिमित्री के भविष्य पर भी फैसला लिया जाएगा।''



दिमित्री ने पिछले साल महिला विश्व चैम्पियनशिप से पहले फरवरी में कोच का कार्यभार संभाला था। महासंघ अब पुरुष और महिला टीमों के लिए भारतीय कोच को नियुक्त करने पर विचार कर रहा है, क्योंकि ओलंपिक का आखिरी क्वालीफायर मई में होगा जिसमें दो महीने का समय बचा है। कलिता ने कहा, टीम के लिए फिलहाल कोई विदेशी कोच नहीं होगा। हम भारतीय कोचों पर विचार करेंगे।

इस समय पुरुष टीम के साथ अनुभवी सीए कुट्टप्पा कोचिंग सदस्यों में एकमात्र भारतीय हैं। पिछले साल जून में भास्कर भट्ट ने महिला टीम का साथ छोड़ दिया। भारतीय मुक्केबाजों ने हाल ही में इटली विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी के पहले क्वालीफायर में निराशाजनक प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता से सभी नौ मुक्केबाज खाली हाथ लौटे। इसमें निशांत देव (71 किग्रा) कोटा हासिल करने से एक जीत दूर थे लेकिन अन्य मुक्केबाज शुरुआती चरणों में हार कर बाहर हो गये थे।

भारत के लिए अभी तक चार महिला मुक्केबाजों ने ओलंपिक कोटा हासिल किये है। इसमें दो बार की विश्व चैंपियन निकहत जरीन (50 किग्रा), प्रीति पवार (54 किग्रा), परवीन हुडा (57 किग्रा) और तोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) शामिल है। भारतीय मुक्केबाजों के पास ओलंपिक टिकट हासिल करने का आखिरी मौका विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी के दूसरे क्वालीफायर में होगा। इसका आयोजन बैंकॉक में 23 मई से होगा। बीएफआई हालांकि इतने कम समय में टीम में चयन के लिए डुने द्वारा तैयार की गयी नीति में कोई बदलाव नहीं करेगा। डुने ने टीम में जगह के लिए चयन ट्रायल की जगह एक लंबे समय तक चलने वाले मूल्यांकन प्रक्रिया को शुरू किया था।

कई अनुभवी मुक्केबाजों ने हालांकि इस प्रक्रिया का विरोध किया था जिसमें विश्व चैम्पियनशिप के रजत पदक विजेता अमित पंघाल (51 किग्रा) सबसे प्रमुख है। इस प्रक्रिया में शिविर में बेहद कम संख्या में मुक्केबाज रहते थे जिससे उन्हें अभ्यास करने में परेशानी का सामना करना पड़ता था।

# मलेशिया दौरे से पहले एआईएफएफ ने अंडर 23 शिविर के संभावित खिलाड़ी चुने

एआईएफएफ) ने मलेशिया के खिलाफ 22 और 25 मार्च को कुआलालम्पुर में होने वाले दो मैत्री मैचों से पहले अंडर 23 शिविर के लिये 26 संभावित खिलाड़ियों की घोषणा की है। शिविर दिल्ली में शुक्रवार से शुरू होगा और 20 मार्च को मलेशिया जाने वाली 23 सदस्यीय टीम इसी में से चुनी जायेगी।

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने मलेशिया के खिलाफ 22 और 25 मार्च को कुआलालम्पुर में होने वाले दो मैत्री मैचों से पहले अंडर 23 शिविर के लिये 26 संभावित खिलाड़ियों की घोषणा की है। शिविर दिल्ली में शुक्रवार से शुरू होगा और 20 मार्च को मलेशिया जाने वाली 23 सदस्यीय टीम इसी में से चुनी जायेगी। भारत के पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी और नॉर्थईस्ट युनाइटेड एफसी के सहायक कोच नौशाद मूसा को मुख्य कोच बनाया गया है। नोएल विल्सन सहायक कोच और दीपांकर चौधरी गोलकीपिंग कोच होंगे।



***भारत के अंडर 23 संभावित खिलाड़ी***

गोलकीपर : अर्श अनवर शेख, प्रभसुखन सिंह गिल, विशाल यादव

डिफेंडर : बिकाश युंनाम, सी शिवाल्डो सिंह, होर्मिपाम रूइवा, नरेंदर, रोबिन यादव, संदीप मंडी

मिडफील्डर : अभिषेक सूर्यवंशी, ब्रिसन फर्नांडिस, मार्क जोथांपुइया, मोहम्मद ऐमन, पी सनाथोइ मीताइ, थोइबा सिंह मोइरंगथम, बिपिन मोहनन

फॉरवर्ड : अब्दुल रबीह,गुरकीरत सिंह, इरफान , इसाक वी, के निंथोइंगबांबा मीताइ, मोहम्मद सनन, पार्थिब सुंदर गोगोइ, समीर मुर्मू, शिवशक्ति नारायणन, विष्णु पी वालाप्पिल।

मुख्य कोच : नौशाद मूसा।

# मनोज बाजपेयी की 100वीं फिल्म का ऐलान, मेकर्स ने जारी किया भैयाजी का पहला पोस्टर

राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेता मनोज बाजपेयी की अगली फिल्म को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है, पिछले साल अपनी आखिरी रिलीज जोरम के जरिए मनोज ने एक बार फिर बड़े पर्दे पर अपनी छाप छोड़ी थी। इसी बीच आज उनकी अगली फिल्म का पोस्टर रिलीज हो गया है। मनोज की आने वाली फिल्म का नाम भैयाजी है और यह फिल्म भारतीय मनोरंजन उद्योग में उनकी 100वीं फिल्म होने वाली है। भैयाजी का पहला पोस्टर आज गुरुवार को रिलीज हो गया है। फिल्म के इस फर्स्ट-लुक पोस्टर में मनोज को देसी लुक में देखा जा सकता है। अभिनेता ने धोती और कुर्ता पहन रखा है और उनके होठों पर सिगरेट देखी जा सकती है। इस पोस्टर के बैकग्राउंड में काफी खून-खराबा भी नजर आ रहा है।

मुंह में सिगरेट, गले में गमछा और चेहरे पर खौफ के भाव के साथ उनका लुक बेहद खूंखार लग रहा है। इस पोस्टर के साथ एक्टर ने फिल्म की रिलीज डेट और टीजर को लेकर अपडेट दिया है। जिसके मुताबिक उनकी फिल्म 24 मई 2024 को बड़े पर्दे पर रिलीज होगी। इसके अलावा भैयाजी का पहला टीजर 20 मार्च को दोपहर 2:42 बजे लॉन्च किया जाएगा। ये जानकारी सामने आने के बाद फैंस की एक्साइटमेंट काफी बढ़ गई है।




फिल्म भैयाजी के निर्देशक कोई और नहीं बल्कि अपूर्व सिंह कार्की हैं। इससे पहले उन्होंने मनोज की शानदार फिल्म सिर्फ एक बंदा काफी है का निर्माण किया था। आपको बता दें कि यह फिल्म मनोज बाजपेयी के फिल्मी करियर की 100वीं फिल्म है। काम के मोर्चे पर, मनोज की आखिरी रिलीज जोराम हर मौके पर अच्छी कमाई कर रही है। फिल्मफेयर अवॉर्ड्स 2024 हो या क्रिटिक चॉइस अवॉर्ड्स 2024, हर मौके पर मनोज बाजपेयी और उनकी फिल्म जोराम को मदद मिली।

# वॉर 2 में कैमियो नहीं करेंगे सलमान खान, स्पाई यूनिवर्स की शुरुआत करने वाले एक्टर को आखिर क्यों किया गया फिल्म से बाहर?

सलमान खान वाईआरएफ की आगामी जासूसी फिल्मों, पठान 2 और वॉर 2 में नजर नहीं आ सकते हैं। एक था टाइगर के साथ स्पाई यूनिवर्स की स्थापना करने वाले अभिनेता, जासूसी दुनिया में चार बार दिखाई दे चुके हैं। इनमें उनकी तीन स्टैंडअलोन फिल्में-एक था टाइगर, टाइगर जिंदा है और टाइगर 3-और शाहरुख खान की पठान शामिल हैं। जबकि यह उम्मीद की जा रही थी कि टाइगर शाहरुख खान अभिनीत फिल्म पठान 2 और ऋतिक रोशन की वॉर 2 में फिर से दिखाई देंगे, अब एक नई रिपोर्ट में दावा किया गया है कि टाइगर केवल जासूसी ब्रह्मांड के महत्वपूर्ण मोड़ पर दिखाई देंगे।

एक सूत्र ने बॉलीवुड हंगामा को बताया कि आदित्य चोपड़ा अपनी बार-बार की उपस्थिति से ब्रह्मांड में सलमान की उपस्थिति को कम नहीं करना चाहते हैं और उन्हें केवल उच्च प्रभाव वाले क्षणों के लिए लाना चाहते हैं। स्पाई यूनिवर्स में अब तक बनी 5 फिल्मों में से चार में टाइगर हैं। वाईआरएफ की टीम को लगता है कि टाइगर बहुत हो गया है और उसे अब सबसे महत्वपूर्ण मोड़ पर ब्रह्मांड में वापसी करनी चाहिए। फीचर फिल्मों में यादृच्छिक कैमियो होने से एक स्टैंडअलोन चरित्र के रूप में टाइगर की शक्ति कम हो जाएगी। उन्होंने सलमान खान के साथ टाइगर के लिए बड़ी योजनाओं पर चर्चा की है और यहां तक कि वह भी इस पर सहमत हैं।



सलमान खान ने एक था टाइगर और फिर टाइगर जिंदा है की ब्लॉकबस्टर सफलता के साथ वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स की शुरुआत की। इसने रहस्यमय सुपर जासूस अविनाश सिंह राठौड़ उर्फ टाइगर का अनावरण किया, एक ऐसा चरित्र जो सलमान के साहसी स्टंट, गहन एक्शन दृश्यों और उनकी व्यापक उपस्थिति के कारण हमारी यादों में बना रहेगा।

वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स के दूरदर्शी आदित्य चोपड़ा अब टाइगर को फिर से बनाना चाहते हैं। इसके अलावा, यशराज फिल्म्स की टीम इस समझ पर काम करती है कि टाइगर को फीचर फिल्मों में यादृच्छिक कैमियो करने के बजाय एक स्वाभाविक स्टैंडअलोन चरित्र के रूप में अपनी पहचान बनाए रखनी चाहिए। इसके बजाय, वे उसे सबसे अप्रत्याशित तरीके से प्रकट करने की योजना बना रहे हैं, यह सुनिश्चित करते हुए कि उसकी वापसी वर्षों तक याद रखी जाएगी।

सलमान खान के पास रोमांचक परियोजनाएं हैं, जिनमें विष्णुवर्धन के साथ द बुल और साजिद नाडियाडवाला द्वारा निर्मित और एआर मुरुगादॉस द्वारा निर्देशित ईद 2025 रिलीज शामिल है।

# श्वेता सिंह राजपूत की बहन श्वेता सिंह कीर्ति की पीएम मोदी से गुहार, बोलीं- मेरे भाई को गए 45 महीने हुए कृप्या हमारी मदद कीजिए

सुशांत सिंह राजपूत की बहन श्वेता सिंह कीर्ति 2020 में अपने भाई के असामयिक निधन के बाद से न्याय की मांग कर रही हैं। हाल ही में, सीबीआई से अपडेट मांगने के एक अन्य प्रयास में, श्वेता ने गुरुवार को एक वीडियो बयान जारी किया। अपने बयान में, उन्होंने प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी से उनके अभिनेता-भाई की मौत मामले की सीबीआई जांच में हस्तक्षेप करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि उनके भाई की दुर्भाग्यपूर्ण मौत के 45 महीने बाद भी उनके परिवार को जांच एजेंसी से कोई अपडेट नहीं मिला है। बात पर जोर देते हुए कि प्रधानमंत्री मोदी की मदद से जांच में तेजी आएगी, श्वेता ने अपने बयान में कहा, मैं यह संदेश हमारे प्रधानमंत्री मोदी जी के लिए रिकॉर्ड कर रही हूं। मैं आपका ध्यान दिलाना चाहता हूं कि भाई के निधन का यह 45वां महीना है और हमें अभी भी सीबीआई द्वारा की जा रही जांच के बारे में कोई अपडेट नहीं पता है। मैं इस मामले में आपके हस्तक्षेप का अत्यधिक अनुरोध करूंगा क्योंकि एक परिवार और एक देश के रूप में, हम इस मामले में कई अनुत्तरित प्रश्नों से जूझ रहे हैं।



दिल दहाड़ते लोगों को राहत देने की मांग करते हुए, उन्होंने आगे कहा कि पीएम मोदी का ध्यान उन्हें यह जानने में मदद करेगा कि सीबीआई अपनी जांच में कहां तक पहुंची है। उन्होंने कहा, यह वास्तव में बहुत सारे रोते हुए दिलों को शांति देगा जो किसी तरह की राहत, जवाब की तलाश में हैं, जो सच्चाई जानना चाहते हैं कि 14 जून को उस दिन क्या हुआ था। धन्यवाद।

सुशांत सिंह राजपूत 14 जून, 2020 को अपने मुंबई अपार्टमेंट में मृत पाए गए थे। अजीब स्थितियों के कारण कई लोगों को विश्वास हो गया कि यह आत्महत्या से मौत का मामला है, जबकि लोगों के एक वर्ग को इसमें गड़बड़ी का संदेह था। सुशांत के परिवार के अलावा अभिनेता के कई प्रशंसक उनके लिए न्याय की उम्मीद कर रहे हैं। अभिनेता की मौत के चार साल बाद भी उनका नाम सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रहा है क्योंकि उनके प्रशंसक जानना चाहते हैं कि जांच कहां हो रही है।

# अजय देवगन-रकुल प्रीत सिंह और तबू स्टारर दे दे प्यार दे का बनेगा दूसरा पार्ट

अजय देवगन, रकुल प्रीत सिंह और तब्बू स्टारर दे दे प्यार दे को काफी पसंद किया गया था। यह फिल्म एक अधेड़ उम्र के आदमी के बारे में थी जो अपने से आधी उम्र की लड़की से प्यार करता है और उसे अपनी पूर्व पत्नी और बच्चों से मिलवाता है। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन किया और लोगों ने इस मजेदार सफर को देखने का आनंद लिया। शो में अजय देवगन को उनके अभिनय के लिए सराहना मिली। रकुल और तब्बू ने भी अपनी परफॉर्मेंस से सभी को प्रभावित किया। फिल्म में जावेद जाफरी, आलोक नाथ, जिमी शेरगिल, कुमुद मिश्रा और अन्य कलाकार भी थे। यह फिल्म 2019 में रिलीज हुई और बड़ी हिट रही। उसके बाद दे दे प्यार दे 2 को लेकर काफी कुछ कहा गया।

लोग सीक्वल देखना चाहते थे और इसे लेकर उत्साहित थे। अब, यह पुष्टि हो गई है कि अजय देवगन दे दे प्यार दे 2 में अभिनय करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। टी सीरीज के अधिकारी ने फिल्म की रिलीज की तारीख के बारे में अपने आधिकारिक सोशल हैंडल पर खबर साझा की है। जी हां, यह फिल्म 1 मई 2025 को रिलीज होगी।



लव फिल्म्स और टी सीरीज के अधिकारी ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर लिखा, दे दे प्यार दे 2 1 मई 2025 को रिलीज होगी। फिल्म 3112 द्वारा निर्देशित है, भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, लव रंजन और द्वारा निर्मित है।

दे दे प्यार दे 2 के निर्माताओं की नजर लंबे वीकेंड (1 मई- महाराष्ट्र दिवस+अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस) पर है। फिल्म की शूटिंग इसी साल जून में शुरू होगी। अजय देवगन की झोली में सिंघम अगेन और रेड 2 है। वह कथित तौर पर जून में इन फिल्मों की शूटिंग पूरी कर लेंगे और दे दे प्यार दे 2 की शूटिंग शुरू कर देंगे। उन्हें हाल ही में शैतान में देखा गया था जिसमें आर माधवन भी हैं।

# संयुक्त राष्ट्र मानव विकास सूचकांक में सुधरी भारत की स्थिति

**नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र मानव विकास सूचकांक (एचडीआई) में भारत की रैंकिंग में पिछले साल के मुकाबले एक पायदान का सुधार आया है। 2021 में कुल 193 देशों विश्व की सबसे अधिक आबादी वाले देश भारत में लैंगिक असमानता सूचकांक (जेंडर इनइक्वालिटी एंडेक्स-जीआईआई) में इस उपलब्धि के बावजूद महिला और




में भारत की स्थिति 135 थी जो अब वर्ष 2022 में 134 हो गई है। हालांकि, देश ने लैंगिक असमानता सूचकांक को कम करने में खासी सफलता पाई है। 2021 में 191 देशों में लैंगिक असमानता में भारत की स्थिति 122 थी, उस रैंक में अब 14 पायदानों का सुधार आया है और उसने वर्ष 2022 में 193 देशों में 108 रैंक हासिल की है। महिला व बाल विकास मंत्रालय के अनुसार पुरुष श्रमिकों की भागीदारी का अंतर क्अभी भी बहुत बड़ा है। महिला कर्मियों (28.3 प्रतिशत) और पुरुष कर्मियों (76.1 प्रतिशत) क्के बीच 47.8 प्रतिशत का भारी अंतर है। 2021 में कोरोना काल के चलते भारत के एचडीआई मूल्य में मामूली गिरावट आई थी, लेकिन फिर भी इसमें 2021 के 0.633 के एचडीआई मूल्य की तुलना में 0.644 का इजाफा हुआ है।

# इंदौर में वरिष्ठ नागरिकों को दी जाएगी फैक्ट चेकिंग की ट्रेनिंग

**नई दिल्ली।** देश की अग्रणी फैक्ट चेकिंग वेबसाइट विश्वास न्यूज एक बार फिर से मध्य प्रदेश के इंदौर पहुंच रहा है। यहां 15 मार्च को वरिष्ठ नागरिकों को फैक्ट चेकिंग की बेसिक ट्रेनिंग देते हुए डिजिटल सेफ्टी के बारे में भी बताया जाएगा। जागरण न्यू मीडिया की फैक्ट चेकिंग वेबसाइट विश्वास न्यूज पूरे देश में लोगों को जागरूक कर रहा है। इसी क्रम में इंदौर में यह फैक्ट चेकिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों के लिए आयोजित किया जा रहा है। सच के साथी सीनियर्स अभियान के तहत इंदौर के श्री मध्य भारत हिंदी साहित्य समिति में यह आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का समय 11 बजे से लेकर एक बजे तक है। इसमें फैक्ट चेकर्स प्रतिभागियों को फैक्ट चेकिंग की ट्रेनिंग देंगे, जिससे वे समय रहते फर्जी व भ्रामक सूचनाओं

**समिति**

**सच के साथी सीनियर्स अभियान के तहत इंदौर के मध्य भारत हिंदी साहित्य समिति में यह आयोजन किया जाएगा।**

की जांच ऐसी सूचनाओं के प्रसार को रोक सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान एक्सपर्ट आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के फायदे बताने के साथ ही डीपफेक वीडियो को पहचानने के तरीके भी बताएंगे। एक्सपर्ट उदाहरणों के माध्यम से वहां मौजूद लोगों को मिस-इन्फॉर्मेशन और डिस-इन्फॉर्मेशन में फर्क करना भी सिखाएंगे। मध्य प्रदेश से पहले छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात राजस्थान, दिल्ली, तेलंगाना पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और बिहार के अलग-अलग शहरों में भी सेमिनार व वेबिनार के माध्यम से लोगों को फैक्ट चेकिंग की ट्रेनिंग दी जा चुकी है। गूगल न्यूज इनिशिएटिव (जीएनआई) के सहयोग से संचालित हो रहे इस कार्यक्रम का अकादमिक भागीदार माइका (मुद्रा इंस्टीट्यूट ऑफ कम्युनिकेशंस, अहमदाबाद) है। सच के साथी सीनियर्स भारत में तेजी से बढ़ रही फेक और भ्रामक सूचनाओं के मुद्दे को उठाने वाला मीडिया साक्षरता अभियान है। कार्यक्रम का उद्देश्य 15 राज्यों के 50 शहरों में सेमिनार और वेबिनार की श्रृंखला के माध्यम से स्रोतों का विश्लेषण करने, विश्वसनीय और अविश्वसनीय जानकारी के बीच अंतर करते हुए वरिष्ठ नागरिकों को तार्किक निर्णय लेने में मदद करना है।

## समय आने पर पता चल जाएगा, राज्यसभा के सदस्य के रूप में शपथ लेने के बाद जब बोलीं सुधा मूर्ति

**नई दिल्ली।** इंजीनियर से समाजसेवी बनीं सुधा मूर्ति ने गुरुवार को राज्यसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली। इसके बाद उन्होंने खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि मैं न्यूट्रल और खुश हूं। समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक, समाजसेवी सुधा मूर्ति ने कहा कि मुझे समझने और पढ़ने दीजिए, समय आने पर पता चल जाएगा...। यह पूछे जाने पर कि राज्यसभा सदस्यता उनके लिए चुनौती है या उपलब्धि? इस पर उन्होंने कहा कि मैं न्यूट्रल और खुश हूं। उन्होंने कहा, अभी पहले दिन ही मैं स्कूल गई हूं। मैं अन्य सवालों

# चुनाव आयुक्त बनाए गए ज्ञानेश कुमार और सुखविंदर संधू

**नई दिल्ली।** सरकार ने गुरुवार को नए चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति को लेकर अधिसूचना जारी कर दी। बता दें कि पूर्व नौकरशाह ज्ञानेश कुमार



और सुखविंदर संधू को नए चुनाव आयुक्त की जिम्मेदारी संभालेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में 7 लोक कल्याण मार्ग में चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति को लेकर बैठक हुई। इस बैठक में ज्ञानेश कुमार और सुखविंदर संधू के नाम पर सहमति बन गई और अब सरकार ने अधिसूचना भी जारी कर दी है।

चुनाव आयोग में रिक्तियां भरने के बाद अब कभी भी लोकसभा चुनाव का एलान हो सकता है। माना जा रहा है कि 16 या 17 मार्च को चुनाव की घोषणा की जा सकती है।

सूत्रों की मानें तो चुनाव आयोग ने 16 और 17 मार्च के दिन को आरक्षित रखा है। साथ ही अपने आला अधिकारियों को शहर से बाहर न जाने की सलाह दी गई है। चुनाव आयोग ने 2019 में 10 मार्च दिन रविवार को लोकसभा चुनाव की तारीखों का एलान किया था।

सनद रहे कि 14 फरवरी को अनूप चंद्र पांडे के रिटायर होने और आठ मार्च को अरुण गोयल के अचानक इस्तीफा देने की वजह से चुनाव आयोग में रिक्तियां आई थीं। चुनाव पैनल का नेतृत्व मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार कर रहे हैं।

# आइएस से जुड़े हथियार जब्ती मामले में पूरक आरोप पत्र दायर, एनआईए ने कहा- आईएस के सदस्य थे सभी आरोपी




**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने आतंकी संगठन आइएस से संबंधित पुणे हथियार और विस्फोटक जब्ती मामले में पूरक आरोप पत्र दायर किया है। एनआईए ने गुरुवार को बताया कि बुधवार को एक विशेष अदालत के समक्ष दायर पूरक आरोप पत्र में चार और आरोपितों को नामित किया गया है। इन आरोपितों की पहचान मोहम्मद शाहनवाज आलम, रिजवान अली, अब्दुल्ला शेख और तल्हा लियाकत खान के रूप में हुई है। एक अन्य आरोपित शमील नचान के खिलाफ अतिरिक्त आरोप लगाए हैं, जो एनआईए द्वारा दायर पहले आरोपपत्र के सात आरोपितों में से एक है। हथियारों, विस्फोटकों, और आईएस से संबंधित साहित्य की जब्ती से संबंधित जुलाई 2023 के मामले में कुल 11 आरोपितों पर आरोप पत्र दायर किया गया है। एनआईए के अनुसार, सभी आरोपित आईएस के सदस्य थे।

वे आतंकी गतिविधियों को बढ़ावा देने की साजिश के तहत पुणे और उसके आसपास आतंक फैलाने के षड्यंत्र में शामिल रहे। जांच में यह भी पता चला कि आरोपित विदेश में बैठे हैंडलर के संपर्क में थे। इन आरोपितों ने पुणे के कोंढवा में आईईडी निर्माण का प्रशिक्षण लिया था।

## एक राष्ट्र एक चुनाव पर यूयू ललित समेत चार पूर्व CJI की क्या है राय

**नई दिल्ली।** पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली उच्च स्तरीय समिति ने गुरुवार को एक राष्ट्र एक चुनाव पर अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को सौंप दी। रिपोर्ट के मुताबिक, समिति ने लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराये जाने की सिफारिश की। हालांकि, हाई कोर्ट के तीन पूर्व मुख्य न्यायाधीश और एक पूर्व राज्य चुनाव आयुक्त ने इस पर चिंता जाहिर की। बकौल रिपोर्ट, सुप्रीम कोर्ट के सभी चार पूर्व मुख्य न्यायाधीशों (न्यायमूर्ति दीपक मिश्रा, न्यायमूर्ति रंजन गोगोई, न्यायमूर्ति शरद अरविंद बोबड़े और न्यायमूर्ति यूयू ललित) से परामर्श करने वाले पैनल ने लिखित प्रतिक्रियाएं दर्ज कराईं और यह सभी एक साथ चुनाव कराने के पक्ष में दिखाई दिए।


# वर्ष 1956 के इतिहास को दोहराएगा अमेरिका, बाइडन और ट्रंप की चुनावी जंग इसलिए होगी खास

**नई दिल्ली।** जो बाइडन 81 साल की उम्र की वजह से पहले से ही

**जीत**

**बाइडन ने नामांकन में यह जीत जॉर्जिया में प्राइमरी जीत हासिल करने के बाद हासिल किया है।**

अमेरिकी इतिहास में सबसे उम्रदराज़ राष्ट्रपति का खिताब अपने नाम कर रखा है, जबकि 77 वर्षीय ट्रम्प कई आपराधिक मामलों का सामना कर रहे हैं। इसके अलावा भी एक ऐतिहासिक मोड़ इन दोनों के बीच जुड़ा हुआ है वह यह है कि साल 1956 के बाद यानि की करीब 70 साल के बाद अमेरिकी राजनीति में दो समान दावेदार राष्ट्रपति पद के लिए आमने-सामने होंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप आगामी नवंबर के चुनावों में एक दूसरे



का सामना करने के लिए तैयार हैं। इससे पहले ऐसा अमेरिका ने साल 1956 में राष्ट्रपति आइजनहावर और एडलाई स्टीवेन्सन आमने-सामने थे।अमेरिका के राष्ट्रपति बाइडन (81) ने वाशिंगटन में डेमोक्रेटिक प्राइमरी चुनाव में जीत हासिल कर अपनी पार्टी के ओर से राष्ट्रपति पद के संभावित उम्मीदवार बन गए हैं। बाइडन ने नामांकन में यह जीत जॉर्जिया में प्राइमरी जीत हासिल करने के बाद हासिल किया है। वहीं पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी रिपब्लिकन प्राइमरी चुनाव में अपनी जीत हासिल कर अपनी राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी लगभग तय कर लिया है। 77 वर्षीय ट्रम्प ने वाशिंगटन राज्य में जीत सहित 1,215 प्रतिनिधियों के साथ अपना रिपब्लिकन नामांकन हासिल किया है। जहां राष्ट्रपति जो बाइडन को लेकर उनकी उम्र संबंधी चिंताओं, आर्थिक संकट और विरोधियों द्वारा बार-बार उनके उम्र संबंधी चिंताओं का सामना करना पड़ रहा है। इसके विपरीत, 91 आरोपों, कई अभियोगों और लंबित मामलों के साथ ट्रंप इस बार चुनावी मैदान में होंगे। उन पर आरोप है कि उन्होंने 6 जनवरी, 2021 में अमेरिकी कैपिटल में हुई हिंसा में प्रमुख भूमिका निभाई थी। साथ ही उन्होंने 2016 के चुनाव से पहले एक पोर्न फिल्म स्टार को धन भुगतान किया था। इस बात को उन्होंने छुपाकर रखा था। राष्ट्रपति जो बाइडन ने जैसे ही नामांकन में जीत हासिल की वैसे ही ट्रंप उनपर हमलावर होते दिखे। जिसे जो बाइडन ने नाराजगी और प्रतिशोध का अभियान का अभियान बताया। ट्रंप ने बाइडन को हराने की प्रतिज्ञा करते हुए देश की आर्थिक शक्ति और कड़ी सीमाओं के वादे के साथ अपने कद को एक बार फिर अमरीका की राजनीति को पुनर्जीवित करने की बात कहते हुए राष्ट्रपति को प्रतिक्रिया दी।

## पाकिस्तान सीमा पर भारत का शक्ति प्रदर्शन, पोखरण में भारत शक्ति अभ्यास में स्वदेशी हथियारों ने दुश्मनों को चेताया

**नई दिल्ली।** पोखरण में एकीकृत मेगा अभ्यास भारत शक्ति ने भारत के सशस्त्र बलों की युद्ध क्षमता के बारे में प्रतिद्वंद्वियों को रणनीतिक संदेश दिया है। 12 मार्च को हुए इस अभ्यास के दौरान स्वदेशी विमान हवा में गर्जना कर रहे थे तो स्वदेशी रूप से निर्मित युद्धक टैंक और तोपखाने की बंदूकें जैसलमेर जिले के पोखरण के इस शुष्क इलाके में आग उगल रही थीं।

दूसरे शब्दों में कहें तो भारत ने अपने स्वदेशी रक्षा उपकरणों की शक्ति का दमदार प्रदर्शन किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और देश के शीर्ष सैन्य अधिकारी इसके साक्षी बने। बता दें कि राजस्थान के पोखरण में फील्ड फायरिंग रेंज अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास स्थित है। यह अभ्यास भारतीय सेना के तत्वावधान में आयोजित किया गया था।

# रूस में राष्ट्रपति चुनाव से पहले यूक्रेन का मिसाइल हमला

**मतदान**

**पुतिन ने गुरुवार को एक वीडियो संदेश में रूसी नागरिकों से मतदान केंद्रों पर जाने और मतदान करने की अपील की।**

**मास्को।** यूक्रेन ने रूस के सीमावर्ती क्षेत्र बेलगोरोद में आठ मिसाइलें दागीं। इसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और छह घायल हो गए। रूस में राष्ट्रपति चुनाव से पहले यह हमला किया गया। स्थानीय अधिकारियों ने गुरुवार को दावे में यह भी कहा कि सीमावर्ती कु?र्स्क क्षेत्र में भी यूक्रेनी बलों ने हमले का प्रयास किया, लेकिन उसे नाकाम कर दिया गया। इधर, रूस ने यूक्रेन में बड़े पैमाने पर ड्रोन हमला किया। रूस में हाल के दिनों में यूक्रेन की



ओर से हमले बढ़ गए हैं। ये हमले ऐसे समय हो रहे हैं, जब रूस में राष्ट्रपति चुनाव होने वाले हैं। इस चुनाव में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का फिर से चुना जाना तय माना जा रहा है। पुतिन ने गुरुवार को एक वीडियो संदेश में रूसी नागरिकों से मतदान केंद्रों पर जाने और मतदान करने की अपील की। रूस में 15-17 मार्च को राष्ट्रपति चुनाव होने हैं। यूक्रेन के पूर्वोत्तर सुमी और खार्किव क्षेत्रों में रात के समय 36 ड्रोन से हमले को अंजाम दिया गया। इसमें संचार केंद्रों को नुकसान पहुंचा। सुमी में टेलीविजन और रेडियो स्टेशन को निशाना बनाया गया। सुमी प्रशासन ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि नुकसान के चलते क्षेत्र के कुछ हिस्से यूक्रेनी टेलीविजन और रेडियो के सिग्नल नहीं मिल सके। क्षेत्र में मोबाइल फोन सिग्नल भी प्रभावित हो सकते हैं। एक दिन पहले सुमी और डोनेस्क में बमबारी की गई थी। इसमें चार लोगों की मौत हुई थी, जबकि रूस के नियंत्रण वाले जपोरीजिया परमाणु संयंत्र ने गुरुवार को दावा किया कि यूक्रेनी सेना ने

## रमजान में पायलटों के लिए अलग नियम, पीआईए ने जारी किया आदेश

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के राष्ट्रीय विमानन कंपनी पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइन (पीआईए) ने रमजान माह के मद्देनजर नया आदेश जारी किया है। पीआईए ने ड्यूटी के दौरान चालकों और फ्लाइट अटेंडेंट्स के रोजा रखने पर रोक लगा दी है। आदेश में चिकित्सा परामर्श का हवाला देते हुए कहा गया कि रोजा रखने से डिहाइड्रेशन हो सकता है। इसके साथ ही व्यक्ति को आलस्य और नींद आ सकती है। पीआईए के अधिकारी ने बताया कि कॉपरिट सेफ्टी मैनेजमेंट और एयर क्रू मेडिकल सेंटर दोनों ने सिफारिश की है कि विमान चालकों और चालक दल के सदस्यों को रोजा नहीं रखना चाहिए। सिफारिशों के आधार पर पीआइए ने चालकों और चालक दल के सदस्यों के लिए अनुपालन आदेश जारी किए हैं। इसके साथ ही पीआईए प्रबंधन ने स्पष्ट किया यदि किसी चालक और चालक दल के सदस्य ने रोजा रखा तो उसे विमान में नहीं चढ़ने दिया जाएगा।

# संयुक्त राष्ट्र के केंद्र पर इजरायली हमला, हमास कमांडर को मार गिराया

**यरुशलम।** इजरायल ने कहा है कि उसने दक्षिणी गाजा में स्थित संयुक्त राष्ट्र के एक खाद्य वितरण केंद्र पर हवाई हमला कर वहां मौजूद हमास के कमांडर को मार गिराया है। इस हमले में एक संयुक्त राष्ट्र कर्मचारी सहित चार अन्य लोग भी मारे गए हैं। इजरायल ने कहा है कि संयुक्त राष्ट्र के केंद्र पर हमास कमांडर की मौजूदगी बताती है कि आतंकी संगठन राहत सामग्री पर कब्जा कर उसे केवल आतंकियों में बांट रहा है। इजरायली सेना ने मारे गए हमास कमांडर का नाम मुहम्मद अबू हसन बताया है। वह हमास को इजरायली सेना के बारे में खुफिया सूचनाएं उपलब्ध कराता था। साथ ही राहत सामग्री को कब्जे में लेकर उसका वितरण हमास के आतंकियों में करता था जिससे वे अपने ठिकानों में सुरक्षित छिपे रहें और मौका मिलने पर इजरायली सेना पर हमला करें।

**आपूर्ति**

**गाजा में राहत सामग्री की आपूर्ति के लिए अमेरिका और यूरोप से जहाज रवाना हो चुके हैं और वे समुद्री मार्ग में हैं।**

जबकि हमास ने बयान जारी कर कहा है कि हसन उसके पुलिस बल के अधिकारी थे। संगठन ने हसन की हत्या को इजरायल की कायराना हरकत बताया है। हमास ने राहत सामग्री वितरण में गड़बड़ी करने के इजरायल के आरोप को खारिज किया है। फलस्तीनियों के लिए कार्यरत संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी ने कहा है कि रफाह में स्थित उसके



ठिकाने को निशाना बनाया गया है जो 14 लाख शरणार्थियों को राहत सामग्री वितरित करने वाले केंद्रों में से एक था। संयुक्त राष्ट्र एजेंसी ने बताया है कि इजरायली हमले में कुल पांच लोग मारे गए और 22 घायल हुए हैं। इन्हें मिलाकर गाजा में पांच महीने के युद्ध में मरने वाले फलस्तीनियों की कुल संख्या 31,341 हो गई है। एक अनुमान के अनुसार गाजा में 5,76,000 लोगों खाना और पानी की किल्लत से जूझ रहे हैं। यह गाजा की एक चौथाई आबादी है। इन लोगों को राहत सामग्री उपलब्ध कराने को लेकर इजरायल पर दबाव बढ़ता जा रहा है। गाजा में राहत सामग्री की आपूर्ति के लिए अमेरिका और यूरोप से जहाज रवाना हो चुके हैं और वे समुद्री मार्ग में हैं। इससे पहले अमेरिका गाजा में मालवाहक विमानों से राहत सामग्री गिरा चुका है। बुधवार को वेस्ट बैंक और यरुशलम के मध्य एक चेक प्वाइंट पर 15 वर्ष के एक फलस्तीनी किशोर ने धारदार हथियार से हमला कर एक इजरायली सैनिक और एक अन्य सुरक्षाकर्मी को बुरी तरह से घायल कर दिया।

## पाकिस्तानी बैंक लोगों को बांट रही फर्जी नोट, जनता का फूटा गुस्सा

**कराची।** पाकिस्तान में कई नोट अधूरे छप रहे हैं और बैंक उसको लोगों में बांट रही है। जब लोगों को इसके बारे में जब पता चला कि बैंक नकली नोट दे रही है तब लोगों ने इसके ऊपर नाराजगी जताई। गुरुवार को एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, एक वीडियो वायरल होने के बाद पाकिस्तान के केंद्रीय बैंक ने कहा है कि वह इस बात की जांच कर रहा है कि 1,000 रुपये मूल्यवर्ग के कुछ गलत मुद्रित बैंक नोट वाणिज्यिक बैंकों को कैसे जारी किए गए थे। ट्रिब्यून अखबार ने जानकारी देते हुए कहा कि स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान एसबीपी के एक प्रवक्ता ने कहा कि जिन वाणिज्यिक बैंकों और व्यक्तियों को गलत नोट मिले हैं, वे उन्हें उन बैंक शाखाओं में बदल सकते हैं जहां से उन्हें ऐसे नोट मिले हैं इसके अलावा वह देश भर के केंद्रीय बैंक के नामित 16 कार्यालयों में भी इसको बदला जा सकता है।

# एक बिल्ली के कारण हाई अलर्ट पर जापान का ये शहर

**टोक्यो।** जापान का एक शहर एक बिल्ली के कारण हाई अलर्ट पर है। बता दें कि वो बिल्ली देर रात में

**संपर्क**

**सीडीसी ने अपनी वेबसाइट पर कहा है कि हेक्सावलेंट क्रोमियम के संपर्क से श्रमिकों को नुकसान हो सकता है।**

गायब होने से पहले खतरनाक रसायनों के एक टैंक में गिर गई थी।

हिरोशिमा प्रान्त के फुकुयामा में अधिकारियों ने कहा कि उन्होंने गश्त बढ़ा दी है और निवासियों को जानवर के पास न जाने की चेतावनी दी है, जिसे आखिरी बार सुरक्षा फुटेज में रविवार को एक प्लेटिंग फैक्ट्री से निकलते हुए देखा गया था। अधिकारियों ने कहा कि सोमवार को एक कार्यकर्ता द्वारा खोजे गए पंजे के निशान से हेक्सावलेंट क्रोमियम की 3 मीटर गहरी टंकी मिली, जो एक कैंसर पैदा करने वाला रसायन है जो छूने या साँस लेने पर चकत्ते और सूजन पैदा कर सकता है। फुकुयामा



सिटी हॉल के एक अधिकारी ने कहा कि आस-पड़ोस की तलाशी के दौरान अभी तक बिल्ली नहीं मिली है और यह भी स्पष्ट नहीं है कि जानवर जीवित है या नहीं।नोमुरा मेक्की फुकुयामा फैक्ट्री के प्रबंधक अकिहिरो कोबायाशी ने कहा कि जब कर्मचारी सप्ताहांत के बाद काम पर लौटे तो रासायनिक वैट को ढकने वाली एक शीट आंशिक रूप से फटी हुई पाई गई। उन्होंने कहा, कर्मचारी तब से बिल्ली की तलाश कर रहे हैं। कोबायाशी ने कहा, फैक्ट्री के कर्मचारी आमतौर पर सुरक्षात्मक कपड़े पहनते हैं और कर्मचारियों के बीच कोई स्वास्थ्य समस्या सामने नहीं आई है।हेक्सावलेंट क्रोमियम, या क्रोमियम -6, शायद 2000 की फिल्म एरिन ब्रोकोविच में जूलिया रॉबर्ट्स अभिनीत कैंसरजन्य रसायन के रूप में जाना जाता है।वास्तविक जीवन के कानूनी मामले पर आधारित यह नाटकीयता एक उपयोगिता कंपनी के खिलाफ नामधारी कार्यकर्ता की लड़ाई पर केंद्रित है, जिस पर कैलिफोर्निया के ग्रामीण समुदाय में पानी को प्रदूषित करने का आरोप है, जिससे इसके निवासियों में कैंसर का स्तर बढ़ गया और मृत्यु हो गई। यूएस सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (सीडीसी) के अनुसार, यह पदार्थ आंखों, त्वचा और श्वसन प्रणाली के लिए हानिकारक है। सीडीसी ने अपनी वेबसाइट पर कहा है कि हेक्सावलेंट क्रोमियम के संपर्क से श्रमिकों को नुकसान हो सकता है।एक्सपोजर का स्तर खुराक, अवधि और किए जा रहे कार्य पर निर्भर करता है।

विशेषज्ञों ने इस बात पर संदेह जताया है कि पदार्थ के संपर्क में आने के बाद बिल्ली लंबे समय तक जीवित रह सकेगी या नहीं। स्वीडन के कारोलिंस्का इंस्टीट्यूट में रासायनिक जोखिम मूल्यांकन में विशेषज्ञता रखने वाली शोधकर्ता लिंडा शेंक ने कहा, भले ही फर त्वचा को तुरंत बड़ी जलन से बचाएगा, बिल्लियां अपने फर को चाटकर साफ करती हैं, संक्षारक घोल को मुंह में ले जाती हैं। मेरा अनुमान है कि बिल्ली दुर्भाग्य से रासायनिक जलन से मर गई है या शीघ्र ही मर जाएगी।

# अमेरिका में टिकटाक हुआ बैन तो खफा हुआ चीन

**वाशिंगटन।** अमेरिका के निचले सदन प्रतिनिधि सभा में बुधवार को शार्ट वीडियो एप टिकटाक पर प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव पारित कर दिया गया। टिकटाक पर बैन लगने के बाद चीन ने कड़ा एतराज जताया है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने गुरुवार को कहा कि यह निष्पक्ष नहीं है। उन्होंने कहा, इसमें कोई सच्चाई नहीं है कि टिकटाक अमेरिकी सुरक्षा के लिए खतरा है। यह कार्रवाई प्रतिस्पर्धा न कर पाने की खीज है। प्रतिनिधि सभा द्वारा पारित प्रस्ताव में टिकटाक के सामने दो विकल्प रखे गए हैं, या तो छह महीने में उसकी मूल कंपनी टिकटाक को अमेरिका में बेच दे या तो फिर राष्ट्रव्यापी प्रतिबंध के लिए तैयार रहे। टिकटाक पर प्रतिबंधों की श्रृंखला में यह एक नया प्रयास है। इससे पहले भारत, यूरोपीय यूनियन और कनाडा आदि इस पर प्रतिबंध लगा चुके हैं। अमेरिकी सांसदों ने भारत का उदाहरण देते हुए कहा कि भारत ने टिकटाक को देश की सुरक्षा के लिए खतरा मानते हुए 2020 में ही इस पर प्रतिबंध लगा दिया था, लेकिन हमारे यहां इस पर अब विचार किया जा रहा है। वहीं, चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने आरोप लगाया कि अमेरिका का ये रुख अंतरराष्ट्रीय सभा में टिकटाक की वर्तमान स्वामित्व संरचना को देश की सुरक्षा के लिए खतरा मानते हुए 65 के मुकाबले 352 मतों से पारित किया गया। अब इसे उच्च सदन सीनेट में भेजा जाएगा। 15 करोड़ अमेरिकियों द्वारा प्रयोग किए जाने




व्यापार नियमों और प्रतिस्पर्धा का सरासर उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि अमेरिका द्वारा राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरे की बात कहना कोरी बकवास है। इस दौरान वेनबिन ने चेतावनी दी कि प्रतिबंध की इस कार्रवाई का अमेरिका पर उल्टा असर भी हो सकता है। बुधवार को प्रतिनिधि वाला टिकटाक, चीनी प्रौद्योगिकी फर्म बाइटडांस लिमिटेड की सहायक कंपनी है। अमेरिकी सांसदों ने तर्क दिया कि बाइटडांस पर चीनी सरकार का नियंत्रण है। ऐसे में चीनी सरकार चाहे तो अमेरिकी टिकटाक यूजर्स के डाटा तक पहुंच की मांग कर सकती है।

# उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश ने किया डिजिटल लीगल लाइब्रेरी का उद्घाटन

**अवधनामा संवाददाता**

**डिजिटल सेंटर और एक्यूप्रेशर उपचार केंद्र का भी शुभारंभ**



**प्रयागराज।** हाईकोर्ट बार एसोसिएशन, इलाहाबाद में आज स्व0 पं0 अम्बरीष कुमार शर्मा एस0सी0सी0 डिजिटल लीगल लाइब्रेरी, वरिष्ठ अधिवक्ता स्व0 रविकान्त मेमोरियल डिजिटल सेंटर व स्व0 लव श्रीवास्तव एक्यूप्रेशर उपचार केन्द्र का शुभारम्भ मुख्य न्यायमूर्ति अरुण भंसाली के कर-कमलों द्वारा सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह व संचालन महासचिव नितिन शर्मा ने किया। कार्यक्रम में न्यायमूर्तिगण महेश चन्द्र त्रिपाठी, विवेक कुमार बिरला, सिद्धार्थ वर्मा एवं वरिष्ठ अधिवक्ता वी0पी0 श्रीवास्तव की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य न्यायमूर्ति अरुण भंसाली ने स्व0 पं0 अम्बरीष कुमार शर्मा के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 'पं0 अम्बरीष कुमार शर्मा एक कुशल विधिवेत्ता थे, वह इलाहाबाद उच्च न्यायालय के साथ ही पूरे प्रदेश में अधिवक्ताओं के बीच अत्यन्त लोकप्रिय थे। वह अत्यन्त प्रख्यात नेता थे और बहुत ही युवा अवस्था में उन्हें हाईकोर्ट बार एसोसिएशन, इलाहाबाद का लगातार दो बार भूषनात्मक महासचिव पद पर निर्वाचित होने का गौरव हासिल हुआ। वह हाईकोर्ट बार एसोसिएशन, इलाहाबाद के 150 वर्षों के इतिहास में अब तक के सबसे युवा महासचिव रहे। उनका व्यक्तित्व व कृतित्व युवा अधिवक्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत है। अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने बताया कि ''स्व0 रविकान्त इलाहाबाद उच्च न्यायालय के प्रख्यात अधिवक्ता थे। अधिवक्ता के रूप में 55 वर्षों के लम्बे कालखण्ड में संविधान विशेषज्ञ के रूप में उनकी ख्याति विधि जगत में सर्वविदित थी। महासचिव नितिन शर्मा ने बताया कि ''स्व0 लव श्रीवास्तव एक सक्षम अधिवक्ता थे। वे वैधानिक मानकों का सख्ती से पालन करते थे जिस कारण न्यायालय परिसर में अलग ही सम्मानित स्थान था।

वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अमित कुमार श्रीवास्तव ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि आज का यह दिन अत्यन्त गौरवशाली है कि हाईकोर्ट बार एसोसिएशन, इलाहाबाद परिसर में तीनों विभूतियों की स्मृति में अधिवक्ता हित में स्मारक के तौर पर उनके नाम से डिजिटल लीगल लाइब्रेरी, डिजिटल सेंटर और एक्यूप्रेशर उपचार केन्द्र की स्थापना हो रही है।

उक्त कार्यक्रम में अमित के0 श्रीवास्तव (वरिष्ठ उपाध्यक्ष), आशुतोष पाण्डेय, अशोक कुमार त्रिपाठी, अजय कुमार मिश्र ''अजय जय हिन्द'', अरविन्द कुमार श्रीवास्तव, स्वर्णलता सुमन (उपाध्यक्षगण), सर्वेश कुमार दुबे (संयुक्त सचिव प्रशासन), अजय सिंह (संयुक्त सचिव लाइब्रेरी), अमरेन्द्र सिंह (संयुक्त सचिव प्रेस), अंजना चतुर्वेदी (संयुक्त सचिव महिला), प्रीति द्विवेदी, श्रीमती सरिता सिंह, अभ्युदय त्रिपाठी, विनोद राय, अमित कुमार पाण्डेय, ओम प्रकाश विश्वकर्मा, अरविन्द कुमार सिंह, अरुण कुमार त्रिपाठी, आशुतोष मिश्र (नगरहा), सुधीर कुमार केसरवानी, साइमा सहेर, अनिरुद्ध ओझा, अनिल कुमार मिश्र, गुलाब सिंह यादव एवं अनिल प्रताप सिंह (कार्यकारिणी सदस्यगण) सहित काफी संख्या में अधिवक्तागण उपस्थित रहे। उपरोक्त समस्त जानकारी कार्यकारिणी सदस्य अभ्युदय त्रिपाठी ने उपलब्ध कराई।

# समाचार पत्र विक्रेता समिति की समीक्षा बैठक संपन्न

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** समाचार पत्र विक्रेता समिति की एक समीक्षा बैठक जिला अध्यक्ष राम सहारे मौर्य की अध्यक्षता में समाचार पत्र विक्रेता समिति सभागार धरनी धरपुर मीरपुर में संपन्न हुआ ।बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष राम सहारे मौर्य ने बताया कि समाचार पत्र विक्रेताओं का सपना धीरे-धीरे सकार हो रहा है ।वार्षिक समारोह में अतिथियों द्वारा किए गए वादे पूरा करते हुए जगदीश प्रसाद मौर्य गप्पू ने संगठन के लिए 50 कुर्सी उपलब्ध कराया। वह समाचार पत्र विक्रेता समिति कार्यालय पर पहुंच गया ।इसके अलावा श्याम सिंह यादव संसद द्वारा सभागार के पास स्ट्रीट लाइट लगवाया गया एवं बाबा मौर्य राष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी द्वारा भवन में वायरिंग के लिए ?5000 समिति के खाते में जमा कर दिया गया। अब समाचार पत्र विक्रेताओं को बैठने में अन्य सुविधाओं की परेशानी नहीं होगी मौर्य ने कहा कि बहुत जल्द और भी सुविधा सभागार में हो जाएगी। बैठक में मौजूद मगरूराम मौर्य ,अवधेश मौर्य, नरेंद्र मौर्य, बबलू मौर्य ,विजय शर्मा ,कुलदीप साहू ,पंकज मौर्य ,रवि शर्मा, राजेश मौर्या ,रामस्वरथ मौर्य, पवन साहू ,आदि लोग मौजूद रहे।

# जमुना और फाफामऊ क्लब सेमीफाइनल में

**अवधनामा संवाददाता**

**रामबाबू पाल एवं मनोज यादव स्मृति प्रयागराज कप टी-20 कैशमनी क्रिकेट**

**प्रयागराज।** अंकित यादव के अर्धशतक (60 रन, 29 गेंद, पांच चौके, पांच छक्के) से जमुना क्रिकेट क्लब ने फाफामऊ क्रिकेट क्लब को दो रन से हराकर रामबाबू पाल एवं मनोज यादव स्मृति प्रयागराज कप टी-20 कैशमनी क्रिकेट प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। हार के बावजूद फाफामऊ क्लब की टीम भी ग्रुप ए की अंक तालिका में शीर्ष पर होने से अंतिम चार में पहुंच गई है। डीएवी कॉलेज मैदान पर गुरुवार को खेले गए मैच में जमुना क्लब ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 183 रन (अंकित यादव 60, निखिल शर्मा 43 नाबाद, पीयूष मिश्र 33, विशाल यादव 2/40, गुलशन वर्मा, दीपक यादव व सौरभ त्रिपाठी एक-एक विकेट) बनाये। जवाब में फाफामऊ क्लब की टीम 15 ओवर में 181 रन (यादवेंद्र सिंह यादव 61, सौरभ प्रताप सिंह 34, अभिषेक यादव 28, सौरभ त्रिपाठी 20, सार्थक केसरवानी 2/23, आर्यन 2/25, आदेश शर्मा 2/40) पर सिमट गई। अंकित यादव को पूर्व रणजी क्रिकेटर रज़ा अली ने जस्टिस ग्रुप आफ इलाहाबाद की ओर से मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया। मैच में तौसीफ शेख व अरुण कुमार ने अंपायरिंग एवं खुर्शीद अहमद ने स्कोरिंग की।

# जीआईएस तकनीक के क्षेत्र में कैरियर एवम शोध में मिलेगा लाभः डॉ. आशिमा

**जगत तारन गर्ल्स पी जी कॉलेज मे जीआईएस सर्टिफिकेट कार्यक्रम का समापन**

**अवधनामा संवाददाता**




**प्रयागराज।** जगत तारन गर्ल्स पी जी कॉलेज के भूगोल विभाग मे भौगोलिक सूचना प्रणाली पर आठ सप्ताह के सर्टिफिकेट कार्यक्रम का समापन आज हुआ। कार्यक्रम समन्वयक डॉ दर्शन कुमार झा ने इस की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि प्रतिभागी छात्राओं को इस कोर्स में महाविद्यालय, इलाहाबाद विश्वविद्यालय एवं मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के विशेषज्ञों द्वारा जी आई एस सॉफ्टवेयर पर व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया। प्राचार्या डॉ आशिमा घोष ने अपने संबोधन में कहा कि इससे छात्राओं को जी0आई0एस0 तकनीक के क्षेत्र में कैरियर एवम शोध में महत्वपूर्ण लाभ मिलेगा। उन्होंने छात्राओं से अन्य सर्टिफिकेट कोर्स के माध्यम से अपने कौशल में वृद्धि करने को कहा तथा यह आश्वासन दिया कि भविष्य में महाविद्यालय इस कोर्स का संचालन और बेहतर तरीके से करने का प्रयास करेगा। इस सर्टिफिकेट प्रोग्राम मे प्रथम् स्थान एम ए चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा जाह्नवी सिंह, दूसरा स्थान शोध छात्रा साक्षी सिंह और शोध छात्रा प्रियंका भारती तथा तृतीय स्थान पर एम ए चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा स्मृति त्रिपाठी, कृति यादव, राधा सैनी ने प्राप्त किया। संचालन सुश्री भावना शर्मा तथा धन्यवाद ज्ञापन भूगोल विभाग की संयोजिका डॉ अर्चना पॉल ने किया। इस अवसर पर डॉ नीलिमा मिश्रा, डॉ आशीष मिश्रा, डॉ विजयलक्ष्मी, डॉ रूपम मिश्रा, डॉ निर्मला गुप्ता एवं श्रीमती रश्मि श्रीवास्तव ने भी उपस्थिति दर्ज की।

# साईबर सेल ने खाते से फ्राड किये हुए 30,500 रुपये वापस कराये गये



**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** सरायमीर थाना क्षेत्र के पूर्व की घटना 19 नवम्बर आवेदक शुभम यादव पुत्र सिरजन कुमार यादव ग्राम कौरौली बुजुर्ग थाना सरायमीर आजमगढ़ द्वारा थाना स्थानीय पर सूचना दिया गया कि आवेदक ने एक लिंक पर क्लिक किया था। जिससे उसके खाते से 30,500- रुपये साईबर फ्राड के माध्यम से काट लिये गये। जिसके सम्बंध में त्वरित कार्यवाही करते हुये प्रभारी निरीक्षक सरायमीर यादवेन्द्र पाण्डेय व कम्प्यूटर आपरेटर अमित कुमार गुप्ता द्वारा आवेदक का पैसा होल्ड कराया गया । कम्प्यूटर आपरेटर अमित गुप्ता, का0 इन्द्रजीत यादव व का0 सोनू गुप्ता द्वारा बैंक से सम्पर्क कर आवेदक के खाते से फ्राड हुआ पैसा वापस कराया गया । पैसा वापस कराने वाली पुलिस टीमदृ प्र0नि0 यादवेन्द्र पाण्डेय, कम्प्यूटर आपरेटर अमित कुमार गुप्ता, का0 इन्द्रजीत यादव, का0 सोनू गुप्ता थाना सरायमीर आजमगढ़।

# अल्पसंख्यक कांग्रेस ने पूर्व विधायक नदीम जावेद की मां को दी खिराजे अकीदत

**प्रयागराज।** शहर अल्पसंख्यक कांग्रेस ने करेली स्थित क्षेत्रीय कार्यालय पर पूर्व प्रदेश महासचिव एवं पीसीसी सदस्य फुजैल हाशमी जी की अध्यक्षता में बैठक करते हुए पूर्व विधायक जौनपुर पूर्व अल्पसंख्यक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष एंव राष्ट्रीय सचिव नदीम जावेद की माता मसरूरा खातून के निधन पर दुःख जताया का बुधवार की सुबह उनके पैतृक निवास जोनपुर में निधन हो गया। वह 76 वर्ष की थी उनके निधन सूचना से पूरा कांग्रेसजनों ने दुःख जताया इस मौके पर अल्पसंख्यक कांग्रेस के लोगो ने दुआखानी करते हुए उन्हें खिराजे अकीदत पेश की और अल्लाह से उनके मगफरत की दुआ मांगी। इस मौके शहर अध्यक्ष अरशद अली, पूर्व प्रदेश महासचिव एवं पीसीसी सदस्य फुजैल हाशमी, शहर उपाध्यक्ष परवेज सिद्दीकी, मुख्तार अहमद गुलाम वारिस आदि मौजूद रहे।

# 20 एटीएम के साथ अभियुक्त पकड़ा गया

**जौनपुर।** जिले के थाना बक्सा पुलिस ने एटीएम कार्ड बदलकर लोगों का पैसा निकालने वाला शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार किया है उसके कब्जे से अलग अलग बैंक के 20 एटीएम कार्ड व एक बिना नम्बर प्लेट की बुलेट मोटर साइकिल बरामद किया है। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शैलेन्द्र कुमार सिंह ने बताया है कि आगामी लोक सभा चुनाव के दृष्टिगत बैंक एवं वित्तिय संस्थानों पर सदिग्धों व्यक्तियों की सघन चेंकिग, अभियान के अनुपालन में थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह व सहयोगियों के साथ थाना क्षेत्र के नौपेडवा बाजार में वित्तिय संस्थानों एवं बैंको की चेकिंग कर रहे थे तभी मुकबीर ने सूचना दिया एक व्यक्ति लोगो से ए.टी.एम. बदलकर उनका पैसा निकाल लेता है, स्टेट बैंक आफ इंडिया के ए.टी.एम नौपेडवा के पास लोगो के ए.टी.एम. बदलकर पैसा निकालने के फिराक मे पास खडा है। थानाध्यक्ष फोर्स के साथ नौपेडवा स्टेट बैंक एटीएम मशीन के पास पहुचने वाला ही था कि एटीएम फ्राड करने वाला व्यक्ति पुलिस को देखते ही बिना नम्बर प्लेट की बुलेट मोटरसायिकल स्टार्ट कर भागने का प्रयास किया जिसे हमराही पुलिस फोर्स की सहायता से पकड लिया गया। पकडे गये व्यक्ति से तलाशी ली गयी तो 20 एटीएम कार्ड अलग अलग बैंक के बरामद हुए एवं मोटर साइकिल की चेंकिग गयी तो इंजन व चेचिस न0 खुरचा हुआ था, नम्बर प्लेट अस्पष्ट था। पूछताछ के दौरान ग्राम नेवादाकाजी थाना बक्सा के निवासी आलम पुत्र अब्बास ने आकर एटीएम फ्राड करने वाले व्यक्ति की ओर इशारा करते हुए बताया कि कल इसी ने मेरे नये ए.टी.एम. का पिन सेट करने के बहाने मेरा एटीएम बदल लिया है, पकडे गये व्यक्ति विपिन यादव पुत्र गंगा यादव निवासी नसरत ताल टिसौरा माफी पोस्ट बरहलगंज थाना जहानागंज जिला आजमगढ़ को हिरासत पुलिस में लिया गया व अभियुक्त के विरुद्ध धारा 419/42046/ 468/471 भादवि पंजीकृत कर कार्यवाही की गयी है।

# धूमधाम से निकली श्री खाटू श्याम जी की निशान शोभायात्रा



**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** विगत 16 वर्षों की भांति इस वर्ष भी श्री खाटू श्याम जी, राजस्थान को निशान अर्पण करने के लिए प्रयागराज से श्रद्धालुओं का एक जत्था खाटू श्याम राजस्थान के लिए आज प्रस्थान कर रहा है जिसकी शोभायात्रा का नगर भ्रमण गुरुवार को खाटू श्याम मंदिर रामबाग से कोठा पारचा, बहादुरगंज, चमेली बाई धर्मशाला होते हुए रामबाग में संपन्न हुई।

शोभायात्रा में नगर वासियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया बाबा श्याम जी की भव्य झांकी भी प्रस्तुत की गई, डीजे ढोल ताशे की धुन पर श्रद्धालु झूमते नाचते शोभायात्रा में सम्मिलित हुए। शोभायात्रा का स्वागत नगर भ्रमण के दौरान बहादुरगंज में राजेश सिंघानिया, मानसरोवर पर अनिल नारिया, चमेली बाई धर्मशाला पर सुरेन्द्र बंसल, प्रमोद बंसल, साउथ मलाका में विनोद अग्रवाल, श्याम मंदिर रामबाग पर योगेश गोयल द्वारा किया गया। शोभायात्रा हर वर्ग के लोगों ने बाबा श्याम की निशान ले के पदयात्रा की।

निशान यात्रा श्री श्याम सेवा ट्रस्ट वा श्याम मंडल के तत्वाधान में आयोजित हुई। शोभायात्रा में मनीष रुंगटा, विजय कान्त शर्मा, विनोद अग्रवाल वेद प्रकाश जी गोयल, गौपाल जी अग्रवाल, राजेश सिंघानिया, अनिल नर्सारिया, प्रकाश अग्रवाल, मनोज देवडा, सुरेंद्र बंसल, सुनील सराफ, गौरव खेमका, आशीष अग्रवाल आदि बहुत सारे श्रद्धालु उपस्थित हुए।

# वृक्क कल्प क्रानिक किडनी डिसीजेज में अत्यन्त लाभकारीः डॉ. तोमर

**विश्व किडनी दिवस पर विशेष**

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** किडनी के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए सबसे पहले साल 2006 में 66 देशों ने एक साथ मिलकर विश्व किडनी दिवस मनाया था। जिसके बाद दो सालों के भीतर ही 66 देशों की यह संख्या बढ़कर 88 हो गई। यह जानकारी प्रख्यात आयुर्वेद चिकित्सकडॉ जी एस तोमर ने दी। उन्होंने बताया कि वर्ल्ड किडनी डे इंटरनेशनल सोसाइटी ऑफ नेफ्रोलॉजी और इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ किडनी फाउंडेशन की एक संयुक्त पहल है। ये खास दिन हर साल मार्च महीने के दूसरे गुरुवार को मनाया जाता है। यानी इस साल, 14 मार्च को विश्व किडनी दिवस मनाया जा रहा है। डॉ तोमर ने कहा कि किडनी हमारे शरीर के सबसे महत्वपूर्ण अंगों में से एक है, जो रक्त से विषाक्त पदार्थों को हटाने और इन्हें छानकर मूत्र के रास्ते बाहर निकालने का काम करती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों की मानें तो मानव शरीर में मौजूद दोनों किडनी (वृक्क /गुर्दे) मिलकर हर 24 घंटे में लगभग 200 लीटर तरल पदार्थ छानती हैं। वहीं, अगर ये सही ढंग से काम करना बंद कर दें, तो शरीर के निर्विषीकरण की प्रक्रिया बाधित हो जाती है और कई बीमारियां व्यक्ति को घेर सकती हैं। इसी कड़ी में शरीर के इस जरूरी अंग के बारे में लोगों के बीच जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से हर साल विश्व किडनी दिवस (वर्ल्ड किडनी डे) मनाया जाता है। उन्होंने गुर्दों की सेहत का ख्याल रखने के बारे में कुछ आसान तरीका भी बताए। उन्होंने कहा कि आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में लोगों की जीवनशैली और खाने-पीने की आदतें बिगड़ गई हैं। पोषक तत्वों से भरपूर आहार न लेने, पर्याप्त पानी न पीने और व्यायाम की कमी के चलते बॉडी में विषाक्त पदार्थ बढ़ने लगते हैं। चूँकि हमारी किडनी रक्त से विषाक्त पदार्थों को हटाने और इन्हें छानकर मूत्र के रास्ते बाहर निकालने का काम करती हैं। हालांकि, अधिक मात्रा में शरीर में जमा टॉक्सिन किडनी का काम प्रभावित करने लगते हैं, जिससे समय के साथ गुर्दों से जुड़ी बीमारियों का खतरा भी अधिक बढ़ जाता है। ऐसे में किडनी को स्वस्थ रखने के लिए एक्टिव लाइफस्टाइल और खानपान का सही होना बेहद जरूरी है।

## संक्षिप्त समाचार

### पंजीकरण कराने वाले क्रिकेटर आज तक करें संपर्क

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) के सभी आयु वर्ग और रणजी ट्रॉफी ट्रायल के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करा चुके वह क्रिकेटर जिन्होंने अब तक एसीए कार्यालय में संपर्क नहीं किया है, उन्हें शुक्रवार (15 मार्च) तक इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन के कार्यालय 02, कानपुर रोड (निकट सप्लाई डिपो, चौफटका पॉवर हाउस) प्रयागराज में दोपहर 12 से 2 बजे के मध्य शहज़ादे आलम अथवा संयुक्त संयोजक (प्रबंधन) सोमेश्वर पाण्डेय से अवश्य संपर्क करने को कहा गया है। इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन के निदेशक ताहिर हसन के अनुसार प्रयागराज मण्डल में आने वाले चार जनपदों (इलाहाबाद, मिर्ज़ापुर, भदोही और चित्रकूट) के क्रिकेटर कहीं से भी ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन (https://www.upca.tv) करने के बाद रजिस्टर्ड मोबाइल नम्बर एवं शुल्क के साथ संपर्क कर सकते हैं।

### क्रिकेटर आलोक सिंह को पितृ शोक



**प्रयागराज।** इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन की सीनियर चयन समिति के सदस्य और रेलवे में कार्यरत पूर्व क्रिकेटर आलोक सिंह के पिता सूर्य प्रताप सिंह (70) का गुरुवार को उनके फूलपुर तहसील के रहिमापुर स्थित गांव में निधन हो गया। वह कई दिनों से बीमार रहे। अपने पीछे वह दो पुत्र एवं दो पुत्री को छोड़कर गए हैं। दोपहर बाद झूंसी के छतनाग घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके निधन पर इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन के निदेशक ताहिर हसन की अध्यक्षता में शोक सभा हुई, जिसमें दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना हुई। शोक सभा में आरपी भटनागर, डॉ. सुरेश द्विवेदी, एसडी कौटिल्य, यासर हसन, डॉ. जूली ओझा, राघव द्विवेदी, सत्यव्रत सहाय, अनुराग श्रीवास्तव, उत्पल दास, सलीम अहमद, एलबी काला, सोमेश्वर पांडेय, शिशिर मेहरोत्रा, प्रितेश सोनकर, अंकित पांडेय आदि ने खेद व्यक्त करते हुए सांत्वना प्रकट की।

### दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

**मुबारकपुर आजमगढ़ ।** पूर्व की घटनादृ दिनांक 12.03.2024 को वादिनी मुकदमा द्वारा थाना स्थानीय पर शिकायत किया गया था कि अभियुक्त अमित यादव पुत्र हरिकेश यादव साकिन खौरा थाना मुबारकपुर जनपद आजमगढ ने वादिनी को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया तथा विडियो बनाकर वायरल करने एवं जान से मारने की धमकी देने लगा जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0- 100/2024 धारा 376/313/504/506 भादवि0 पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ किया गया। आज प्रभारी निरीक्षक मुबारकपुर निहार नन्दन कुमार मय हमराह द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त अमित यादव पुत्र स्व0 हरिकेश यादव साकिन खौरा थाना मुबारकपुर जनपद आजमगढ़ को उसके घर ग्राम खौरा से गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

### विद्यालय में तोड़फोड़ कर किया चोरी का प्रयास

**जौनपुर। (सिकरारा)** प्राथमिक विद्यालय बथुआवर में बुधवार की रात अज्ञात शरारती तत्वों ने तोड़फोड़ कर चोरी करने का प्रयास किया। विद्यालय के शिक्षको द्वारा गुरुवार को थाने पर तहरीर देकर कारवाई की मांग की गई। गुरुवार को शिक्षण कार्य हेतु निर्धारित समय पर विद्यालय के शिक्षक पहुंचे तो देखा कि विद्यालय की चहारदीवारी पर लगे सीसे को तोड़कर अंदर आकर तोड़फोड़ कर चोरी का प्रयास किया।

# पीएम मोदी के नेतृत्व में देश कर रहा है निरंतर प्रगतिः कृपा शंकर

**अवधनामा संवाददाता**

**मुंगराबादशाहपुर में भाजपा लोकसभा प्रत्याशी का हुआ स्वागत**



**जौनपुर (मुंगराबादशाहपुर)।** भारतीय जनता पार्टी की ओर से जौनपुर लोकसभा क्षेत्र के उम्मीदवार कृपा शंकर सिंह का लोकसभा प्रत्याशी बनाए जाने पर पहली बार नगर मुंगरा बादशाहपुर में आगमन होने पर राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी के नेतृत्व में जनसंपर्क यात्रा नगर में निकाली गई। ब्लॉक प्रमुख सत्येंद्र सिंह फंटू, चेयरमैन कपिल मुनि गुप्त, आलोक कुमार गुप्ता पिंटू व क्षेत्रीय मंत्री काशी प्रांत अर्चना शुक्ला समेत भाजपाइयों ने जगह-जगह बैंड- बाजे एवं फूल मालाओं के साथ भव्य स्वागत व अभिनंदन किया। सड़के जय भाजपा -तय भाजपा के शंखनाद से गूंज उठी।

उन्होंने साहबगंज मोहल्ला स्थित यूनियन बैंक से जनसंपर्क पैदल यात्रा शुरू कर जो नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए नगर के बीच में स्थित शक्तिपीठ मां काली जी के मंदिर पर माता टेककर आशीर्वाद लिया। तत्पश्चात कटरा मोहल्ला में स्थित सृष्टि पैलेस में जनसभा में जाकर तब्दील हो गई। इस दौरान उन्होंने लोकसभा प्रत्याशी कृपा शंकर सिंह ने कहा कि हमारा देश मोदी जी के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा है। भाजपा के कथनी व करनी में कोई अंतर नहीं है। पार्टी ने जो भरोसा हम पर जाते हैं, उसे पर खड़ा उतरना ही मेरी प्राथमिकता होगी। इस दौरान राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी ने कहा कि भाजपा के 10 साल में केंद्र व प्रदेश का जमकर विकास हुआ है। सड़कों का जाल बिछाया गया है। बिना भेदभाव के सभी वर्गों को समान अधिकार दिए गए। जब से भाजपा सरकार बनी, देश में गुंडाराज समाप्त हो गया है।इस अवसर पर जिला महामंत्री सुशील मिश्रा, चेयरमैन कपिल मुनि गुप्त, आलोक गुप्ता पिंटू, ब्लॉक प्रमुख सत्येंद्र सिंह, संतोष मिश्रा, राजीव केसरी, राजकुमार, पूर्व चेयरमैन शिव गोविंद साहू, मनोज द्विवेदी, सौरभ जायसवाल, संतोष गुप्ता, रंजीत भोजवाल, सूर्य लाल जायसवाल, राजीव गुप्ता राजू, नीलम गुप्ता, सीके गुप्ता, नटवरलाल, शंकर केसरी, गणेश सभासद, मुकेश कुमार, रोहन पांडे, सुभाष मिश्रा, दीपू मोदनवाल, सभासद लक्ष्मीना, नीरज द्विवेदी, प्रताप चंद्र, संजय चौरसिया व राजकुमार जायसवाल राजू आदि लोग मौजूद रहे।

# यायावरों ने भारतीय संस्कृति को करीब से समझाः डॉ. कायनात

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर।** देश प्रख्यात यात्रा लेखिका एवं ब्लॉगर डॉ. कायनात काज़ी ने कहा कि यात्रा मन से नकारात्मकता को निकालती है। यायावरों ने संस्कृति को इतिहासकारों की तुलना में ज्यादा ईमानदारी से लिखा है। देश की लोक संस्कृति और धरोहरों को जानने के लिए मैंने यात्राएं की। यायावरों ने भारतीय संस्कृति को करीब से समझा। भारतीय संस्कृति की विविधता ही इसकी खूबसूरती है। डॉ. कायनात ने ये बातें वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में कल्चरल क्लब एवं जनसंचार विभाग द्वारा आयोजित कार्यशाला में कहीं। विश्वविद्यालय में संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश के सहयोग से संस्कृति के संरक्षण, संवर्धन, प्रदर्शन एवं दस्तावेजीकरण विषय पर पांच दिवसीय कार्यशाला आयोजित की जा रही है। उन्होंने प्रतिभागियों को देश के विभिन्न भागों की लोक संस्कृति से परिचित कराया। कल्चरल मैपिंग के लिए टिप्स भी दिए। कायनात काज़ी भारत की पहली एकल महिला यात्री हैं जिन्होंने केवल चार वर्षों में दो लाख किलोमीटर की यात्रा की है। उन्होंने अपनी रोचक यात्राओं से भी परिचित कराया। इतिहासकार एवं ब्लॉगर एस एम मासूम ने जौनपुर की सांस्कृतिक विरासत पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि अपने सांस्कृतिक मूल्यों को स्थापित करना और सांस्कृतिक पहचान को कायम रखने की जिम्मेदारी युवाओं की है। उन्होंने कहा कि जौनपुर जनपद की सांस्कृतिक विरासत बहुत ही समृद्ध रही है इसे सहेजना बहुत मुश्किल नहीं है।

अपने पूर्वजों की विरासत को बस सहेजना होगा। उन्होंने जौनपुर जनपद के ऐतिहासिक स्थलों के बारे में विस्तार से बताया। प्रो. बी डी शर्मा ने कहा कि हमें अपनी जड़ों को नहीं भूलना चाहिए। संस्कार और संस्कृति जीने की चीज है। उन्होंने ग्रामीण संस्कृति पर विस्तार से चर्चा की। डॉ जान्हवी श्रीवास्तव ने कहा कि जिज्ञासा ही पथ प्रदर्शक होती है। जितना देश में भ्रमण करेंगे संस्कृति वो वास्तव में समझ पाएंगे। जनसंचार विभाग के अध्यक्ष डॉ मनोज मिश्र ने अतिथियों का स्वागत एवं संचालन कार्यक्रम संयोजक डॉ दिग्विजय सिंह राठौर, धन्यवाद् ज्ञापन आयोजन सचिव डॉ सुनील कुमार ने किया। इस अवसर पर इस अवसर पर डॉ. अवध बिहारी सिंह, डॉ. चन्दन सिंह, डॉ. सुरेन्द्र यादव, सोनम विश्वकर्मा, अमित मिश्रा समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

# दाताओं को कृषक और आवासीय दान में 5 हजार स्टाम्प शुल्क मे छूट

**अवधनामा संवाददाता**



**लालगंज आजमगढ़।** प्रभारी उपनिबंधक सत्येंद्र गोड़ ने बताया कि शासन के निर्देश पर ऐसा दान विलेख जिसके द्वारा दाता अचल सम्पति का अंतरण परिवार के पुत्र, पुत्री, पिता, माता, पत्नी, पुत्रवधू की पत्नी आदि के पक्ष में अधिकतम पांच हजार का स्टांप शुल्क में दान विलेख के लिए लिखित द्वारा संपत्ति को रजिस्ट्री किया जा सकता है। वास्तविक व्यक्ति को दी गई सम्पति का दान अच्छादित है। उन्होंने बताया कि इस अधिसूचना के अंतर्गत मात्रा आवासीय और कृषक भूमि का ही दान आच्छादित है। उन्होंने बताया कि इसका लाभ अधिक से अधिक लेने के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है।ताकि लोग इसका लाभ उठा सके। ज्ञात हो के उप निबंधक कार्यालय लालगंज में आए दिन जमीन का बैनामा व रजिस्ट्री होती रहती है। बैनामा कराने के लिए दूर दराज से काश्तकार आते हैं। जिसमें महिलाओं की संख्या काफी रहती है। विवाहित जोड़ों का पंजीकरण भी कराया जाता है। पंजीकरण में पति पत्नी को हाजिर होने पर रजिस्ट्रेशन कराया जाता है। बड़ी दूर से दंपति आकर अपना रजिस्ट्रेशन करते हैं। क्योंकि सरकार ने विवाह पंजीकरण अनिवार्य कर दिया है उसके बिना विवाह वैध नही माना जाएगा।

# माउंटेन ड्यू ने जारी किया ऋतिक रोशन के साथ अपना समर कैम्पेन

**नई दिल्ली।** माउंटेन ड्यू ने आज अपना 2024 का समर कैम्पेन जारी



किया है जिसमें बहादुरी की मिसाल पेश करने वाली एक ऐसी कहानी है जो एक दोस्त की जान बचाने के लिए अपने डर को दरकिनार करने का संदेश देती है। माउंटेन ड्यू के ब्रैंड एंबैसडर, जो कि ब्रैंड के साथ पिछले एक दशक से जुड़े हैं, ब्रैंड की टैगलाइन डर के आगे जीत है के पर्याय बन चुके हैं। माउंटेन ड्यू के असल अंदाज़ को साकार करने वाली इस फिल्म में कई रोमांचकारी स्टंट हैं और साथ ही हैं जोश से भर देने वाली मनोरंजक कहानी।

इस कैम्पेन के बारे में, आकांक्षा दलाल, कैटेगरी हैड, माउंटेन ड्यू, पेप्सिको इंडिया ने कहा, हम हमेशा से ऐसे ब्रैंड बने रहे हैं जो साहस का प्रतीक है, हमारी टैगलाइन डर के आगे जीत है भी इसी संदेश को दोहराती है और यह केवल हमारे ब्रैंड पर ही लागू नहीं होती बल्कि भारत जैसे देश के मामले में भी सही है जहां लगातार अपनी सीमाओं को आगे धकेलना ही नया मानक है। इस ब्रैंड का हमेशा से यह मानना रहा है कि डर बेशक, स्वाभाविक होता है, लेकिन यह प्रतिरोध को जन्म देता है, लेकिन वास्तव में, साहस है जो हमें खुद को 'आजाद' करने या 'जीत' के लिए प्रेरित होता है। अब तक हमने इसे निजी जीत के तौर पर देखा है, लेकिन यह पहला अवसर है जबकि माउंटेन ड्यू ने अपने नए समर कैम्पेन के जरिए 'उद्देश्यपूर्ण साहस' के नरेटिव को सामने रखा है। यह किसी की जान बचाने के लिए अपने डर से उबरने की कहानी है। जब आपके पास 'डर के आगे जीत है' जैसी टैगलाइन होती है और ऋतिक जैसे ब्रैंड एंबैसडर हों तो तो वह ब्रैंड के ऐसे पर्याय बन जाते हैं कि आपको सही मतलब तलाशने के लिए कहीं दूर जाने की जरूरत नहीं होती।

फिल्म की शुरुआत एक शहर में आए भयंकर टॉरनेडो (बवंडर) के साथ होती है, जिसमें कुछ दूर कुछ दोस्त एक कैंपसाइट के पास खड़े हैं और वे उस टॉरनेडो से पूरी तरह बेखबर हैं। तभी उनमें से एक (ऋतिक रोशन) की नजर तेजी से उनके नजदीक आ रहे टॉरनेडो पर जाती है और तभी उनका एक दोस्त कार के नीचे फंस जाता है। दहशत से भरे उस पल में उन्हें एक बड़ा फैसला लेना है, या तो टॉरनेडो से दो-दो हाथ करें और दोस्त को टॉरनेडो से बचाएं या फिर अपनी जान बचाकर भाग निकलें। ठीक उस पल ऋतिक माउंटेन ड्यू की तरफ बढ़ते हैं, और गटागट उसे पी जाते हैं और भर जाते हैं ऐसी शक्ति से जो उन्हें अपने दोस्त को बचाने में मदद करती है।

## रीजेंसी हॉस्पिटल ने किडनी हेल्थ फॉर ऑल वॉकथॉन का सफल आयोजन किया

**लखनऊ।** लखनऊ के प्रतिष्ठित हॉस्पिटल प्रोवाइडर रीजेंसी हेल्थकेयर ने आज सुबह 5:00 बजे से 8:00 बजे तक आयोजित किडनी हेल्थ और शीघ्र जांच के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रतिबद्धता जताई। 1090 चौराहा, गोमती नगर, लखनऊ से शुरू होकर वॉकथॉन का



फॉर ऑल वॉकथॉन का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस कार्यक्रम में लोगों का जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। इस वॉकथॉन में शामिल होने वाले प्रतिभागियों ने किडनी की बीमारियों समापन लोहिया पार्क, गेट नंबर 2 पर हुआ। किडनी हेल्थ फॉर ऑल वॉकथॉन किडनी के स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के साझा लक्ष्य से प्रेरित होकर जब प्रतिभागियों ने वॉक शुरू की तो उनका उत्साह और जोश के साथ स्वागत किया गया। रीजेंसी हॉस्पिटल के वरिष्ठ निदेशक, नेफ्रोलॉजी विभाग, डॉ. दीपक दीवान, ने इस बारे में बताया, ÷भारत में किडनी बीमारी बहुत लोगों को है इसलिए यह बीमारी एक गंभीर चिंता का विषय है।

गौरतलब है कि डायबिटीज, ह्यपरटेंशन, मोटापा और आनुवंशिक कारकों की वजह से यह बीमारी और ज्यादा बढ़ रही है। हमारा मिशन किडनी हेल्थ फॉर ऑल वॉकथॉन जैसी पहल चला करके किडनी रोगो से पीड़ित व्यक्तियों की पहचान करना और इस बीमारी को गंभीर होने से रोकने के लिए शीघ्र इलाज प्रदान करना है।

## साबु ट्रेड के ग्यारह किस्म के मिलेट (श्रीधान्य) जल्द ही बाजार में

**लखनऊ।** 1993 से भारत का सर्वप्रथम एगमार्क प्रमाणित साबूदाना व अन्य स्वास्थ्यवर्धक एफएमसीजी उत्पादों के निर्माता साबु ट्रेड प्राइवेट लिमिटेड, सेलम, चालीस वर्षों से लगातार देश भर में उच्चतम मापदंडों वाला साबूदाना एगमार्क में तथा शुद्ध फरीयाली साबूदाना पापड़ आदि उपलब्ध करा रही है । पिछले दस-पन्द्रह वर्षौं में कम्पनी ने अनेक नये शुद्ध उत्पाद जैसे अल्पाहार ब्रांड में सेलम की उच्च करक्युमिन वाली हल्दी का पाउडर, नारियल का शुद्ध अति गुणवत्ता वाला कोलेस्ट्रोलमुक्त हाइ-फेट पाउडर, हेंड-पिक्ड फूल-मखाना आदि तथा कुकरीजॉकी ब्रांड में पाँच तरह के उच्च पोषक और स्वास्थ्यवर्धक श्रीधान्य (मिलेट) सोर्टेक्स क्लीन करवा कर पाँच किस्म मोरधन-भगर, कोदरा, कंगनी, झंगोरा और रागी आकर्षक उपभोक्ता पैक में लगातार बाजार में ग्राहक सेवा में उपलब्ध हैं। उपभोक्ता भी पूरे विश्वास से साबु के उत्कृष्ट उत्पादों को बाजार में अच्छा प्रतिसाद दे रहे हैं। साबु ट्रेड के प्रबंध निर्देशक श्री गोपाल जी साबु ने अपने इंदौर प्रवास पर बताया कि - हमारी कम्पनी ने कुकरीजॉकी ब्रांड में छह उत्तम किस्म के अन्य श्रीधान्य ((छेन्ना, राजगीरा, हरी कंगनी, ज्वार, बाजरा, और किनोवा मिलेट)भी सोर्टेक्स क्लीन कर उपभोक्ता पैकिंग में लाँच कर दिये हैं, जो इन्दौर के उपभोक्ताओं को अगले महीने से बाजार में उपलब्ध हो जायेंगे । इसके अतिरिक्त हमारी आर एंड डी टीम ने मिलेट और कसावा जमीकंद के मिश्रण से एक फरियाली आटा तैयार किया है, जो ग्लुटेन मुक्त होने के साथ पोषक भी है। पिछले दिनों इन्दौर में कई परिवारों में इस आटे का सेम्पल देकर गृहिनियों से रोटियाँ बनाने के बाद जब फीडबैक लिया तो पाया कि इस आटे की रोटियाँ, बिना गर्म जल के उपयोग के भी बहुत नर्म और स्वादिष्ट बनती है।

# हाटा के लोगों ने वी-बाजार के नये स्टोर का जोरदार स्वागत किया



**हाटा, कुशीनगर।** वैल्यू फैशन सेगमेंट में पसंदीदा शॉपिंग डेस्टिनेशन वी-बाज़ार ने हाटा, कुशीनगर में अपने नए स्टोर के लॉन्च की घोषणा की। वी-बाज़ार एक संपूर्ण पारिवारिक फैशन स्टोर है जो निर्माताओं और ग्राहकों के बीच बिचौलियों को खत्म करके हर वर्ग के लोगों के लिए उचित मूल्य पर ट्रेंडी और फैशनेबल सामान लाता है। हाटा में नया स्टोर पुराने रजिस्ट्रार कार्यालय के सामने गांधी नगर, हाटा, कुशीनगर, में स्थित है। यह स्टोर 7000 वर्गफीट में फैला हुआ है।

लॉन्च की घोषणा करते हुए, वी-बाज़ार के सीएमडी श्री हेमंत अग्रवाल ने कहा, ÷हाटा में अपना स्टोर खोलना हमारे लिए बहुत खुशी और गर्व का क्षण है। ग्राहक अपनी खरीदारी का आनंद ले सकते हैं क्योंकि हमारे पास गर्मियों और होली के कलेक्शन पर आकर्षक ऑफर हैं। उत्तर प्रदेश में हमारे अन्य स्टोरों की जबरदस्त प्रतिक्रिया को देखते हुए, हमने हाटा के निवासियों को भी खरीदारी का समान अनुभव प्रदान करने के बारे में सोचा। हमारा प्रयास अपने ग्राहकों को बेहतर माल, सेवा और समग्र अंतरराष्ट्रीय खरीदारी अनुभव प्रदान करना है। हाटा में यह नया स्टोर हमारे लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। हमारा नया स्टोर फैशनेबल और व्यक्तिगत है, जो अविश्वसनीय रूप से जेब के अनुकूल कीमतों पर बेहतरीन गुणवत्ता वाले माल का संग्रह प्रदर्शित करता है। इस स्टोर मे फैशन के अलावा हमारे पास किराना भी उपलब्ध है।

नया शोरूम खूबसूरत इंटीरियर के साथ बड़े क्षेत्र में फैला हुआ है। नया स्टोर युवाओं के लिए एक ट्रेंडी फैशन पेश करता है जिसमें शर्ट, टी-शर्ट, पैंट, जींस, ट्रैक सूट, शेरवानी, कुर्ता पायजामा पुरुषों के लिए। महिलाओं के लिए सूट और फैंसी टॉप, कुर्ती, जींस, शादी की साड़ी, शादी के डिजाइनर सूट, लेगिंग, हैरम पैंट, पायजामा शामिल हैं। आपके नन्हें बच्चों के लिए भी यहां पोशाकों की विशाल विविधता मौजूद है। यह रेंज फंकी, स्टाइलिश और अविश्वसनीय रूप से आरामदायक परिधान पेश करती है जो हर किशोर और युवा वयस्क की अलमारी में जरूरी हैं। मौजूदा अंतरराष्ट्रीय रुझानों को ध्यान में रखते हुए बनाया गया यह कलेक्शन ट्रेंडी, फैशनेबल है और अविश्वसनीय रूप से कम कीमत पर उपलब्ध है।

ग्राहक वी-बाज़ार पर लॉन्च ऑफर के साथ अपनी खरीदारी को मज़ेदार बना सकते हैं। प्रत्येक खरीदारी पर आप सुनिश्चित उपहार प्राप्त कर सकते हैं। 1500 रुपये की शॉपिंग पर 999 रुपये की डबल बेडशीट सिर्फ 99 रुपये में, 3000 रुपये की शॉपिंग पर 1999 रुपये की ट्रैवल बैग सिर्फ 149 रुपये में, 5000 रुपये की शॉपिंग पर 2499 रुपये का डिनर सेट सिर्फ 199 रुपये में मिलेगा और 8000 रुपये की खरीदारी पर 3999 रुपये का जूसर मिक्सर ग्राइंडर सिर्फ 199 रुपये में मिलेगा। इन सुनिश्चित ऑफर के अलावा अन्य खरीदारी पर भी कई आकर्षक ऑफर हैं।

# यूनिक्लो ने लॉन्च किया 'समर्स आर फॉर लिनेन' कैंपेन

**लखनऊ।** परिधानों के विश्वस्तरीय रीटेलर यूनिक्लो ने आज बॉलीवुड अभिनेत्री एवं यूनिक्लो की ब्राण्ड एंडोर्सर कैटरीना कैफ़ के साथ 2024 स्प्रिंग/ समर कैंपेन 'समर्स आर फॉर लिनेन' के लॉन्च की घोषणा की है। समर सीज़न से ठीक पहले कैफ़ डिजिटल एवं ऑफलाईन चैनलों पर कैंपेन की फिल्म में नज़र आएंगी, वे लिनेन कलेक्शन को दर्शाते हुए ब्राण्ड के प्रमाणिक, विविध एवं सदाबहार लाईफवियर के दृष्टिकोण को साकार करेंगी।स्प्रिंग/ समर कैंपेन में कैटरीना आराम और स्टाइल के साथ गर्मियों का आनंद उठाते नज़र आती हैं। यूनिक्लो का लिनेन कलेक्शन लाईटवेट और ब्रीदेबल है, जो बीच के किनारे दोस्तों के साथ टहलने से लेकर घर में समय बिताने और प्रकृति के नज़ारों का आनंद उठाने तक, गर्मियों के सीज़न के लिए परफेक्ट है।निधी रस्तोगी, मार्केटिंग डायरेक्टर,



यूनिक्लो इंडिया ने कहा, ''हमारी ब्राण्ड एंडोर्सर कैटरीना कैफ़ के साथ 'समर्स आर फॉर लिनेन' कैंपेन का लॉन्च करते हुए हमें बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है। हमें विश्वास है कि यूनिक्लो का बहुमुखी लिनेन कलेक्शन और कैटरीना का सदाबहार आकर्षण एवं भव्यता हमारे उपभोक्ताओं को खूब लुभाएंगे।''

## कांग्रेस 4 पीढ़ियों से सिर्फ गरीबी हटाओ का नारा ही दे रही है: अमित शाह

**लखनऊ।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने तेलंगाना में 'सोशल मीडिया वॉरियर्स मीट' और 'विजय संकल्प




सम्मेलन' को संबोधित करने के दौरान कांग्रेस सहित बीआरएस और मजलिस को निशाने पर लेते हुए स्पष्ट किया कि, 'कांग्रेस 4 पीढ़ियों से सिर्फ गरीबी हटाओ का नारा ही दे रही है, लेकिन बदले में गरीबों को हटाने का काम कर रही है।'

आजादी के बाद दशकों तक कांग्रेस ने तीन तलाक को ओवैसी और वोट बैंक के डर से नहीं हटाया, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तीन तलाक को खत्म करके मुस्लिम महिलाओं को सम्मान देने का काम किया। कांग्रेस 4 पीढ़ियों से सिर्फ गरीबी हटाओ का नारा ही दे रही है, जबकि मोदी सरकार में गरीबों का उत्थान हुआ है। वादा चाहे धारा 370 को हटाने का हो, प्रभु श्री राम के भव्य मंदिर निर्माण का हो, देश भर में सीएए लागू करने का हो - बीते 10 वर्षों में मोदी सरकार ने अपना किया हर वादा निभाया है।

तेलंगाना सहित देश की जनता जानती है कि बीआरएस और कांग्रेस मजलिस के प्रभाव से चलती हैं। हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में तेलंगाना की जनता ने मजलिस के प्रभाव को कम करने के लिए कांग्रेस पर अपना विश्वास जताया। लेकिन तेलंगाना विधानसभा की शुरुआत होते ही, कांग्रेस ने मजलिस के नेता को प्रोटेम स्पीकर बनाने का काम किया। वोट बैंक के लालच के कारण कांग्रेस और बीआरएस दोनों न तो हैदराबाद स्थापना दिवस मनाते हैं और न ही सरदार वल्लभभाई पटेल जी का सम्मान करते हैं। तेलंगाना सहित देश की जनता ने यह देखा है कि बीआरएस, कांग्रेस और मजलिस का लक्ष्य अपने परिवार को सत्ता पर बैठाना है। इतिहास गवाह है कि कांग्रेस में जवाहरलाल नेहरू के बाद इंदिरा गांधी, उसके बाद राजीव गांधी, उसके बाद सोनिया गांधी और अब राहुल गांधी।

## दुबई में इफ़्तार और सुहूर के लिए बेहतरीन स्थान



रमज़ान का पवित्र महीना शुरू हो गया है और यह दुबई में अपने प्रियजनों के साथ आध्यात्मिक एवं गुणवत्तापूर्ण समय बिताने का अच्छा समय है, क्योंकि यहां आपको इफ़्तार और सुहूर के ढेरों विकल्प मिलेंगे। पारम्परिक दावत से लेकर प्रमाणिक व्यंजनों तक यहां बहुत से विकल्प उपलब्ध हैं। इसके अलावा पूरे शहर में इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है, जैसे रमज़ान की मार्केट्स जो क्षेत्र की समृद्ध धरोहर की एक झलक प्रस्तुत करती हैं।

1. बॉम्बे बंगलॉ- यूएई का स्वदेशी और मिशलीन-गाईड-फीचर्ड रेस्टोरेन्ट सांस्कृतिक रूप से समृद्ध व्यंजन और प्रमाणिक भारतीय फ्लेवर्स लेकर आता है। यहां आप जेबीआर बीच और ऐन दुबई के नज़ारों का आनंद उठाते हुए स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ़ उठा सकते हैं।

110 दिरहम प्रति व्यक्ति की कीमत पर बॉम्बे बंगलॉ का नया इफ़्तार मैन्यु किफ़ायती और प्रमाणिक है, जहां आपको रमज़ान का आध्यात्मिक अनुभव मिलेगा। स्टार्टर्स की बात करें तो मेहमानों के लिए ढेरों विकल्प हैं जैसे ब्लैक लैमन एण्ड कार्डामम मटन, अफगानी चिकन टिक्का और दही के कबाब। मेन कोर्स में सबकी पसंदीदा बिरयानी, करी ऑफ द डे तथा कई प्रकार की ब्रेड्स शामिल हैं। रिज़र्वेशन के लिए संपर्क करें 8006928779

# हिंदी फिल्म द यूपी फाइल्स का ट्रेलर जारी किया गया

प्रतिष्ठित प्रोडक्शन हाउस, श्री ओस्टवाल फिल्म्स ने लखनऊ में एक विशेष कार्यक्रम की मेजबानी की, जिसमें उनकी बहुप्रतीक्षित फिल्म द यूपी फाइल्स का ट्रेलर जारी किया गया। इस कार्यक्रम में राज्यसभा सदस्य डॉ. दिनेश शर्मा की उपस्थिति रही।

नीरज सहाय द्वारा निर्देशित और कुलदीप उमराव सिंह ओस्टवाल द्वारा निर्मित, द यूपी फाइल्स एक मनोरम कथा और एक सम्मोहक कहानी पेश करते हुए एक सिनेमाई उत्कृष्ट कृति होने का वादा करती है।

यह कार्यक्रम एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ क्योंकि डॉ. दिनेश शर्मा ने टीज़र और पोस्टर सहित फर्स्ट लुक सामग्री का अनावरण किया, जो द यूपी फाइल्स की दिलचस्प दुनिया की एक आकर्षक झलक प्रदान करता है। ओस्टवाल फिल्म्स और मशहूर अभिनेता के बीच सहयोग इस आशाजनक सिनेमाई उद्यम के लिए प्रत्याशा की एक अतिरिक्त परत



जोड़ता है।

निर्माता कुलदीप उमरावसिंह ओस्तवाल ने इस अवसर पर अपने विचार साझा करते हुए कहा, द यूपी फाइल्स के निर्माण की यात्रा चुनौतीपूर्ण और फायदेमंद दोनों रही है। हम कहानी कहने की शक्ति में विश्वास करते हैं, और इस फिल्म के साथ, हमारा लक्ष्य एक व्यापक अनुभव बनाना है। जो हमारे दर्शकों को पसंद आता है। डॉ. दिनेश शर्मा जी की उपस्थिति हमारे प्रोजेक्ट को ऊंचा उठाती है, और हम इस सिनेमाई यात्रा को दुनिया के साथ साझा करने के लिए रोमांचित हैं।

निर्देशक नीरज सहाय ने द यूपी फाइल्स के बारे में उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, यह फिल्म प्यार का परिश्रम है, एक सम्मोहक कथा को सामने लाने के समर्पित प्रयासों की परिणति है जो दर्शकों को पसंद आती है।

## निहार शांति पाठशाला फनवाला लैंग्वेज लर्निंग प्रोग्राम ने ग्रामीण भारत में 10 लाख से ज्यादा स्टूडेंट्स की जिंदगी बदली

**नई दिल्ली।** एक देश के रूप में, हमने शिक्षा को सभी के लिए सुलभ बनाने में महत्वपूर्ण प्रगति की है, जिसमें ग्रामीण भारत भी शामिल है। शिक्षा किसी भी समाज में प्रगति का प्रमुख अभिप्रेरक है और इस उद्देश्य को साझा करने वाले एक ब्रांड के रूप में, निहार नैचुरल्स शांति बादाम आंवला ने शिक्षा कौशल को योगदान करने के एक तरीके के रूप में पहचाना है। ब्रांड ने एक गैर-लाभकारी संगठन लीप फॉर वर्ड के साथ साझेदारी की है और एक अंग्रेजी भाषा दक्षता प्रोग्राम निहार शांति पाठशाना फनवाला को लॉन्च किया है। इस प्रोग्राम में शिक्षकों को उनकी मातृभाषा में शिक्षित करने के लिये फोनेटिक्स का इस्तेमाल किया जाता है, ताकि उन्हें आसानी से अंग्रेजी पढ़ाने में सक्षम बनाया जा सके। यह प्रोग्राम व्हाट्सएप्प और यूट्यूब पर उपलब्ध है, ताकि भारत के विभिन्न प्रांतों में इसकी पहुंच को बढ़ाया जा सके और अंग्रेजी भाषा को सभी के लिये सुलभ बनाया जा सके। शिक्षा के माध्यम से प्रगति को बढ़ावा देने के ब्रांड के उद्देश्य के बारे में बताते हुये, सोमाश्री बोस अवस्थी, चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, मैरिको लिमिटेड ने कहा, ''निहार नैचुरल्स शांति बादाम आंवला हेयर ऑयल ने ब्रांड के उद्देश्य को पहचानने वाले ग्राहकों के साथ जो जुड़ाव बनाया है, उस पर हमें बहुत गर्व है। वर्ष 2019 में, निहार शांति पाठशाला फनवाला की शुरूआत ग्रामीण क्षेत्रों में स्टूडेंट्स के बीच पढ़ने एवं समझने की काबिलियित को विकसित करने के प्रारंभिक उद्देश्य के साथ की गई थी।

## आईआईएफएल फाइनेंस में मौजूदा गोल्ड लोन ग्राहकों को सेवाएं मिलती रहेंगी

आईआईएफएल फाइनेंस ने आज घोषणा की कि मौजूदा गोल्ड लोन ग्राहकों को इसकी सेवाएं बिना किसी व्यवधान के मिलती रहेंगी, और आईआईएफएल फाइनेंस के लॉकर्स में ग्राहकों का सोना सुरक्षित है। आरबीआई की 4 मार्च की सुपरवाइज़री प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक कंपनी अगली सूचना जारी होने तक तक नए गोल्ड लोन का वितरण नहीं करेगी। लेकिन आरबीआई ने एक सर्कुलर जारी करके आईआईएफएल फाइनेंस को मौजूदा लोन और ग्राहकों को बिना किसी व्यवधान के सेवाएं देते रहने की अनुमति दे दी है।

आईआईएफएल फाइनेंस ने बताया कि उसकी गोल्ड लोन शाखाएं हमेशा की तरह खुली रहेंगी और प्राथमिकता के आधार पर ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए वहाँ स्टाफ उपलब्ध रहेगा।

# करो तैयारी, आ रहे हैं अटल बिहारी!



**नई दिल्ली।** ZEE5, भारत का सबसे बड़ा घरेलू वीडियो स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म और एक बहुभाषी कहानीकार, ने 14 मार्च मंच पर अपना अगला विश्व डिजिटल प्रीमियर मैं अटल हूं लॉन्च किया। अलग-अलग तरह की भूमिकाओं में दमदार प्रदर्शन करने वाले और राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेता, पंकज त्रिपाठी ने इस फिल्म में पूर्व प्रधानमंत्री, श्री अटल बिहारी वाजपेयी की भूमिका निभाई है। राष्ट्रीय पुरस्कार जीतने वाले जाने-माने फिल्ममेकर, रवि जाधव के डायरेक्शन में बनी यह फिल्म दर्शकों को देश के सबसे सम्मानित एवं प्रसिद्ध नेताओं में से एक के जीवन और उनकी राजनीतिक विरासत के बेमिसाल सफ़र पर ले जाती है। मैं अटल हूँ फिल्म में इस कद्दावर सांसद के चार दशक से अधिक की राजनीतिक सफ़र को दिखाया गया है, जिन्हें दिसंबर 2014 में भारत रत्न से सम्मानित किया गया था। अटलजी ने ही एक ऐसे भारत की नींव रखी जो 21वीं सदी में दुनिया की अगुवाई कर सके, और उन्होंने दुनिया में भारत की स्थिति को अपरिवर्तनीय रूप से बदल दिया। वाजपेयी की विरासत मौजूदा और भविष्य के राजनेताओं को सही राह दिखाती रहेगी, क्योंकि वे अपनी सादगी और ईमानदारी, अपनी गरिमा और सबके प्रति हमदर्दी, और निजी तौर पर किसी भी पद से लगाव नहीं रखने की भावना के कारण वह युवाओं के इस देश के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गए हैं।

## कानून, प्रबंधन और मानविकी के करियर विकल्पों पर टॉपरैंकर्स आयोजित करेगा उड़ान सेमिनार



**कानपुर।** भारत के प्रमुख डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म टॉपरैंकर्स ने कक्षा 11 और 12 के छात्रों के लिए ऑफलाईन सेमिनार 'उड़ानः एक्सप्लोरिंग करियर्स इन लॉ, मैनेजमेन्ट एण्ड ह्युमेनिटीज़' की घोषणा की है।

सेमिनार का आयोजन देश भर में टॉपरैंकर्स के सेंटरों एवं अन्य प्रथम स्थानों में 17 मार्च 2024 को नटराज द थिएटर - केडीएमए वर्ल्ड स्कूल स्लॉट-11:00-12:30 अपराह्न और 01:00 अपराह्न - 02:30 अपराह्न कानपुर होगा। यह आयोजन छात्रों को लॉ, मैनेजमेन्ट एवं ह्युमेनिटीज़ में करियर के उभरते अवसरों के बारे में बताएगा। इसके अलावा सेमिनार में हिस्सा लेने वाले छात्र 12वीं कक्षा के बाद विभिन्न प्रवेश परीक्षाओं, एडमिशन की प्रक्रियाओं तथा कॉलेजों एवं युनिवर्सिटियों के लिए आवेदन की दिनांकों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। ''सेमिनार उड़ान छात्रों को लॉ, मैनेजमेन्ट एवं ह्युमेनिटीज़ में करियर के विभिन्न अवसरों के बारे में जानकारी प्राप्त करने में मदद करेगा। यह उन्हें प्रवेश परीक्षाओं की बारीकियों, कॉलेज के आवेदनों तथा एकेडमिक यात्रा के दौरान अन्य चुनौतियों को जानने तथा आत्मविश्वास के साथ करियर में आगे बढ़ने में मदद करेगा।'' श्री गौरव गोयल, सीईओ एवं सह-संस्थापक, टॉपरैंकर्स ने कहा।

## मेदांता हॉस्पिटल लखनऊ ने हासिल की सफल 200 किडनी ट्रांसप्लांट की उपलब्धि



**लखनऊ।** वर्ल्ड किडनी डे के अवसर पर मेदांता हॉस्पिटल लखनऊ ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करने की घोषणा की है। हॉस्पिटल ने अबतक 200 किडनी ट्रांसप्लांट सफलतापूर्वक किए हैं। मेदांता अस्पताल ने अपनी इस उपलब्धि को उन सभी अंगदाताओं को समर्पित किया है, जिन्होंने अपने अंगदान से अपने परिवार के सदस्यों को नया जीवन प्रदान किया। हॉस्पिटल ने उन सभी डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ का भी आभार व्यक्त किया है, जिन्होंने इस सफलता में अपना अमूल्य योगदान दिया। मेदांता हॉस्पिटल लखनऊ के किडनी ट्रांसप्लांट विभाग का नेतृत्व डॉ. आर.के. शर्मा और डॉ. राकेश कपूर करते हैं। दोनों डॉक्टरों के पास किडनी ट्रांसप्लांट के क्षेत्र में 20 से अधिक वर्षों का अनुभव है। उनकी टीम में अनुभवी डॉक्टरों और नर्सों का एक समूह शामिल है जो मरीजों को उच्चतम स्तर का इलाज और देखभाल प्रदान करते हैं।

मेदांता हॉस्पिटल में सबसे छोटे 15 साल के बच्चे से लेकर 76 वर्ष के वृद्ध पेशेंट में ट्रांसप्लांट हुए है ,जिसमे अपने देश के आलावा सऊदी अरबिया और अमेरिका के मरीज भी शामिल है। मेदांता हॉस्पिटल में समान ब्लड ग्रुप वाले कंपेटिबल और आसमान ब्लड ग्रुप वाली इंकंपेटिबल ट्रांसप्लांट सफलता पूर्वक हुए है और यह ट्रांसप्लांट यहां की विशिष्ट टीम ,अत्याधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर एवं ह्यूमन ल्यूकोसाइट एंटीजन (एचएलए) लैब के सामूहिक प्रयास से सफल हुए हैं।

# पाम ऑयल और न्यूट्रिशनल सिनर्जीः पोषक तत्वों का संयुक्त प्रभाव

पाम ऑयल, एक बहुमुखी और व्यापक रूप से उपयोग किया जाने वाला खाना पकाने का ऑयल है, जिसने न केवल खाना पकाने के लिए बल्कि अपनी भरपूर मात्रा में पोषण कंटेंट के लिए भी पहचान हासिल की है। हमारे पसंदीदा खाद्य पदार्थों के स्वाद और बनावट को बढ़ाने के अलावा, पाम ऑयल में पोषक तत्वों का एक अनूठा मिश्रण होता है जो समग्र स्वास्थ्य में सक्रिय रूप से योगदान देता है।

**फैटी एसिड संरचना**

पाम ऑयल अपनी संतुलित फैटी एसिड संरचना के लिए प्रसिद्ध है, जिसमें सैचुरेटेड और अनसैचुरेटेड फैट्स दोनों का मिश्रण शामिल है। पाम ऑयल से प्राप्त सॉलिड फैट्स का चयन करना एक स्वास्थ्यवर्धक विकल्प है क्योंकि यह हाइड्रोजनीकरण प्रक्रिया से बचता है। ऑयल के आंशिक हाइड्रोजनीकरण के परिणामस्वरूप ट्रांस फैटी एसिड (टीएफए), सैचुरेटेड फैटी एसिड का निर्माण और सीआईएस-फैटी एसिड में परिवर्तन हो सकता है। कई वैज्ञानिक अध्ययनों ने टीएफए और स्तन कैंसर, कोलोनिक कैंसर और हृदय रोग जैसी स्थितियों के बीच संबंध स्थापित किया है। इसके अलावा, टीएफए को टाइप 2 मधुमेह की शुरुआत और नवजात शिशुओं के मस्तिष्क पर संभावित विकास संबंधी प्रभावों से भी जुड़ा माना जाता है।

**विटामिन ई पावरहाउस**

पाम ऑयल को टोकोट्रिएनॉल्स और टोकोफ़ेरॉल्स का एक समृद्ध स्रोत माना जाता है, जो सामूहिक रूप से विटामिन ई बनाते हैं। इसका तात्पर्य यह है कि पाम ऑयल में मौजूद विटामिन ई प्राकृतिक उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को धीमा करके कुछ पुरानी बीमारियों से बचाव में योगदान दे सकता है।

# लिबर्टी ने लखनऊ में दो नए शोरुम खोले

**लखनऊ।** फुटवियर उद्योग में अग्रणी लिबर्टी ने 14 मार्च को लखनऊ में दो नए शोरुम खोले। ई ब्लाक मार्केट आवास विकास राजाजी पुरम व विभव खंड कठौता चौराहे पर खुले लिबर्टी एक्सक्लिसिव शोरूम का शुभारंभ सीईओ श्री रमन बंसल व डायरेक्टर श्रीमती रितु बंसल ने किया। उन्होंने बताया समूह की भारत और विदेश में सैकड़ों पांच सितारा शोरूम और जूता स्टेशन स्थापित करने की भी योजना है। उन्होंने कहाकि उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण दूरदर्शी पवित्र परियोजना श्री राम मंदिर



धार्मिक पर्यटकों को आकर्षित करेगी और आमद बढ़ाएगी, जिससे घरेलू उत्पादों की मांग दिन-प्रतिदिन बढ़ेगी और समग्र व्यावसायिक गतिविधि में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। उन्होंने बताया कि पर्याप्त संभावनाओं और संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए, हमारा लक्ष्य यूपी के प्रत्येक जिले में शोरूम स्थापित करना है। उन्होंने कहाकि हम एक ही छत के नीचे सभी परिवारों की जरूरतों को पूरा करते हैं। स्कूल शूज से लेकर स्पोर्ट्स शूज़ तक, बैलेरिना से लेकर आरामदायक स्लिप-ऑन तक, कॉर्पोरेट फॉर्मल से लेकर आरामदायक कैजुअल तक, उपभोक्ता को फुटवियर विकल्पों की व्यापक रेंज प्रदान करते हैं।

## मनोज बाजपेयी स्टारर भैया जी का फर्स्ट लुक जारी, 20 मार्च 2024 को आएगा टीज़र




सिर्फ एक बंदा काफी है के निर्माता एक और रोमांचक फिल्म भैया जी के साथ वापस आ रहे हैं। आज, मेकर्स ने देसी सुपरस्टार मनोज बाजपेयी का पहला लुक जारी किया। टीजर में मनोज बाजपेयी वाकई काफी उग्र और दुनिया को हारने के लिए तैयार दिखाई दे रहे हैं फिल्म का निर्देशन अपूर्व सिंह कार्की ने किया है और इसे लिखा है दीपक किंगरानी ने मनोज बाजपेयी, भानुशाली स्टूडियोज लिमिटेड और एसएसओ प्रोडक्शंस ने ऑरेगा स्टूडियोज के सहयोग से इस फिल्म को प्रेजेंट किया है और इसे प्रोड्यूस किया है विनोद भानुशाली, कमलेश भानुशाली, समीक्षा ओसवाल, शैल ओसवाल, शबाना रजा बाजपेयी और विक्रम खाखर ने. भैया जी 24 मई 2024 को दुनिया भर में रिलीज़ के लिए तैयार है।

# सीएम योगी आज देंगे 1800 करोड़ रुपये की टाउनशिप की सौगात

अवधनामा संवाददाता



**एमएमएमयूटी में करेंगे फार्मेसी बिल्डिंग का शिलान्यास**
जीडीए की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने से पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को ही मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (एमएमएमयूटी) में चार मंजिली फार्मेसी बिल्डिंग का शिलान्यास करेंगे। इसके निर्माण पर 24.69 करोड़ रुपये की लागत आएगी।

- मुख्यमंत्री के हाथों गोरखपुर को मिलेगा होली का बम्पर उपहार
- 1877.61 करोड़ की 76 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे सीएम

**गोरखपुर।** मुख्यमत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को गोरखपुर को बम्पर होली गिफ्ट देंगे। वह करीब 18 सौ करोड़ रुपये की आवासीय टाउनशिप की सौगात देते हुए 25 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास तथा 51 परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे। ये सभी परियोजनाएं गोरखपुर विकास प्राधिकरण (जीडीए) की हैं। मुख्यमंत्री 1877.61 करोड़ रुपये की 76 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण करेंगे।

लोकार्पण और शिलान्यास का यह कार्यक्रम शुक्रवार को दोपहर बाद मानबेला में होगा। बदलते और विकसित होते गोरखपुर में आवासीय जरूरतों की मांग भी तेजी से बढ़ रही है। इन जरूरतों को पूरा करने के लिए जीडीए ने 207 एकड़ क्षेत्रफल में राप्तीनगर विस्तार एवं स्पोर्ट्स सिटी नाम से टाउनशिप की परियोजना तैयार की है। इस प्रोजेक्ट की अनुमानित लागत 1799 करोड़ रुपये है। इस परियोजना समेत मुख्यमंत्री करीब 1858 करोड़ रुपये की 25 परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। शिलान्यास की अन्य प्रमुख परियोजनाओं में 17.21 करोड़ रुपये की लागत से वीर बहादुर सिंह नक्षत्रशाला में महंत अवेद्यनाथ ज्ञान विज्ञान पार्क की स्थापना, 13.47 करोड़ रुपये की लागत से मेडिकल रोड पर चरगांवा के करीमनगर चौराहे को जोड़ने वाले स्मार्ट सड़क, 10 करोड़ रुपये की लागत से वॉटर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के अनुरक्षण और रामगढ़ताल में क्रीड़ा गतिविधियों के संचालन से जुड़े कार्य शामिल हैं। इस अवसर पर सीएम योगी 19.81 करोड़ की 51 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण भी करेंगे। इनमें सिविल लाइंस में सिटी मॉल के सामने 1.78 करोड़ रुपये की लागत से बने गोरखपुर हाट, 3.60 करोड़ रुपये की लागत से सोनबरसा में स्मार्ट स्कूल एवं ग्राम पंचायत भवन, 2.04 करोड़ रुपये की लागत से नया सवेरा पर फूड जोन (120 कियोस्क) का निर्माण प्रमुख रूप से सम्मिलित है। इसके साथ ही 42 प्राथमिक/पूर्व माध्यमिक विद्यालयों के कायाकल्प का लोकार्पण भी मुख्यमंत्री के हाथों होगा।

# कारागार मंत्री दारा सिंह ने किया गोरखनाथ मंदिर में पूजन अर्चन

अवधनामा संवाददाता



- केयान डिस्टलरी के एमडी की तरफ से प्रशासनिक प्रबंधन आत्मानंद सिंह ने बुके देकर स्वागत एवं अभिनन्दन किया

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार के कारगार मंत्री दारा सिंह चौहान ने गोरखनाथ मंदिर में दर्शन पूजन किया साथ में मुख्यमंत्री के मंदिर प्रभारी वीरेंद्र सिंह और द्वारिका तिवारी ने करवाया दर्शन।

हाल ही में विधान परिषद सदस्य बने दारा सिंह चौहान को मंत्रिमंडल विस्तार में कारागार मंत्री बनाए जाने पर सबसे पहले उन्होंने गोरखपुर आकर गुरुगोरक्षनाथ जी का दर्शन पूजन कर आशीर्वाद लिया, जहां पहले से ही उपस्थित उनके राजनैतिक जीवन के अत्यंत निकट के साथ और केयान डिस्टिलिरिज गीडा के प्रबंधक प्रशासन आत्मा नंद सिंह ने केयान के एमडी विनय कुमार सिंह के तरफ से बुके भेंट कर स्वागत अभिनंदन किया। दर्शन के उपरांत मंदिर में वीरेंद्र सिंह ने उन्हे सम्मान पूर्वक बैठाकर मंदिर का प्रसाद और मट्ठा पिलवाया वहीं गुरुगोरक्षनाथ जी की पावन गाथा का विस्तार पूर्वक रसपान कराते हुए गोरक्षनाथ को मानव कल्याण के लिए धरती पर साक्षात शिव का अवतार बताते हुए पीठ को ध्यान, चिंतन और जनकल्याण का केंद्र बताया। वीरेंद्र सिंह ने अपने संवाद में बड़े महाराज जी के साथ लोककल्याण के कई बड़े किस्से बताते हुए उन्हें समाजिक विषमता को दूर करने वाला दलित शोषित पीड़ित समाज के लिए देवदूत बताते हुए महाराज जी को बड़े महाराज के पदचिन्हों पर चलने वाला आज के युग में योद्धा सन्यासी की संज्ञा देते हुए उनके द्वारा जनकल्याण के चलाए जा रहे बृहद कार्यों में अपनी गहरी रुचि को साझा करते हुए मंत्री दारा सिंह चौहान को उन्हे मिले दायित्वों को कुशलता से निभाने की शुभकामना देते हुए उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर पूर्व मेयर अंजू चौधरी के पुत्र विक्रम चौधरी से कारागार मंत्री मंत्री ने आत्मा नंद सिंह का परिचय करवाते हुए कहा की तीस वर्षो के मेरे निकट के साथी हैं और मेरे अच्छे बुरे दिनों में साए की तरह खड़े रहकर सदैव न केवल हौंसला अफजाई करते हैं बल्कि मजबूत चट्टान की तरह साथ निभाने वाले बलिया के आत्मानंद सिंह मेरी आत्मा हैं। ज्ञातव्य हो की भारत की राज्य सभा में दो दो बार प्रतिनिधित्व करने वाले दारा सिंह घोषी लोकसभा सीट से भी सांसद रह चुके हैं,एक बार घोसी विधान सभा का चुनाव जीत कर योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री भी रह चुके हैं।

## महायोगी गोरखनाथ विवि में मनाया गया विश्व किडनी दिवस



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के महंत अवेद्यनाथ पैरामेडिकल कॉलेज में गुरुवार को विश्व किडनी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने किडनी व डायलिसिस से संबंधित यूरिनरी सिस्टम, नेफ्रॉन, मिक्चरेशन, पीरिटोनियल डायलिसिस, हेमोडायलिसिस व डायलिसिस मरीजों के लिए नुट्रिशन के कार्यरत मॉडल का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ. अतुल वाजपेयी ने किया। कार्यक्रम में डायलिसिस के इंचार्ज संजीव ने बताया कि किडनी का कार्य शरीर में मौजूद अपशिष्ट पदार्थों को शरीर से बाहर निकालना होता है। इन अपशिष्ट पदार्थों की मौजूदगी शरीर के कई रोगों को जन्म दे सकती है। यही बात लोगों तक पहुंचाने के मकसद से विश्व किडनी दिवस की शुरूआत की गई। पेट के पीछे पसलियों के नीचे दाये व बाये साइड में हमारी किडनियां स्थित रहती है जो देखने में बिल्कुल राजमे की तरह होती है। यह हमारे शरीर में ब्लड को फील्टर करने का काम करती है। उन्होंने कहा कि एक रिसर्च रिपोर्ट के अनुसार दुनिया भर में 10 में से 1 व्यक्ति कुछ हद तक क्रोनिक किडनी रोग से पीड़ित है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के प्रशासनिक अधिष्ठाता डॉ. राजेंद्र भारती, डिप्टी रजिस्ट्रार श्रीकांत, पैरामेडिकल कॉलेज के प्राचार्य रोहित कुमार श्रीवास्तव, फार्मेसी कॉलेज के प्राचार्य शशिकांत, डा संदीप श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में पैरामेडिकल कॉलेज के शिक्षक अभिनव, शुभम, संदीप, अनूप, सोनू, आकाश, कुलदीप, बृजेश व कॉलेज के समस्त विद्यार्थियों का योगदान रहा।

## खेल प्रतियोगिताओं का चयन ट्रायल्स कल

**अमेठी।** जिला क्रीड़ाधिकारी आनन्द बिहारी श्रीवास्तव ने बताया कि खेल निदेशालय उ प्र एवं क्षेत्रीय खेल कार्यालय अयोध्या द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 12 वर्ष से कम आयु वर्ग के बालक बालिकाओं की जिम्नास्टिक एवं तैराकी तथा अन्य खेलों में 15 वर्षीय बालक बालिकाओं के जिला स्तरीय चयन ट्रायल्स का आयोजन डॉ भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम अमेठी में निर्धारित तिथियों में प्रातः 10 बजे से आयोजित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि उक्त प्रतियोगिता में बालक बालिका वर्ग के तहत जिम्नास्टिक तैराकी तीरंदाजी बास्केटबाल टी टी हैण्डबाल व वालीबाल खेलों का जिला स्तरीय अमेठी में 16 मार्च 2024 एवं मण्डल स्तरीय 18 मार्च 2024 तथा राज्य स्तरीय चयन ट्रायल्स 20 से 21 मार्च 2024 तक क्रमशः आगरा मेरठ सोनभद्र आजमगढ़ अयोध्या व लखनऊ में किया जायेगा। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि निर्धारित अर्हता पूर्ण करने वाले इच्छुक बालक बालिका जिनकी आयु 01 अप्रैल 2024 को 12 एवं 15 वर्ष से कम है।

# नवनियुक्त स्टॉफनर्सो को मिला नियुक्ति पत्र

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** सीएमओ कार्यालय के धनवंतरि सभागार में जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने 55 स्टाफ नर्सों को नियुक्ति प्रमाण पत्र वितरित किया। जिलाधिकारी ने नव नियुक्त स्टाफ नर्सों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य के लिए कामना की। जिलाधिकारी ने कहा कि रोजगार के माध्यम से युवाओं की प्रतिभा का सम्मान हो रहा है। मेडिकल सेवा के क्षेत्र में स्टाफ नर्सों का कार्य बहुत ही कठिन और चुनौती पूर्ण होता है। विपरीत परिस्थितियों में भी उनको अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करना होता है। यह एक समर्पण का भाव होता है जिससे मरीजों में डाक्टरों और नर्सों के प्रति सम्मान बढ़ता है।

सीएमओ डॉ राजेश झा ने कहा यह एक सेवा का क्षेत्र है जिसमें मरीजों को दवा से अधिक भावनात्मक लगाव की आवश्यकता होती है। क्योंकि कोई भी मरीज अस्पताल में बहुत ही विषम परिस्थितियों में ही आता है और उसे विश्वास होता है कि अस्पताल में उसका बेहतर इलाज होगा। उसके साथ अच्छा बर्ताव होगा। जिससे उसके स्वास्थ्य में मनोवैज्ञानिक रूप से तेजी से सुधार होता है। कार्यक्रम में डिप्टी सीएमओ डॉ कार्तिकेय पाण्डेय, डीपीएम पूनम, डब्लूयूएचओ एसएमओ डॉ सलीम मुहम्मद खान, जिला मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता विश्वनाथ मल्ल, प्रमोद यादव चंद्र प्रकाश त्रिपाठी सहित अन्य लोग मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने सीएमओ कार्यालय में गुरुवार को गोद लिए दस टीबी मरीजों को पोषण पोटली दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि टीबी मुक्त भारत का सपना साकार करने के लिए हम सबको आगे आना होगा और कदम से कदम मिलाकर इस पर कार्य करना होगा। एक-एक टीबी मरीज को गोद लिया जाए तो वह दिन दूर नहीं जब देश टीबी से पूरी तरह मुक्त होगा।

## आईपीएम के 28 छात्रों का हुआ कैम्पस सेलेक्शन



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** केआईपीएम कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी गीडा, गोरखपुर के प्रांगण में सुबरोज लिमिटेड, नोएडा कम्पनी के ओर से कैम्पस सेलेक्शन का आयोजन किया गया द्य जिसमे डिप्लोमा मैकेनिकल इंजीनियरिंग अंतिम वर्ष के 50 छात्रों ने प्रतिभाग किया। जिसमें अंतिम रूप से 28 छात्रों का चयन किया गया। संस्था के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट अधिकारी नीतेश जायसवाल ने बताया की कम्पनी ऑटोमोबाइल की एसी बनाती है। छात्रों के चयन पर संस्था के चेयरमैन आरश डी सिंह, सचिव विनोद सिंह, निदेशक डॉ ज़ाहिद खान, निदेशक मानव संसाधन एस पी सिंह, डीन डॉ पुनीत श्रीवास्तव, डॉ राकेश पांडेय, तथा डॉ आजम खान, विवेक सिंह, प्रतीक शाही, मनीष दुबे, भाष्कर पांडेय, रंजीत राय, डॉ हरेन्द्र चौहान एवं डॉ अजय मौर्य आदि शिक्षको नें प्रसन्नता जताया तथा चयनित छात्रों को बधाई एवं शुभकामनाये दिया।

## प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं को किया गया सम्मानित



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** नगर स्थित शिवप्रताप इंटर कालेज में गुरुवार को भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के संयोजक पूर्व प्राचार्य राधेश्याम तिवारी ने भव्य सम्मान समारोह का आयोजन कर भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में स्थान प्राप्त करने वाले 45 छात्र- छात्राओं के साथ शिक्षकों एवं संबंधित विद्यालयों प्रबन्धकों को गायत्री मिशन का प्रमाण पत्र अंगवस्त्र एवं युग ऋषि की पुस्तकें भेंटकर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह की अध्यक्षता अवधी साहित्य संस्थान के अध्यक्ष डॉ अर्जुन पाण्डेय ने किया।समारोह में रामशंकर पाठक समर बहादुर सिंह टी पी सिंह सुरेन्द्र बहादुर सिंह प्रदीप तिवारी डॉ रमेशचन्द्र शुक्ल अनिल कुमार सिंह एवं जितेन्द्र सिंह सहित तमाम गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## कम नहीं हो रही गायत्री प्रजापति की मुश्किलें

**अमेठी।** पूर्व कैबिनेट मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। गुरुवार को सुबह से ही ईडी के अफसर उनके आवास विकास कॉलोनी स्थित मकान पर छापेमारी कर सुबह से दस्तावेज खंगालते रहे। परिजनों से लंबी पूछताछ की। वही गायत्री प्रजापति की करीबी गुड्डा देवी के गंगागंज स्थित आवास पर भी ईडी टीम ने छापेमारी की। छापेमारी के दौरान सशस्त्र सुरक्षा बल बाहर तैनात रहे लोगों का प्रवेश वर्जित रहा। अंदर परिजनों से लंबी पूछताछ और सघन तलाशी का दौर चलता रहा।इस दौरान एक मैकेनिक भी बुलाया गया उसे घर के अंदर लिया गया अंदाजा लगाया जा रहा है कि कुछ अलमारी के ताले नहीं खुल रहे थे जिन्हें मैकेनिक बुलाकर खोलने की कोशिश की गई।इस बीच स्थानीय सपा विधायक महराजी देवी की तबियत बिगड़ गई। उन्हें उपचार के लिए सीएचसी ले जाया गया। पूर्व मंत्री गायत्री प्रजापति मार्च 2017 से पाक्सो और दुराचार के आरोप में जेल में बंद हैं। उन पर आय अधिक संपत्ति का मामला भी दर्ज है।

# भाजपा ने हर वर्ग और हर समाज का सम्मान किया: संतराज यादव




अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा मोर्चा देवरिया द्वारा चलाए जा रहे समाजिक सम्मेलन के अंतर्गत देवरिया विधानसभा के महुआडीह मण्डल में आज समाजिक सम्मेलन कार्यक्रम सम्पन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह ने किया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला प्रभारी संतराज यादव, विशिष्ट अतिथि गोविंद चौरसिया, विरेन्द्र यादव, नगर पंचायत अध्यक्ष हेतिमपुर रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि संतराज यादव ने कहा कि भाजपा ने हर वर्ग और हर समाज का सम्मान किया है यही एक ऐसा दल है जिसमे सबका हित सुरक्षित है। लोकसभा चुनाव को लेकर पिछड़ा मोर्चा के कार्यकर्ता अत्यधिक उत्साहित हैं तथा सरकार की नीतियों को जन जन तक पहुंचने का कार्य कर रहे हैं । कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि जिले के सातों मोर्चो के पदाधिकारी और कार्यकर्ता अपने अपने समाज के अधिक से अधिक लोगों से संपर्क कर मोदी सरकार की उपलब्धियों के बारे में बताएं और भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील करें । कार्यक्रम में जिला मंत्री विजय सिंह पटेल, रमेश मौर्या,विपिन यादव, मण्डल अध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा विवेकानंद यादव, मण्डल अध्यक्ष उमेश मल्ल कार्यक्रम सयोंजक अखंड यादव, भोलू यादव,बिट्टू चौरसिया, संदीप वर्मा, शमसाद अली, रतंजय यादव व सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता व समर्थक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में दर्जनों लोगो ने पार्टी की सदस्यता भी ग्रहण की।

## विधायक ने निर्मित होने वाले पानी की टंकी का किया भूमि पूजन



अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** नगर पंचायत सहजनवा के 11 वार्डो में पानी की टंकी के निर्माण के लिए प्रस्ताव शासन को गया हुआ था। 6 वार्डो में करीब 25.46 करोड़ लागत से पानी की टंकी का निर्माण होना है। जिसके लिए वृहस्पतिवार को नगर पंचायत सहजनवा वार्ड 6 तेनुहारी में विधायक प्रदीप शुक्ल द्वारा पानी के टंकी निर्माण के लिए भूमि पूजन किया। इस दौरान विधायक ने कहा की केंद्र और प्रदेश सरकार आमजन को शुद्धपेय जल मुहैया कराने के लिए जगह जगह पानी की टंकी का निर्माण कर रही है। सरकार की प्राथमिकता है की घर घर शुद्धपेय जल पहुंचाया जाय। जिसने लोग निरोग रहे। विशिष्ठ अतिथि पूर्व विधायक देवनारायण उर्फ जीएम सिंह ने कहा की नगर के हर घर को शुद्धपेय जल पहुंचाने की जिम्मेदारी नगर की है। शुद्धपेय जल पहुंचाना प्राथमिकता में शामिल होगा। जल्द ही करीब 5 हजार घरों को जल आपूर्ति शुरू कर दी जाएगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष संजू सिंह, संचालन मनोज सिंह ने किया। इस दौरान, अधिशासी अभियंता सुरेश कुमार, अवर अभियंता पंकज यादव, मनोज गुप्ता, संजय शुक्ल, श्री प्रकाश शुक्ल, अभिमन्यु मौर्य, नरेंद्र शुक्ल, विनोद सिंह,मनोज जायसवाल, वीरेंद्र कुमार सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया निरीक्षण



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट निशा अनंत ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट स्थित जिला निर्वाचन कार्यालय का स्थलीय निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने निर्वाचन कार्यालय में पटल सहायकों से उनके कार्यों एवं दायित्वों के बारे में जानकारी ली तथा पत्रावलियों को सुव्यवस्थित ढंग से रखने के निर्देश दिए गोदाम का निरीक्षण कर निर्वाचन आयोग द्वारा भेजी गई सामग्री का अवलोकन किया एवं आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता अतिरिक्त मजिस्ट्रेट मोहम्मद असलम प्रतीक्षा पांडेय सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

## स्मार्टफोन पाकर चेहरे खिले



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** सहजनवां क्षेत्र के बाबूलाल जी सिंह पीजी कॉलेज भगौरा में आज स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत बी ए और बीकॉम तृतीय वर्ष (पंचम सेमेस्टर)के छात्र-छात्राओं को भाजपा विधायक प्रदीप शुक्ला द्वारा स्मार्टफोन का वितरण किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि एक युवा देश का भविष्य होता है, किसी भी राष्ट्र की उन्नति युवाओं पर ही निर्भर करती है। भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन की सरकार द्वारा युवाओं को प्राथमिकता दी जा रही है। इसके तहत स्नातक के छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किया जा रहा है। जिसका लाभ उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में सतत रूप से मिलता रहेगा। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य संजय शुक्ला, भजयुमो के रवि सिंह सोलंकी, पिपरौली ब्लॉक प्रमुख दिलीप कुमार यादव ने भी सभा को संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रबंधक मानस सिंह द्वारा किया गया तथा संचालन डॉ राजकमल सिंह ने किया। आज महाविद्यालय के बी ए और बीकॉम तृतीय वर्ष (पंचम सेमेस्टर) के कुल 178 छात्र-छात्राओं के बीच स्मार्टफोन का वितरण किया गया।इस अवसर पर जिपंस राम बुझात पासी मंडल अध्यक्ष नरेंद्र शुक्ला,मनोज जायसवाल, प्राचार्य डॉ सुरेंद्र प्रसाद, अशोक सिंह, अरुण सिंह, राम प्रकाश सिंह, तेज प्रताप सिंह, आलोक सिंह, बृजेश सिंह, डॉ प्रतिमा गौतम ,कावेरी श्रीवास्तव,राकेश दुबे, जितेंद्र, डॉ राजीव यादव, हिमाचल सिंह,डा ज्योति मद्धेशिया कन्हैया लाल, संजय कुमार यादव, मिथिलेश प्रजापति, अजीत श्रीवास्तव सहित महाविद्यालय के समस्त लोग उपस्थित रहे।

# भाजपाइयों ने संकल्प पत्र के माध्यम से लिए सुझाव

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** भाजपा अपने संकल्प पत्र को गंभीरता से लेती है और उसे पूरा करती है। इसके लिए प्रदेश के हर विधानसभा क्षेत्र में जनता से सुझाव लिए जा रहे हैं। लोकतंत्र में सभी की सहभागिता में जन मानस का भी सुझाव जरूरी है। उक्त वक्तव्य भाजपा जिला महामंत्री श्रीनिवास मणि त्रिपाठी ने विधानसभा क्षेत्र पथरदेवा के तरकुलवा बाजार में भाजपा की वीडियो वैन प्रचार वाहन एवं संकल्प पत्र सुझाव संकलन अभियान के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए कहा।

उन्होंने कहा कि यह संकल्प पत्र वैन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किए गए ऐतिहासिक निर्णयों, कार्यो और भारत को एक विकसित देश बनाने के लिए उनके दृष्टिकोण को उजागर करती है, इस वीडियो वैन के माध्यम से भाजपा ने लोगों से देश की प्रगति के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा संचालित कार्यों और भारत को एक विकसित देश बनाने के लिए इस अमृत काल में किए जा रहे कार्य से अकल्पनीय संकल्प लिया है। 2047 के विकसित भारत के लिए सुझाव लिए जा रहे हैं। भाजपा जनता के सुझाव लेकर लोकसभा चुनाव 2024 का अपना घोषणा पत्र तैयार कर रही है। वीडियो वैन के लोकसभा क्षेत्र के प्रभारी सत्येन्द्र मणि त्रिपाठी ने कहा कि सुझाव आपका संकल्प हमारा अभियान को लेकर संकल्प पत्र तैयार किया जाएगा, कहा कि वीडियो वैन जिले के सभी विधानसभाओं में चल रही है, तीन विधानसभा का कार्य पूर्ण हो चुका है, प्रथम चरण में यह अभियान 15 मार्च तक चलेगा। संकल्प पत्र का संकलन कर इसे प्रदेश कार्यालय को भेजा जाएगा। मंडल अध्यक्ष जीवन पति त्रिपाठी ने कहा कि मंडल में वीडियो वैन के माध्यम से क्षेत्र में और किस प्रकार का विकास होना चाहिए इसके लिए सुझाव लिए जाएंगे। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष जनार्दन कुशवाहा, विस्तारक विवेकानंद पाण्डेय, हेमन्त पाठक, मंडल संयोजक सत्यम अंकित राव, अजय सिंह राणा, मनीष पाण्डेय, दुष्यंत राव, राजप्रकाश विश्वक्रमा, आदि उपस्थित रहे।

**संकल्प पत्र के लिए महिलाओं का सुझाव अहम : आनंद शाही**

भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा देवरिया द्वारा लोकसभा चुनाव घोषणा पत्र के लिए आम जनता से राय लेने के लिए देवरिया कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित शक्ति रसोई में कार्यक्रम आयोजित किया गया। सैकड़ों की संख्या में उपस्थित महिलाओं ने सुझाव पत्र एवं मिस्ड कॉल के जरिए अपना सुझाव दिया । कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्राएं, युवतियां और अल्पसंख्यक समाज की महिलाएं सम्मिलित रहीं इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए महिला मोर्चा की अध्यक्ष भारती शर्मा ने कहा कि महिलाओं के लिए मोदी सरकार ने एक से बढ़कर एक कार्य किए हैं जिसके फलस्वरूप आने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा को भारी बहुमत मिलने जा रहा है। घोषणा पत्र के संयोजक आनंद शाही ने कहा कि मातृ शक्ति के हर विषय को भाजपा ने समझा है, उज्ज्वला से लेकर मातृ शक्ति वंदन तक विभिन्न योजनाओं में प्रधानमंत्री जी ने नारी शक्ति को सशक्त बनाने हेतु आवश्यक कदम उठाए हैं।

## नेत्रहीन बच्चों संग होली मिलन मनाएगा पत्रकार संघ



**भाटपार रानी (देवरिया) अवधनामा संवाददाता।** भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार समन्वय समिति व सोशल मीडिया पत्रकार महासंघ की छत्तीसगढ़ इकाई 21 मार्च को नेत्रहीन बच्चों के संग होली मिलन का आयोजन कर रही है। उक्त आशय की सूचना संगठन के छत्तीसगढ़ के प्रान्तीय अध्यक्ष सरदार मानवेंद्र सिंह भाटिया ने देते हुए बताया कि संगठन हर बार सामाजिक समरसता को समर्पित इस प्रकार के कार्यक्रम वर्ष भर कर आयोजित करता है। इसी क्रम में इस बार नेत्रहीन बच्चों के संग होली मिलन के आयोजन का निर्णय लिया गया है। उन्होंने आगे कहा कि संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सरदार दिलावर सिंह जी की सोच है कि समाज के हर वर्ग को पत्र और पत्रकारिता के संग समरस होना चाहिए। संगठन के बैनर तले होने वाले इस आयोजन में बच्चों के लिए भोजन, मिठाइयां, रंग गुलाल, फल, आदि की व्यापक व्यवस्था संगठन की ओर से की गई है। साथ ही नेत्रहीन बच्चों के स्कूल के लिये भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार समन्वय समिति व सोशल मीडिया पत्रकार महासंघ की छत्तीसगढ़ इकाई ने दो बड़े कूलर डोनेट करने की व्यवस्था की है।

## मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता के लिए गुरुवार को नगर स्थित आरआरपीजी कॉलेज में इलेक्ट्रोल लिटरेसी क्लब की वर्कशॉप का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल द्वारा किया गया। इस मौके पर रीता सिंह जिला विद्यालय निरीक्षक सहित अन्य संबंधित उपस्थित रहे। सर्वप्रथम जीजीआईसी जायस की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात जीजीआईसी जायस की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से लोकतंत्र के प्रति अपना कर्तव्य निभाने अथवा मतदान करने के संबंध में मौके पर उपस्थित जनमानस को जागरुक किया गया इसके अतिरिक्त छात्रों द्वारा भाषण, संगीत आदि के माध्यम से भी मतदान के प्रति अपने विचार प्रकट किए गए।

# आरडीएसएस योजना के अन्तर्गत विद्युत विभाग समय से नहीं करवा पाया कार्य

अवधनामा संवाददाता।



**हमीरपुर।** आरडीएसएस योजना विद्युत् व्यवस्था को पटरी में लाने के लिए प्रारम्भ की गयी थी जिसके द्वारा विद्युत् व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा सके । इस योजना के तहत हमीरपुर जनपद को वित्तीय वर्ष में 130 करोड़ बजट का आवंटन हुआ था। परन्तु विद्युत् विभाग के आला अफसरों और ठेकदारो की मिलीभगत से पूरे हमीरपुर जनपद में तय समय सीमा में अन्दर न तो कार्य पूर्ण हुआ और न ही करने का प्रयास किया गया। इस के अलावा कार्य मानक के अनुसार भी नही किया गया। जहाँ वर्षो पूर्व कार्य प्रारंभ हुआ उन मुहल्लों बस्तियों गावों में आज भी मुहं को चिढाते हुए पोल खड़े दिख जायेगे उन में कही कंक्रीट नहीं डाली गयी तो कही पोल झुक गए है कही केबिल नहीं डाली गयी। यदि इसके बारे में विभाग के किसी अधिकारी से जवाब माँगा जाता है कि कार्य कब पूर्ण होगा और कार्यो की समयावधि क्या है तो उनके पास केवल एक ही जवाब है कि शीघ्र पूर्ण कर लिया जाएगा और समस्त जिम्मेदारी ठेकेदार पर डाल दीजाती है जबकि सम्पूर्ण जानकारी विभाग के पास है और फर्म को ब्लैकलिस्ट भी विभाग करता है जब कार्य में भ्रष्टाचार होता है या कार्य तय सीमा में पूर्ण नहीं होता है इसके बारे में आर टी आई कार्यकर्ता धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि इसके बारे में पिछले 6 महीने से विभाग को विभिन्न माध्यमो से और शिकायतों के द्वारा विभागीय अधिकारियो को आवगत कराया गया है परन्तु कोई कार्यवाही नहीं की गयीयदि कोई शिकायत भ्रष्टाचार से संबंधित है तो इसके बारे में जाँच उच्च अधिकारियो को करना चाहिए परन्तु उच्च अधिकारी ठेका कर्मचारी या टीजी-2 लेवल के अधिकारियो को भेज देते है और साथ ही बताया की हमीरपुर तहसील में आरडीएसएस के तहत होने वाले कार्यो के बारे में जनसूचना अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना के लिए आवेदन किया गया है जो समय बीतने की बाद भी जनसूचना उपलब्ध नहीं कराइ गयी है अपील भी की जा चुकी है। विद्युत् विभाग के द्वारा हमीरपुर में होने वाले भ्रष्टाचार की शिकायत उत्तर प्रदेश के उर्जा मंत्री अरविन्द शर्मा को प्रेषित की जायेगी।

# राष्ट्रीय सेवा योजन एक दिवसीय शिविर का किया गया आयोजन



अवधनामा संवाददाता।

**हमीरपुर।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुछेछा हमीरपुर में राष्ट्रीय सेवा योजन, (एनएसएस) एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया जिसमे कालेज के छात्र छात्राओं ने ग्रामीणों को स्वच्छता पर जागरूक किया। प्राचार्य प्रोफेसर डॉ शीराज खान व एनएसएस इकाई प्रथम के कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर संजय कुमार के निर्देशन में स्वच्छ भारत स्वास्थ्य भारत का अभियान चलाया जिसमें एनएसएस के स्वयं सेवक एवं सेविकाओं ने प्रतिभाग किया जिसके अंतर्गत पास के गांव पराओझी में साफ सफाई किया ग्रामीणों से वार्ता करते हुए कहा कि यदि हम अपने दरवाजे के सामने स्वयं सफाई करेंगे तो वहां अलग ही रौनक होगी और यदि गन्दगी रखेंगे तो हमारे अगल बगल तरह तरह कि बीमारियां पनपेगी। यदि हम अपने दरवाजे के सामने सफाई रखेंगे तो स्वाभाविक ही पडोसी भी एक दिन नहीं तो दूसरे दिन वह भी अपने दरवाजे में सफाई रखेगा इस तरह से हमारा पूरा गाँव स्वच्छ व स्वास्थ्य रहेगा। उन्हें स्वच्छता के बारे में बताया और महाविद्यालय के प्रांगण में एक गोष्ठी का आयोजन हुआ जिसमें प्राचार्य एवं कार्यक्रम अधिकारी ने राष्ट्रीय सेवा योजना के बारे में जानकारी देते हुए कहा की राष्ट्र सेवा स्वयं सेवक बनकर करना चाहिए।

# 6 माह पूर्व पोल खड़े करके तार लगाना भूल गया विद्युत विभाग

अवधानामा संवाददाता



**सुमेरपुर।** सुमेरपुर के वार्ड नं 18 बांकी रोड के वाशिदे आज भी पेयजल और विद्युत समस्या से जूझ रहे हैं उन्हें बुनियादी सुविधाएं भी नही मिल पा रही है, अंधकार में जीवन जी रहे यहाँ के निवासियों ने चेयरमैन व ईओ से समस्या का निस्तारण कराने की मांग की है।

वार्ड 18 के दो दर्जन से अधिक निवासियों से चेयरमैन व अधिशासी अधिकारी को प्रार्थना पत्र के जरिए अवगत कराया है कि उनकी बस्ती में लाइट नहीं है, इसके साथ ही पेयजल के लिए पाइप लाइन भी नही बिछाई गई है, पूरी बस्ती अंधकार में डूबी रहती है, बड़े प्रयास के बाद बस्ती में करीब 6 माह पूर्व विद्युत पोल लगवा दिए गए थे तब लोगो को आशा बंधी थी कि बिजली आने से बस्ती जगमग हो जायेगी लोग इसी आशा में इंतजार करते रहे लेकिन 6 माह गुजर गए विद्युत पोल तो बस्ती की शोभा बढ़ा रहे है लेकिन आज तक पोलो में विद्युत तार नहीं लगवाए जा सके, जिससे समूची बस्ती अंधकार में डूबी रहती हैं और मच्छरों के हमले से परेशान रहती हैं।लोगो ने यह भी अवगत कराया है की बिजली के साथ पानी की भी यहां विकराल समस्या खड़ी रहती हैं। बस्ती में पाइप लाइन नहीं बिछी है तो दूरदराज से पानी लाकर प्यास बुझानी पड़ती है, बस्ती के निवासी दीपक अशोक , सत्यम प्रजापति, कल्ली, चंद्रभान रामकुमार, सुमन रीना लक्ष्मी आदि ने विद्युत पोलो में तार बिछाकर बिजली मुहैया कराए जाने तथा पानी की समस्या से राहत दिलाये जाने की मांग की है।

# हर हाल में विजय हासिल करने को टटोली जा रही नब्ज

अवधनामा संवाददाता



**बांदा।** लोकसभा चुनाव में विजय हासिल करने के लिए भाजपा अभियान में जुटी हुई है। भाजपा के जिला प्रभारी रामकिशोर साहू लगातार बूथ स्तर तक संगठन की नब्ज टटोलने के लिए बूथवार बैठकों का आयोजन करके कार्यकर्ताओं में जोश का संचार कर रहे हैं और कार्यकर्ताओं को भाजपा उम्मीदवार की जीत के जी-जान से जुटने का आह्वान कर रहे हैं। बुधवार रात हमीरपुर-महोबा-तिंदवारी संसदीय क्षेत्र के मटौंध नगर में जिला प्रभारी रामकिशोर साहू की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। मटौंध के बूथ संख्या 331 में आयोजित बैठक में क्षेत्रीय महामंत्री व जिला प्रभारी श्री साहू ने कार्यकर्ताओं को लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुट जाने का आह्वान किया। कहा कि कार्यकर्ताओं मनोयोग से पार्टी के उम्मीदवार को जिताने का प्रयास में जुटें। उन्होंने लोकसभा चुनाव में पार्टी उम्मीदवार को कम से कम पांच लाख वोटों के अंतर से जिताने का लक्ष्य निर्धारित किया। कहा कि तीसरी बार पीएम नरेंद्र मोदी को देश का प्रधानमंत्री बनाकर भारत को विकसित देशों की सूची में शामिल कराना है तो बुंदेलखंड की सभी सीटों पर भाजपा के उम्मीदवारों को एक बार फिर जीत का सेहरा पहनाना होगा। भाजपा जिला उपाध्यक्ष व बड़ोखर मंडल प्रवासी डा.धर्मेंद्र त्रिपाठी ने कार्यकर्ताओं में जोश का संचार करते हुए कहा कि एक एक कार्यकर्ता को पार्टी प्रत्याशी को जिताने का बीड़ा उठाना होगा।

# अवैध गांजा के साथ दो तस्क गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** पुलिस अधीक्षक हमीरपुर के निर्देशन में अपराध व अपराधियों तथा अवैध मादक पदार्थो की तस्करी के खिलाफ़ चलाए जा रहे अभियान के तहत एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स झांसी व मौदहा पुलिस टीम के संयुक्त प्रयास से मुखबिर की सूचना पर ग्राम छिरका थाना मौदहा जनपद हमीरपुर निवासी हरिनारायण मिश्रा उर्फ विक्की मिश्रा पुत्र कृष्ण कुमार मिश्रा उर्फ पन्नालाल के ट्यूबेल पर छापा मारकर, ट्यूबेल के एक कमरे में छिपा कर रखे गए भारी मात्रा में गांजा को बरामद किया गया। पूछताछ करने पर अभियुक्त हरिनारायण मिश्रा द्वारा बताया गया कि उसके साथ कृष्ण कुमार यादव उर्फ मोनू पुत्र शिव कुमार यादव निवासी ग्राम भंडरा थाना श्रीनगर जनपद महोबा द्वारा यह गांजा उड़ीसा से मंगवाया गया था। मौके पर इलेक्ट्रॉनिक कांटे से तौल करने पर बरामद गांजा का वजन 7 कुंतल 53 किलोग्राम पाया गया। बरामद गांजा का अनुमानित अन्तर्राष्ट्रीय मूल्य लगभग 3 करोड़ 75 लाख रुपया है।

उपर्युक्त बरामदगी के आधार पर थाना मौदहा पर धारा 8/20/29 एनडीपीएस एक्ट अभियुक्तगण हरिनारायण मिश्रा एवं कृष्ण कुमार यादव के विरुद्ध पंजीकृत किया गया। इसी क्रम में उपरोक्त मुकदमें में वाछित अभियुक्त कृष्ण कुमार यादव उर्फ मोनू यादव पुत्र शिव कुमार यादव को थाना मौदहा की पुलिस टीम द्वारा राठ तिराहा थाना मौदहा जनपद हमीरपुर से गिरफ्तार कर, दोनो अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

## संक्षिप्त समाचार

### ट्राई सायकिल की टक्कर से मासूम बच्चे की मौत



**मौदहा हमीरपुर।** ट्राई सायकिल ने मासूम बच्चे को टक्कर मार दी जिससे बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई।सूचना पर पहुंची पुलिस ने आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गुसियारी निवासी बाबूजी ने अपनी ट्राई सायकिल से कपसा मोड़ के निकट पहाड़ी के पास महोबा कस्बे के बजरिया निवासी याकूब खान के चार वर्षीय पुत्र अहमद खान को टक्कर मार दी जिससे अहमद की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है। दोनों पक्षों का एक गाँव का होने के कारण गांव में विशेष सतर्कता बरती जा रही है। मृतक का परिवार काफी समय से गुसियारी गांव में रह रहा था।

### हमीरपुर में पड़ोसी पर हमला करने में महिला दरोगा, पति पुत्र और भाई पर एफआईआर

**हमीरपुर।** सदर कोतवाली बांदा में तैनात महिला दरोगा एसआई उसके पति पुत्र और भाई के खिलाफ पड़ोसी घर में घुसकर मारपीट करने की एफआईआर दर्ज हुई है।पुलिस मामले की जांच कर रही है। शहर के चौरादेवी निवासी जितेंद्र विश्वकर्मा ने बताया कि उनके पड़ोसी अंजुम सिद्दीकी सालों से उसका उत्पीड़न कर रहे हैं। उनकी पत्नी नाजिम सिद्दीकी दरोगा है। जिसकी सदर बांदा कोतवाली में तैनात है। इन्होंने भी पूरे परिवार को शह दे रखी है। कल उनके घर की स्लैब पडने के लिए निर्माण सामग्री गली में पड़ी थी।तभी अंजुम सिद्दीकी उसके पुत्र समीर उर्फ शीबू और साले सानू ने उस पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया। इसमे महिला दरोगा नाजिस ने भी उन्हें फोन से उकसाया था। मारपीट से उसे चोटे आई हैं। उनके बूढ़े पिता के साथ भी अभद्रता की गई। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अनूप सिंह ने बताया कि जितेंद्र की तहरीर पर नाजिश सिद्दीकी, अंजुम सिद्दीकी, समीर उर्फ शिबू और साला सानू के विरुद्ध घर में घुसकर मारपीट करने की एफआईआर दर्ज कर ली गई है। जांच की जा रही है।

### राष्ट्रपति नामित ज्ञापन एसडीएम को देखकर उठाई आवाज



**सोनभद्र, अवधनामा संवाददाता।** भाकपा माले नेता शेख मोहम्मद कामरेड कलीम अंसारी ने बताया कि अपनी मांग को लेकर सदर एसडीएम निखिल यादव को राष्ट्रपति नामित ज्ञापन गुरुवार को देखकर बुलंद की गई आवाज कलीम अंसारी ने बताया की केंद्र सरकार द्वारा नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) की अधिसूचना 11 मार्च 2024 को जारी किए जाने की ओर दिलाना चाहते हैं। लोकसभा चुनाव के ऐन मौके पर सीएए को लागू किया जाना गहरी साजिश का संकेत है। यह कानून साम्प्रदायिक, भेदभावपूर्ण व विभाजनकारी है। यह कानून सिर्फ छह धर्म के मतावलंबियों - हिन्दू, सिख, ईसाई, बौद्ध, जैन व पारसी को, जो 2014 तक पाकिस्तान, बांग्लादेश व अफगानिस्तान से भारत आये हैं, और छह साल से यहां रह रहे हैं, नागरिकता देने की बात करता है। यह कानून मुस्लिम, तमिल, रोहिंग्या, अहमदिया आदि शरणार्थियों को नागरिकता देने से वंचित करता है। 1955 का नागरिकता कानून धर्म के आधार पर नागरिकता देने की बात नहीं करता है। इसलिए सीएए असंवैधानिक है। यह संविधान के धर्मनिरपेक्ष ढांचे को तोड़ता है। सीएए के बाद भाजपा सरकार एनआरसी लाएगी, जैसा कि गृह मंत्री अमित शाह के कई भाषणों से यह स्पष्ट हुआ है। एनआरसी के जरिये मुसलमानों की नागरिकता, दस्तावेज न होने पर, छीनी जाएगी। दस्तावेज न होने पर गरीब, मजदूर व आदिवासी भी घुसपैठिया करार देकर बाहर खदेड़े जाएंगे। सीएए ध्रुवीकरण को बढ़ावा देने के लिए लागू किया गया है। यह देश को बांटनेवाला कानून है। इसलिए हम सीएए का पुरजोर विरोध करते हैं और इसे रद्द करने की मांग करते हैं। इस दौरान भाकपा माले नेता शेख मोहम्मद कामरेड कलीम अंसारी, कार्यालय सचिव राजदेव सिंह, छात्र संगठन ऑल इंडिया स्टूडेंट एसोसिएशन आइसा उत्तर प्रदेश कमेटी के सदस्य सोनभद्र जिला प्रभारी शेख अमीना खातून उर्फ चारु ,नोहर भारती मौजूद रहे।

# लापता युवक की यमुना नदी में डूबने की सूचना पर चलाया जा रहा रेस्क्यु ऑपरेशन

अवधनामा संवाददाता

- स्थानीय लोगो, पुलिस व गोताखोरों की मदद से चलाया जा रहा रेस्क्यु ऑपरेशन
- अभी तक नही मिला कोई सुराग



**हमीरपुर।** जनपद मुख्यालय के यमुना नदी में चार दिवस पूर्व शिकार को निकला मछुवारा संदिग्ध परिस्थितियों में डूब गया।साथ मे मौजूद दो अन्य साथी मौके से भाग निकले।गुरुवार के रोज मिले युवक के परिजनों मुलाकात होने पर घटना की जानकारी दी।डूबने की सूचना मिलने पर गोताखोरों व पुलिस टीम यमुना नदी में डूबे युवक की तलास में रेस्क्यू ऑपरेशन चला रही है।हालांकि अभी तक युवक का कोई सुराग नही लगा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पता चला है कि जनपद मुख्यालय के मेरापुर निवासी राजा पुत्र फगुनिया निसाद चार दिवस पूर्व दो साथियों के साथ यमुना नदी में शिकार खेलने गया था।जब वह दो दिन लोट कर नही आया तो परिजनों द्वारा खोजबीन शुरू की गई। पिता फगुनिया ने बताया कि ऐसा पहली बार नही हुआ जब पुत्र घर नही आया पहले भी वह दो दिवस तक घर नही आता था। जब नही आया तो उसकी खोज बीन की गई तो पता चला कि वह दो युवकों के साथ सोमवार के रोज मछली का शिकार करने हेतू यमुना नदी में गया हुआ था पर वह नदी से युवकों के साथ वापिस नही आया। जब पिता द्वारा पुत्र के साथ गए एक युवक रवीं से पूछताछ की तो वह कुछ भी बोलने को राजी नही हुआ।फगुनिया ने बताया कि जब कड़ाई से पूछा तो रवीं द्वारा पुत्र राजा को नदी में डूब जाने की बात कही गयी। डूबने की बात सुन पिता परेशान हो गया।युवक की नदी में डूबने की बात धीरे धीरे आग की तरह फैल गयी।सूचना मिलने पर सदर कोतवाली पुलिस व गोताखोर टीम ने मौके पर पहुँच कर रेस्क्यू ऑपरेशन जारी कर दिया है तो वही कानपुर भागे तीसरे व्यक्ति से फोन के माध्यम से जानकारी लेने की कोसिस की जा रही है।सदर कोतवाली प्रभारी अनूप सिंह द्वारा व मीडिया सेल के माध्यम से बताया गया कि युवक के डूबने की सूचना मिली है जिसके आधार पर गोताखोरों व पुलिस टीम और स्थानीय लोगो की मदद से तलास हेतू रेस्क्युऑपरेशन चलाया जा रहा है।इस संबंध में पुलिस को कोई तहरीर प्राप्त नही हुई है। आगे तहरीर आने व प्रकरण के संबंध में जो भी मामला आएगा वैधानिक कार्यवाही अमल में लायी जाएगी।

हालांकि खबर लिखे जाने तक डूबे जाने की सूचना मिले युवक की कोई खोजबीन नही हो सकी है आगे रेक्स्यु ऑपरेशन चलाया जा रहा है पुलिस भी मौके पर मौजूद है।

### केसीएनआईटी में लगेगा वृहद रोजगार मेला

**बांदा।** केसीएनआईटी ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस के नरैनी रोड स्थित परिसर में कल शनिवार को सुबह 10 बजे से वृहद रोजगार मेला (मेगा पूल कैंपस ड्राइव) का आयोजन किया जाएगा। युवाओं के बीच रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक कदम है। संस्थान में समय-समय पर रोजगार मेला कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं जिसमें देश-विदेशों में काम करने वाली विभिन्न कम्पनियों के द्वारा की जा रही नियुक्तियों से रिक्त पदों को मिशन मोड में भरा जा रहा है। इस रोजगार मेले में गुजरात प्रांत के अहमदाबाद की प्रसिद्ध हेड लाइट निर्माता मल्टीनेशनल कम्पनी मारेली मदरसन लाइटिंग, विक्टोरा टूल्स इंजीनियर्स प्रालि. और एडियंट इण्डिया प्रालि. कम्पनी के प्रतिनिधि योग्य उम्मीदवारों का चयन करेंगे।

# नगर पंचायत अध्यक्ष चांदनी ने 39 नए कार्यो का उद्घाटन किया, 68 नए कार्य प्रस्तावित है



अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/ओबरा।** ओबरा नगर पंचायत अध्यक्ष चांदनी एवम सभासदगण ने गुरुवार को चिल्ड्रन पार्क में 39 नए निर्माण कार्यों का नारियल फोड़ कर उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इन कार्यों से नगरवासियों को काफी सुविधा होगी। उन्होंने बताया कि इन कार्यों में विभिन्न वार्डों में नाली निर्माण, इंटरलॉकिंग, पार्क निर्माण, सड़क निर्माण, स्ट्रीट लाइट लगाने, और अन्य योजनाएं शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इन कार्यों से नगर की सुंदरता और स्वच्छता में भी सुधार होगा। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत द्वारा नगरवासियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भी नगर के विकास के लिए और भी योजनाएं शुरू की जाएंगी। नगरवासियों से अपील है कि वे नगर पंचायत द्वारा किए जा रहे कार्यों में अपना सहयोग दें। नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए सभी नागरिकों की भागीदारी आवश्यक है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष भाजपा सतीश पाण्डेय,सुनील कुशवाहा,जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा संदीप सिंह,शिवनाथ जायसवाल सभासद प्रतिनिधि गिरिजा संकर, अनिल कुमार नीलू, संजय कनौजिया,राजू साहनी , सभासद प्रतिनिधि विपुल शुक्ला, अमित गुप्ता,राहुल श्रीवास्तव, राकेश कुमार, राकेश मिश्रा, दसरथ शुक्ला , अजीत कनौजिया, सभासद प्रतिनिधि, राकेश चंद्रवंशी, अरशद हुसैन, सभासद प्रतिनिधि विकास सिंह,कर्मचारीगण एवम नगर की सम्मानित जनता अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### रक्तदान कर दो बच्चों की जान बचाई, हो रही सराहना

**बांदा।** जिला चिकित्सालय के चिकित्सक डाक्टर अरमान उल हक ने बताया की एक बच्ची जिसकी उम्र एक वर्ष है, उसका नाम नंदनी है। उसकी जयदा हालत बिगड़ने के कारण परिजनों ने उसको जिला अस्पताल में भर्ती एडमिट किया। जब बच्ची का ब्लड चेक हुआ तो एचबी 4 प्वाइंट था, जिसमे जिला अस्पताल के चिकित्सक डा. हक ने सेवर्स आफ लाइफ के अध्यक्ष सलमान खान को सूचना दी। सूचना मिलते ही सलमान खान फौरन ही जिला अस्पताल पहुंचे और एक वष्र की बच्ची नंदनी के लिए रक्तदान किया। वहीं शहर के एक निजी अस्पताल में एक 14 महीने का आजाद नाम का बच्चा एडमिट था, उसको भी रक्त की जरूरत थी। संस्था में डिमांड देखकर संस्था के सदस्य संजय साहू ने आजाद के लिए रक्तदान किया। आज सेवर्स आफ लाइफ संस्था ने दो बच्चो को रक्तदान करके जीवन दान दिया।

# मना अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/डाला।** अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड, डाला सीमेंट वर्क्स के सीएसआर कार्यक्रमों के अंतर्गत महिलाओ को जागरूक करने ,सतत् आजिविका से जोड़ने एवं महिलाओ की समाज में भागीदारी पर जागरूकता एवं स्कूली बच्चों के साथ चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन संयंत्र प्रमुख श्री संदीप हिवारेकर के दिशा निर्देशन श्री संजीव राजपूत एफ एच एच आर के मार्गदर्शन में किया गया। सी एस आर प्रमुख रमेश पांडे ने जानकारी देते हुए बताया कि महिलाये हमारे समाज की आधार शिला है। जिन्हें विकास की ओर अग्रसर करने हेतु हम विभिन्न कार्यक्रमो के माध्यम से जागरूक एवं स्वावलंबी बनाने का कार्य कर रहे है । जिसके अंतर्गत विश्व महिला दिवस के अवसर पर स्कूली बच्चों के साथ चित्रांकन प्रतियोगिता एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के बीच जागरूकता कार्यक्रम कर उन्हें जागरूक करने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विंध्या लेडीज क्लब की अध्यक्षया प्रिया हिवारेकर एव ब्लॉक प्रमुख लीलावती गोंड रही। उनके साथ विंध्या लेडिस क्लब की कार्यकारिणी सदस्यों में पूजा पाली, मेघना खारकर की उपस्थिति मुख्य रूप से रही कार्यक्रम में सी एस आर से रोहित श्रीवास्तव स्वयं सहायता समूह की पूनम एवं अन्य कार्यकारिणी सदस्य मुख्य रूप से उपस्थित थी।

# सड़क सुरक्षा जागरूकता हेतु जनपद स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/ रेणुकूट।** हिण्डालको द्वारा संचालित आदित्य बिड़ला इण्टरमीडिएट कॉलेज, रेणुकूट में गुरूवार को माध्यमिक शिक्षा निदेशक, उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा जागरूकता हेतु जनपद स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें मेजबान विद्यालय सहित जनपद के 8 विद्यालयों के 24 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। कक्षा 9 से 12 के स्तर पर सम्पन्न होने वाली इस प्रतियोगिता में सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित भाषण, क्विज तथा पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जनपद नोडल अधिकारी एवं मेजबान विद्यालय के प्रधानाचार्य दयानन्द शुक्ल के नेतृत्व में कार्यक्रम का शुभारम्भ विजय भागवत पाटिल, उप-प्रधानाचार्य, आदित्य बिड़ला इण्टरमीडिएट कालेज, रेणुकूट व बुलबुल मिश्र, प्रधानाचार्य, राजकीय बालिका उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, झारो कला ने अन्य गणमान्य अतिथियों के साथ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया। विद्यालय की संगीत षिक्षिका ज्योति मिश्रा के निर्देषन में विद्यार्थियों ने खूबसूरत गणेश वन्दना प्रस्तुत की। शिक्षक सत्येन्द्र सिंह, शशांक शेखर तिवारी व शिक्षिका डॉ. स्मिता सिंह ने प्रतियोगिता का संयोजन संयुक्त रूप से किया। प्रतियोगिता के आरम्भ में सभी प्रतिभागियों को प्रतियोगिता व उसके नियमों से परिचित कराया गया। पोस्टर प्रतियोगिता में सन्त फ्रांसिस स्कूल, अनपरा की कक्षा 11 की छात्रा निहारिका सिंह ने प्रथम, आदित्य बिड़ला इण्टरमीडिएट कालेज, रेणुकुट के कक्षा 10 के छात्र आर्यन पठान ने द्वितीय तथा ग्रीन लैण्ड पब्लिक स्कूल, रेणूकूट के कक्षा 10 के छात्र करन गुप्ता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में आदित्य बिड़ला इण्टरमीडिएट कालेज, रेणुकूट की कक्षा 10 की छात्रा दिव्यांषी चौबे ने प्रथम, डी0सी0 लेविस मेमोरियल स्कूल, रेणुकूट के कक्षा 9 के छात्र अर्जुन अजय सिंह ने द्वितीय तथा आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल, रेणुसागर के कक्षा 10 के छात्र रूद्राक्ष सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा क्विज प्रतियोगिता में आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल, रेणुसागर के कक्षा 10 के छात्र श्रीपद बल्लभ ने प्रथम, सन्त फ्रांसिस स्कूल, अनपरा के कक्षा 11 के छात्र सुषांत सिंह ने द्वितीय तथा आदित्य बिड़ला इण्टरमीडिएट कालेज, रेणुकूट की कक्षा 11 की छात्रा श्रुति शाही ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार की धनराषि उ0 प्र0 परिवहन विभाग द्वारा उनके बैंक खाते में भेजी जाएगी। प्रतियोगिताओं के निर्णायक मंडल में श्रीमती ज्योति वर्मा, राजकीय बालिका उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, झारो कलां, अरविन्द तिवारी, आदित्य बिड़ला इण्टरमीडिएट कालेज, रेणुसागर, प्रीती मौर्या, ग्रीन लैण्ड पब्लिक स्कूल, रेणूकूट तथा आदित्य बिड़ला इण्टरमीडिएट कालेज, रेणुकूट की प्रियांशु सिंह, मीरा जायसवाल व जलज मालवीय रहे। ब्रजेश कुमार शुक्ला ने गणक की भूमिका अदा की।

# सीएमडी बी साईराम ने ग्रहण किया पदभार

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/सिंगरौली।** बुधवार को नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) के नवनियुक्त सीएमडी के रूप में बी साईराम ने अपना पदभार ग्रहण किया। बी साईराम के पास कोयला क्षेत्र में 33 वर्षों से अधिक का समृद्ध अनुभव है। अपने विस्तृत कार्यकाल के दौरान उन्होंने कोयला क्षेत्र में खदान नियोजन एवं संचालन, लॉजिस्टिक्स और नियामक जैसे क्षेत्रों में व्यापक कार्य किया है। साईराम ने देश के प्रतिष्ठित संस्थान एनआईटी रायपुर से खनन अभियांत्रिकी में स्नातक किया है। उन्होने एनटीपीसी स्कूल ऑफ बिजनेस, दिल्ली से ऊर्जा प्रबंधन में 15 महीने का पूर्णकालिक पीजीडीएम भी किया है। उन्होने सिंगापुर के नानयांग बिजनेस स्कूल में 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में भी भाग लिया है। जर्मनी और पोलैंड में जस्ट एनर्जी ट्रांजिशन के व्यापक अध्ययन के लिए बनी प्रतिनिधि मंडल में हिस्सा लेना, बी साईराम की दीर्घकालिक विकास के प्रति प्रतिबद्धता का द्योतक है। एनसीएल के सीएमडी के रूप में नियुक्ति से पहले, वह रांची स्थित सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड में निदेशक (तकनीकी) के रूप में कार्यरत थे और उन्होंने टोरी-शिवपुर लाइन के ट्रिपलिंग, सीसीएल की विभिन्न परियोजनाओं से जुड़ी वन और पर्यावरण मंजूरी, परियोजना विस्तार, और नॉर्थ उरीमारी सीएचपी-साइलो सहित फर्स्ट माइल कनेक्टिविटी परियोजनाओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। साथ ही सीसीएल में बतौर निदेशक (तकनीकी) अपने कार्यकाल के दौरान श्री बी साईराम ने ग्रीनफ़ील्ड और ब्राउनफील्ड परियोजनों को मूर्त रूप दिया है। सीसीएल में निदेशक (तकनीकी) के रूप में जुड़ने से पहले साईराम ने कोल इंडिया मुख्यालय में कार्यकारी निदेशक (सामुदायिक विकास) के रूप में सामुदायिक विकास योजनाओं को नया आयाम दिया।

# क्वालकॉम का सेमीकंडक्टर डिजाइन सेंटर चेन्नई में शुरू

**पीएम मोदी का दृष्टिकोण देश में सेमी-कंडक्टर की पूरी सीरीज बनाना है: अश्विनी वैष्णव**

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** केंद्रीय संचार और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दृष्टिकोण भारत में सेमी-कंडक्टर एक संपूर्ण मूल्य श्रृंखला बनाना है। वैष्णव ने चेन्नई में क्वॉलकॉम के नए डिजाइन केंद्र का उद्घाटन करने के बाद संवाददाताओं से बात करते हुए कहा, हमारे सेमी-कंडक्टर मिशन के हिस्से के रूप में, पीएम नरेंद्र मोदी का दृष्टिकोण भारत में सेमी-कंडक्टर की एक संपूर्ण मूल्य श्रृंखला बनाना है, जो डिजाइन, निर्माण और एटीएमपी (असेंबली, परीक्षण, मार्किंग और पैकेजिंग) से शुरू होगी। नीचे प्रतिभा का ध्रुव है। उसके नीचे संपूर्ण गैसें, रसायन और पारिस्थितिकी तंत्र हैं और उसके नीचे सेमीकंडक्टर उपकरण के लिए परत है। उन्होंने कहा कि अब भारत के पास सेमी-कंडक्टर में डिजाइन, निर्माण और एटीएमपी क्षमताएं हैं। वैष्णव ने कहा, पूरे देश में फैले 104 विश्वविद्यालयों के साथ हमारा एक कार्यक्रम है जहां दुनिया के नवीनतम डिजाइन उपकरण छात्रों को सीखने और नए विचारों को आजमाने के लिए प्रयोग करने के लिए उपलब्ध हैं और इसने वास्तव में बहुत अच्छी प्रगति की है। आपको बता दें कि पीएम मोदी ने बुधवार यानी 13 मार्च को ही तीन नए चिप संयंत्रों की आधारशिला रखी जिनमें दो गुजरात में और एक असम में हैं। इन तीन प्लांट में से दो टाटा ग्रुप लगा रहा है। पीएम मोदी ने लगभग 1.25 लाख करोड़ रुपये के इन तीन सेमीकंडक्टर सुविधाओं के लिए इंडियाज टेकेड चिप्स फॉर विकसित भारत कार्यक्रम में भाग लिया था। पिछले महीने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारत में सेमीकंडक्टर्स और डिस्प्ले मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम के विकास के तहत तीन और सेमीकंडक्टर इकाइयों की स्थापना को मंजूरी दी थी। तीनों इकाइयां अगले 100 दिनों के भीतर निर्माण शुरू कर देंगी। भारत में सेमीकंडक्टर्स और डिस्प्ले मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम के विकास के लिए कार्यक्रम 21 दिसंबर, 2021 को अधिसूचित किया गया था।

## मोदी की गारंटी पर है जनता को विश्वास: राजेश्वर सिंह

**लखनऊ।** चारों तरफ से होती फूलों की बारिश के बीच, लाखों लोगों का अभिवादन करते हुए, सैकड़ों गाड़ियों के काफिले के साथ जब सरोजनीनगर में 105 किमी लंबी जन आशीर्वाद यात्रा निकली तो अबकी बार 400 पार, फिर एक बार मोदी सरकार के नारे की गूंज दूर तक सुनाई दे रही थी। राजेश्वर सिंह ने कहा कि जन आशीर्वाद यात्रा के समर्थन में उमड़ा ये अपार जनसमूह परम आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विकसित भारत बनाने की गारंटी पर लोगों के विश्वास का प्रतीक है। डॉ राजेश्वर सिंह ने कहा कि सरोजनीनगर में शुरू से अंत तक जिस तरह लोगों का जोश और प्यार मिला उसने इस जन आशीर्वाद यात्रा को भव्य और ऐतिहासिक बना दिया।



अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री दानिश आज़ाद अंसारी ने मंत्री ओमप्रकाश राजभर से मिलकर उन्हें अल्पसंख्यक कल्याण विभाग का कैबिनेट मंत्री के रूप में कार्यभार ग्रहण करने की मुबारकबाद पेश की।

# 4500 आंगनवाड़ी सहायिकाएं अब केंद्र पर बच्चों के लिए बड़ी भूमिका के लिए तैयार



**आंगनवाड़ी कार्यकत्री की गैरमौजूदगी में सहायिका बच्चों की पढ़ाई जारी रखेंगी**

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** वर्षो से बच्चों को आंगनवाड़ी केंद्र तक लाने एवं उनकी साफ सफाई का ध्यान रखने वाली आंगनवाड़ी सहायिका भी अब बड़ी भूमिका निभाने को तैयार हो रही हैं।

महिला एवं बाल कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश एवं यूनिसेफ की एक संयुक्त पहल के अंतर्गत प्रदेश के देवीपाटन मण्डल के चार जिलों– गोंडा, बहराइच, बलरामपुर एवं श्रावस्ती में 4500 आंगनवाड़ी सहायिकाओं का प्रशिक्षण किया गया है और उन्हें शाला पूर्व शिक्षण के लिए तैयार किया गया है। प्रशिक्षण के अंतर्गत उन्हें बच्चों को अक्षर पहचान कराना, कविता सिखाना, रोचक ढंग से कहानी सुनाना, खेल खेल में गिनती एवं संख्या का ज्ञान देना आदि शामिल हैं। आंगनवाड़ी सहायिका को मिट्टी के खिलौने बनाना एवं तरह तरह के शैक्षणिक खेल आदि का भी कौशल प्रशिक्षण में सिखाया गया है। आंगनवाड़ी कार्यकत्री की गैरमौजूदगी में आंगनवाड़ी सहायिका बच्चों की पढ़ाई जारी रख सके, इसके लिए एक हस्तपुस्तिका बनाई गई है जिसमें चित्रों के साथ कविताओं एवं कहानियों का संग्रह तैयार किया गया है। इस पुस्तिका की सहायता से आंगनवाड़ी सहायिका बच्चों को पढ़ा सकती है। प्रदेश के बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की निदेशक, सरनीत कौर ब्रोका ने कहा, आंगनवाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिका, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की नीव हैं। आंगनवाड़ी सहायिका का प्रशिक्षण शाला पूर्व शिक्षा की गुणवत्ता सुनिश्चित करने में सहायक होगा। यूनिसेफ के शिक्षा विशेषज्ञ श्री ऋत्विक पात्रा ने कहा, आंगनवाड़ी सहायिका समुदाय एवं आंगनवाड़ी केंद्र के बीच की एक महत्वपूर्ण कड़ी हैं।

# मुख्यमंत्री ने स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, गोण्डा का किया लोकार्पण



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज जनपद गोण्डा में स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, गोण्डा का लोकार्पण किया। उन्होंने मेडिकल कॉलेज का नामकरण महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी महाराजा देवी बक्श सिंह के नाम पर किए जाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज में महाराजा देवी बक्श सिंह की प्रतिमा स्थापित की जाएगी तथा स्वतंत्रता संग्राम में महाराजा देवी बक्श सिंह का योगदान भी उल्लिखित किया जाएगा। इससे आने वाली पीढ़ी को उनके इतिहास से प्रेरणा मिलेगी। मुख्यमंत्री इस अवसर पर गोण्डा के शहीद-ए-आजम भगत सिंह थामसन इण्टर कॉलेज परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम में जनपद के विकास से सम्बन्धित 1,689 करोड़ रुपये की 422 परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करने के उपरान्त अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, प्रतीकात्मक चाभी, चेक वितरित किये। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें अयोध्या में प्रभु श्रीराम के विराजमान होने के बाद आज गोण्डा में पहली बार आने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है।

# मण्डलायुक्त ने अकबरनगर में एलडीए के शिविर का किया निरीक्षण

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** मण्डलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने गुरुवार को अकबरनगर में लखनऊ विकास प्राधिकरण के शिविर का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप अकबरनगर में अत्यंत गरीब और अंत्योदय कार्ड धारकों को निशुल्क प्रधानमंत्री आवास दिया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को शिविर में कर्मचारियों की संख्या में वृद्धि करते हुए विस्थापित लोगों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के आवंटन में तेजी लाने का निर्देश दिया। गुरुवार को शिविर में 48 विस्थापितों ने प्रधानमंत्री आवास के लिए पंजीकरण कराया और बड़ी संख्या में अन्य विस्थापितों ने आवंटन के बारे में जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान मण्डलायुक्त ने अकबरनगर प्रथम और द्वितीय के निवासियों को उच्च न्यायालय के आदेश और लविप्रा बोर्ड के फैसले के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत भवन के लिए अकबरनगर प्रथम और द्वितीय में संचालित शिविर में 1000 रुपये में पंजीकरण कराया जा सकता है। भवन 10 सालों की किस्तों पर आवंटित होगा और जो लोग 10 सालों में किस्तें अदा करने में सक्षम नहीं हैं उनकी किस्तें 15 साल की जा सकती हैं। इसके अलावा जो लोग झुग्गी-झोपड़ी, अर्द्ध कच्चे, टीनशेड, खपरैल, टट्टर-पन्नी आदि में रह रहे हैं और उनके पास मोटरसाइकिल या उससे उच्च स्तर के वाहन नहीं हैं और अधिकतम आय सीमा 1.5 लाख रुपये है या अंत्योदय कार्ड धारक हैं, उन्हें एक हजार रुपये पंजीकरण शुल्क जमा निशुल्क आवास 30-30 साल के लिए लीज पर आवंटित किया जाएगा।

## एलडीए ने की ध्वस्तीकरण की कार्रवाई

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने गुरुवार को सरोजीनगर में अवैध प्लाटिंग के खिलाफ ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की। लविप्रा प्रवर्तन जोन-3 की टीम ने यह कार्रवाई की। प्रवर्तन जोन-3 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि अतुल यादव व अन्य की ओर से सरोजनीनगर के अमौसी में पानी की टंकी के पास लगभग 5 बीघा क्षेत्रफल में प्लाटिंग करते हुए कॉलोनी विकसित की जा रही थी। प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत कराए बिना की जा रही अवैध प्लाटिंग के खिलाफ विहित न्यायालय ने ध्वस्तीकरण के आदेश दिये थे। विहित न्यायालय के आदेश पर गुरुवार को सहायक अभियंता अनिल कुमार के नेतृत्व में अवर अभियंता संजय शुक्ला ने ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करायी। इस दौरान स्थल पर विकसित की गयी सड़कें, नालियां, बाउण्ड्रीवॉल आदि को पूरी तरह ध्वस्त किया गया।

## कमर अली ने मंत्री ओम प्रकाश राजभर से की मुलाकात

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद के सदस्य कमर अली ने गुरुवार को अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ, हज एवं पंचायती राज विभाग के नये मंत्री ओम प्रकाश राजभर से उनके कार्यालय में मुलाकात की। मुलाकात के दौरान कमर अली ने मदरसों में शिक्षा को लेकर किये जा रहे कामों पर चर्चा की। इसी के साथ उन्होंने अल्पसंख्यकों की समस्याओं पर भी मंत्री से चर्चा की।

## आल इंडिया मुस्लिम मजलिस ने की पांच सीटों के उम्मीदवारों की घोषणा

**लखनऊ।** आल इंडिया मुस्लिम मजलिस ने गुरुवार को लोकसभा चुनाव के लिए पांच सीटों पर उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की। तौफीक जाफरी की अध्यक्षता में पार्टी के संसदीय बोर्ड की बैठक में पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष वसी अहमद एडवोकेट को बरेली की आंवला, रईस अहमद एडवोकेट को लखनऊ, संसदीय बोर्ड के सदस्य ग्यास अहमद शेरवानी को फतेहपुर सदर, मण्डल कमाल अख्तर एडवोकेट गोण्डा सदर और मेराज अहमद अंसारी अम्बेडकर नगर से पार्टी से उम्मीदवार होंगे। बैठक में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद नदीम सिद्दीकी एडवोकेट, ग्यास अहमद शेरवानी, कार्यकारी अध्यक्ष वसी अहमद, प्रदेश महासचिव मोहम्मद इरफान कादरी, राष्टीय सचिव डॉ. अफसर मंसूरी, बोर्ड सदस्य जमीरुद्दीन, आरिफ निहाल सहित अन्य पदाधिकारी शामिल थे।

# अवधी लोक परम्परा की सतरंगी छठा बिखरे




अवधनामा ब्यूरो

**कलाकारों के सम्मान के साथ सम्पन्न हुआ अवध लोकोत्सव**

**लखनऊ।** दो दिवसीय अवध लोकोत्सव का समापन दिनांक 14 मार्च 2024 को अन्तर्राष्ट्रीय बौद्धसंस्थान गोमती नगर में अवध के रंगों से सजी गीत, नृत्य, संगीत की धुन एवं सम्मान समारोह के साथ भारतोदय संस्था द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नानक चंद्र लखमानी द्वारा अवध प्रांत के विभिन्न विधा के कलाकारों का सम्मान किया गया। काव्य विधा से कमलेश मौर्य मृदु, अभिनय से चंद्रभूषण सिंह, चित्रकला अमित कुमार, नृत्य आरती शुक्ला, संगीत रंजना मिश्रा, लोक कला शिवपूजन शुक्ला को पदम्श्री बाबा योगेन्द्र स्मृति कला गौरवसुम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दूसरे चरण में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति हुई जिसमें रंजना मिश्रा का अवधी संस्कार गीत, शिवपूजन शुक्ला भजन गायन, शिप्रा चंद्र नृत्य एवं गायन और विजय यादव का फरवाही नृत्य मुख्य रहा। कार्यक्रम का संचालन डॉ अनुपमा श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम में संस्था सचिव गिरीश चंद्र मिश्र, उपाध्यक्ष शिव सिंह, अविनाश कुमार, उत्कर्ष दीक्षित सहित साहित्य व संस्कृति की अनेक गणमान्य विभूतियां उपस्थिति रही।

# रमज़ान पर किये गये सवालों के जवाब

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया की ओर से दारुल उलूम निजामिया फरंगी महल में मंगलवार से रमजान हेल्पलाइन पर सवालों के जवाब इमाम ईदगाह मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली की अध्यक्षता में उलमा के पैनल ने दिये। सवाल पूछने के लिए मोबाइल नम्बर 9335929670, 9415102947, 7007705774 और 9140427677 के साथ ही ई-मेल ramzanhelplinew@gmail.com और वेबसाइट www.farangimahal.in पर सम्पर्क किया जा सकता है।

**सवाल:** क्या रोजे की हालत में दांत उखड़वाया जा सकता है?

**जवाब:** जी हां, उखड़वा सकते हैं अगर हलक में दवा और खून जाने का खतरा न हो तो।

**सवाल:** क्या जोर से हंसने से वजू टूट जाता है?

**जवाब:** जोर से हंसने (कहकहा) लगाने से सिर्फ नमाज की हालत में वजू टूटता है, इसके अलावा नहीं।

**सवाल:** क्या नाबालिग लड़का तरावीह की नमाज की इमामत कर सकता है?

**जवाब:** नहीं, इमामत के लिए बालिग होना शर्त है।



**सवाल:** मस्जिद से कुरान या पारा आदि अपने साथ ले जाना शरई तौर पर कैसा है?

**जवाब:** जायज नहीं है, इसे दोबारा मस्जिद में रखें या दूसरा रखें।

**सवाल:** इफ्तार किस चीज से करना बेहतर है?

**जवाब:** इफ्तार खजूर से करना बेहतर है, अगर खजूर न हो तो किसी भी चीज से इफ्तार किया जा सकता है।

इसी तरह इदारए शरैय्या फिरंगी महल की हेल्पलाइन पर मौलाना अबुल इरफान फिरंगी महली की अध्यक्षता में उलमा, हकीम व चिकित्सकों ने लोगों के सवालों के जवाब दिये। सवाल पूछने के लिए मोबाइल नम्बर 9807404508 और 99181 17798 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

**सवाल:** क्या एक मस्जिद में ऊपर-नीचे अलग-अलग इमाम तरावीह की नमाज अदा करा सकते हैं? जवाब: मस्जिद में एक साथ दो तरावीह नहीं हो सकती।

**सवाल:** क्या तरावीह घर में पढ़ी जा सकती है?

**जवाब:** तरावीह की तिलावत घर में की जा सकती है।

सवाल: क्या गंभीर बीमारी का मरीज रोजा रखेगा?

**जवाब:** शरीयत के मुताबिक गंभीर बीमारी के मरीज को रोजा नहीं रखना चाहिए, गरीब को दिन में दो बार खाना या फिदया या उसकी कीमत अदा करे और सेहतमंद होने पर कजा रोजे रखे।

## मौलाना सैफ अब्बास नकवी के नेतृत्व में उलमा के पैनल ने दिये जवाब

कार्यालय आयतुल्लाह सादिक हुसैनी शीराजी की ओर से हेल्पलाइन सवालों के जवाब मौलाना सैफ अब्बास नकवी के नेतृत्व में उलमा के पैनल ने दिये। हेल्पलाइन पर सवाल मोबाइल नम्बर 9415580936, 9839097407 पर सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक या ई-मेल masael@gmail.com पर पूछे जा सकते हैं। महिलाओं के सवालों के लिए मोबाइल नम्बर 6386897124 पर सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं।

**सवाल:** क्या रोजे की हालत में मय्यत को छू लेने से गुस्ल वाजिब होता है और रोजा टूट जाएगा?

**जवाब:** मुर्दे को छूने से रोजा नहीं टूटेगा।

**सवाल:** अगर किसी पर गुस्ले मसे मय्यत वाजिब है तो क्या सुबह होने से पहले गुस्ल के बिना रोजा रख सकता है?

**जवाब:** रोजा रखा जा सकता है।

**सवाल:** क्या उधार दी गयी रकम को खुम्स निकालते वक्त खुम्स में शामिल किया जा सकता है?

**जवाब:** उधार दी गयी रकम की गणना खुम्स में की जा सकती है।

**सवाल:** क्या रोजे के दौरान च्वूइंगम चबाने से रोजा टूट जाएगा?

**जवाब:** जी हां, रोजा टूट जाएगा।

**सवाल:** रोजे के तीन कफ्फारे क्या हैं?

**जवाब:** किसी गुलाम को आजाद करना या साठ रोजे रखना जिसमें 31 लगातार हों या 60 गरीबों को खाना खिलाना।

## कुरान का पैगाम है एक-दूसरे को माफ करके इंसानी दोस्ती का सबूत पेश करें: मौलाना अर्शी

**लखनऊ।** माहे रमजान की इबादत के साथ महदवी समाज के तत्वावधान में शहर के 13 जगहों पर कुरान की अहम सूरहों की रोशनी में इंसान और इंसानियत के संदेश पेश किए गए। मरकज द्वारा आयोजित होने वाले क्लासेस में मौजूदा हालात की परेशानियों को मद्देनजर रखते हुए कुरानी हल पेश करने की कोशिश की जा रही है। इमामबाडा नाजिम साहब बजाजा में मौलाना अरशद हुसैन अर्शी ने बताया कि पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब को फतेह मक्का के मौके पर एक बड़ी कामयाबी मिली। मक्का के लोग डरे और खौफजदा थे कि कहीं रसूल (स) आज हमसे बदला न ले लें, लेकिन रसूल (स) ने मक्का पहुंचते ही आम माफी की घोषणा कर दी। मौलाना ने कहा कि आज कुरान हमें पैगाम दे रहा है कि हम इंतकाम की आग में न झुलसे बल्कि एक-दूसरे को माफ करके अपनी इंसानी दोस्ती का सबूत पेश करें। आखिर में कौम और मुल्क की खुशहाली व तरक्की के दुआओं के साथ वक्त के इमाम को सलाम पेश किया गया। आज शहर के कर्बला दियानुतदौला, इमामबाड़ा मीरन साहब, फातिमिया सेंटर, नायाब पैलेस, छोटा इमामबाड़ा, रौजा जनाबे मुस्लिम रईस मंजिल, बारगाह हजरत सकीना दरगाह रोड, इमाम महदी हॉल रोजाए इमाम अली सरफराजगंज, इमामबाड़ा अबू तालिब हसन पुरिया व फिरोजी मस्जिद, अंगूरी बाग क्लासेस में विभिन्न उलमा ने तकरीर की।

# मंत्री आशीष पटेल एवं कपिल देव अग्रवाल की उपस्थिति में 10 एमओयू हस्ताक्षरित

अवधनामा ब्यूरो



**878 करोड़ रूपये के एमओयू से 17 लाख से अधिक युवाओं को मिलेगा कौशल प्रशिक्षण**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व व प्रभावी मार्गदर्शन में प्रदेश के सर्वागींण विकास मे तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा व कौशल विकास महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। वर्तमान परिदृष्य में नित्य प्रति हो रहे प्रोद्योगिकी प्रगति एवं औद्योगिक आवश्यकताओ की पूर्ति हेतु न्यू एज कोर्सेज के ज्ञान से परिपूर्ण कुशल तथा प्रशिक्षित युवा शक्ति को रोजगारपरक व आत्मनिर्भर बनाये जाने के उद्देश्य से प्राविधिक शिक्षा तथा उपभोक्ता मामले मंत्री आशीष पटेल तथा व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल की उपस्थिति में प्रदेश सरकार, प्राविधिक विश्वविद्यालयो व निजी क्षेत्र के संस्थाओ के मध्य पारस्परिक सहयोग की भावना के साथ 10 समझौता ज्ञापन (एमओयू) हस्ताक्षरित हुये।

प्रदेश के प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व मे युवाओं के स्कील डेवलपमेंट पर फोकस किया जा रहा है। देश-विदेश में उत्तर प्रदेश के मैनपावर पर भरोसा जताया जा रहा है। प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में उत्तर प्रदेश महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश को विकसित प्रदेश बनाया जा रहा है। उन्होंने एमओयू करने आये कम्पनियों के अधिकारियों को भरोसा दिलाया कि उत्तर प्रदेश सरकार पूरी तरह उनका सहयोग करेगी।

प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में युवाओं को हुनरमंद बनाकर उन्हे रोजगार व स्वरोजगार से जोड़ा जा रहा है। प्रधानमंत्री के देश को तीसरी अर्थव्यवस्था तक ले जाने तथा प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 1 ट्रिलियन डालर तक ले जाने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

